# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 21 नवंबर 2025


## महाराष्ट्र के सांगली में फेरे लेंगे पलाश-मंधाना

### मुंबई में रिसेप्शन, कई दिग्गज होंगे शामिल



**इंदौर।** महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना और पलाश मुछाल महाराष्ट्र के सांगली गांव में सात फेरे लेंगे। 23 नवंबर को दोनों विवाह सूत्र में बंधेंगे। इस हाईप्रोफाइल शादी के आमंत्रण कार्ड इंदौर में मुछाल परिवार के रिश्तेदारों व मेहमानों को भी बंटे हैं। शादी और उसके ▸▸ शेष पेज 4 पर




पीएम मोदी ने गमछा लहराकर उत्साहवर्धन किया

◀ बिहार में सीएम नीतीश समेत 27 मंत्रियों ने ली शपथ, पीएम मोदी अमित शाह-नायडू और मप्र के सीएम डॉ. यादव भी रहे मौजूद

# 10वीं बार मुख्यमंत्री बने नीतीश सम्राट व सिन्हा 'डिप्टी सीएम' बने



एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद अब सूबे में नई सरकार का गठन हो गया। पटना के गांधी मैदान में आयोजित समारोह में नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। सीएम नीतीश ने 10वीं बार शपथग्रहण कर नया इतिहास रच दिया है। नीतीश के साथ ही नई सरकार के 26 मंत्रियों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली।

भाजपा के कोटे से सरकार में सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा दो डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। नीतीश मंत्रिमंडल में शपथ लेने वाले मंत्रियों में मंगल पाण्डेय, अशोक चौधरी, लेशी सिंह, श्रेयसी सिंह, रमा निषाद, मदन सहनी भी शामिल हैं। नीतीश कुमार के शपथग्रहण में मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ एनडीए की सरकार वाले राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद थे।

### भाजपा के 14 और जदयू के 8 मंत्री शामिल

### नए मंत्रियों में 1 मुस्लिम, 3 महिलाएं और 3 नए विधायक भी शामिल

**किस पार्टी से कितने मंत्री?**

- भाजपा :14
- जेडीयू : 8
- लोजपा-आर : 2
- हम और रालोमो:1-1



सीएम डॉ. यादव पीएम मोदी का अभिवादन करते हुए

### पीएम ने फिर अपना गमछा लहराया

शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनोखा अंदाज देखने को मिला। सबसे पहले वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हाथ थामकर मंच के आगे की ओर बढ़े। इसके बाद पीएम मोदी ने पांच बार झुककर जनता का अभिवादन किया। फिर जनता की ओर मुड़कर अपना गमछा लहराया। बदले में गांधी मैदान में मौजूद लोगों ने ▸▸ शेष पेज 4 पर

### ये भी मंत्री

रालोमो कोटे के दीपक प्रकाश किसी सदन के सदस्य नहीं हैं। उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को विधान परिषद में लाया जाएगा। जीतनराम मांझी ने अपने बेटे संतोष सुमन को हम कोटे से दोबारा मंत्री बनवाया है। चिराग पासवान ने महुआ से मुकेश रौशन व तेज प्रताप यादव को हराने वाले संजय कुमार सिंह व बखरी से सीपीआई को हराकर आए संजय पासवान को मंत्री बनवाया है।

### समारोह में ये दिग्गज हुए शामिल

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। मंच पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा सांसद मनोज तिवारी और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह दिखाई दिए। यहां ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 11 भी

**शहीद आशीष शर्मा का पार्थिव शरीर देख फूट-फूटकर रोया पुलिस महकमा**

## शहीद पंचतत्व में विलीन, सीएम ने दिया कंधा छोटे भाई को 'सब इंस्पेक्टर' बनाने का ऐलान



शहीद को कंधा देकर विदाई देते सीएम

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा-परिवार को 1 करोड़ रुपए की सम्मान निधि देंगे



शहीद को भावुक विदाई दी गई

**नरसिंहपुर।** बालाघाट में नक्सली मुठभेड़ में शहीद होने वाले इंस्पेक्टर आशीष शर्मा का गुरुवार को उनके गृहग्राम बोहानी (नरसिंहपुर) में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। मुख्यमंत्री ▸▸ शेष पेज 4 पर

### अल फलाह यूनिवर्सिटी चेयरमैन के घर पर चलेगा बुलडोजर!

दिल्ली ब्लास्ट का मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी अल फलाह यूनिवर्सिटी के जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर था

## महू कैंट बोर्ड का नोटिस...तीन दिन में खुद हटाओ नहीं तो तोड़ने का खर्च भी वसूलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

महू कैंटोनमेंट बोर्ड ने अल फलाह ग्रुप के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी के घर को तोड़ने का नोटिस जारी हो गया है। कैंटोनमेंट बोर्ड कहा है कि अगर तीन दिनों के अंदर खुद घर नहीं हटाया तो स्ट्रक्चर को गिरा दिया जाएगा।

कैंटोनमेंट इंजीनियर एचएस कलोया ने कहा कि हमने मरहूम मौलाना हम्माद के घर को एक नोटिस जारी किया है, जो जवाद अहमद सिद्दीकी के पिता हैं। नोटिस के अनुसार डिपार्टमेंट ने पहले भी 1996 और 1997 में कैंटोनमेंट्स एक्ट 1924 की संबंधित धाराओं के तहत बिना इजाजत कंस्ट्रक्शन को हटाने का निर्देश देते हुए कई कम्युनिकेशन जारी किए थे। कलोया ने कहा कि लेकिन बार-बार नोटिस ▸▸ शेष पेज 4 पर



इस मकान को ढहाया जाना है

### कई आतंकियों का यूनिवर्सिटी से संबंध

दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े कई आतंकियों का यूनिवर्सिटी से संबंध था, जिससे जांच करने वालों को इंस्टीट्यूशनल रिकॉर्ड, फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन और एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल की जांच करने के लिए कहा गया। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी 10 नवंबर को दिल्ली में हुए ब्लास्ट केस में जांच का केंद्र बन रही है। दिल्ली ब्लास्ट में 15 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी




भोपाल में 350 से अधिक विवाह की संभावना

# आज से फिर गूंजेंगी शहनाइयां, राजधानी सहित भोपाल में नवंबर व दिसंबर में सिर्फ 11 शुभ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



देवउठनी ग्यारस के साथ ही शुभ काम शुरू हो गए थे। लेकिन शादी-विवाह लेकिन शुभ मुहुर्त नहीं होने से अभी तक शहनाइयों की गूंज सुनाई नहीं दे रही है। इस सीजन में शादी की शुभ तिथियां 21 नवंबर यानी शुक्रवार से शुरू हो रही है। इस साल यानी नवंबर व दिसंबर में विवाह के लिए सिर्फ7 मुहुर्त है। पंडितों व कैटरिंग वालों के अनुसार भोपाल जिले में करीब 350 से अधिक विवाह होने की संभवाना है। चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे गुरुजी ने बताया कि देवउठनी ग्यारस के साथ ही मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो गए थे। लेकिन शादियों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं होने से अभी तक विवाह नहीं हो रहे थे। अब 21 नवंबर को पहला विवाह मुहुर्त शुरू हो रहा है।

### साल 2026 में यह रहेगा विवाह के लिए मुहूर्त

**जनवरी :** खरमास व गुरु शुक्र तारा अस्त होने के चलते जनवरी में विवाह में नहीं हो सकेंगे

**फरवरी:** 4,5,6,7,8,10,11,12,13,14,15,19,20,21,24,25,26 यानी फरवरी में 17 दिन तक विवाह के लिए विशेष मुहूर्त रहेगे।

**मार्च :** 4,5,6,7,8, 9, 10,11,12,13,14 यानी 11 दिन विवाह के शुभ मुहुर्त रहेंगे।

### 15 दिसंबर से 4 फरवरी तक नहीं हो सकेंगे विवाह

15 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास होने की वजह से विवाह नहीं हो सकेंगे। विवाह मुहूर्त 15 दिसंबर से 4 फरवरी तक भी नहीं होंगे। शुक्र ग्रह के उदित होने के बाद 5 फरवरी से मुहूर्त की शुरुआत होगी।

# धूमधाम से मना सत्य साईं बाबा का जन्म शताब्दी वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी श्री सत्य साईं संगठन की ओर से बाबा का जन्म शताब्दी वर्ष धूमधाम से मनाया जा रहा है। सत्य साईं सेवा संगठन जिला अध्यक्ष सजल श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार को भजन कीर्तन हुए। जन्मशती सप्ताह के चौथे दिन सुबह ॐ कारम एवं नगर संकीर्तन प्रियंका नगर कोलार रोड से निकला गया। इसमें साईं भक्तों ने 21 बार ओमकार मंत्र का जप किया गया। इसके बाद साईं महिला एवं पुरुष द्वारा पूरी बस्ती में सत्य साईं के मधुर भजनों को गाया गया। तो शाम को प्रसिध्द साईं भजन गायिका सरगम बहल एवं उनकी टीम द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का समापन भगवान बाबा की महामंगल आरती के साथ हुआ।


सांई भक्तों ने किया ओमकार का जाप।


सांई बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष में आयोजित कार्यक्रम की झलक।

## खबर संक्षेप

### आईआरसीटीसी का डैजलिंग दुबई टूर पैकेज, शुरुआती किराया 88,900

**भोपाल।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने नई अंतरराष्ट्रीय यात्रा सीरीज के तहत डैजलिंग दुबई टूर पैकेज की घोषणा की है। यह 4 रात और 5 दिन का यह विशेष पैकेज 22 जनवरी 2026 से रवाना होगा। इसके तहत आईआरसीटीसी भोपाल, इंदौर, मुंबई, अहमदाबाद, दिल्ली, जयपुर, हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु सहित देश के नौ बड़े शहरों के 150 से अधिक यात्रियों को दुबई और अबू धाबी की किफायती और प्रीमियम स्तर का यात्रा कराई जाएगी। ईआरसीटीसी के ग्रुप जनरल मैनेजर गौरव झा ने बताया कि यह पैकेज 88,900 की प्रारंभिक किराए पर उपलब्ध कराया गया है। उनके अनुसार, उद्देश्य यात्रियों को उत्कृष्ट मूल्य, सांस्कृतिक विविधता से भरपूर और सुरक्षित अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रदान करना है। सरकारी अपडेट और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए यह पैकेज खासतौर पर भारतीय पर्यटकों के लिए तैयार किया गया है।

### भारतीय डाक विभाग की प्रदर्शनी आज, 325 फ्रेम रहेंगे आकर्षण का केंद्र

**भोपाल।** भारतीय डाक विभाग द्वारा 14 वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी 'मेपेक्स 2025' का शुभारंभ 21 नवंबर से सुभाष यादव भवन, समन्वय भवन, न्यू मार्केट में होगा। तीन दिवसीय यह प्रदर्शनी 23 नवंबर तक चलेगी, जो फिलाटेली प्रेमियों, स्टूडेंटस और आम नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। प्रदर्शनी रोज सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक निशुल्क खुली रहेगी। सांसद आलोक शर्मा प्रदर्शनी का शुभारंभ करेगे। वहीं 23 नवंबर को समापन समारोह में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग शामिल होंगे। कार्यक्रमों की अध्यक्षता मुख्य पोस्टमास्टर जनरल विनीत माथुर करेंगे। प्रदर्शनी का मुख्य विषय 'भारत की विज्ञान यात्रा एवं आत्मनिर्भर भारत' रखा गया है, जिसमें युवाओं को विज्ञान और नवाचार को समझने का मौका मिलेगा। प्रदर्शनी में 170 डाक टिकट संग्राहकों ने तैयार किए हैं। इसमें 325 फ्रेम प्रदर्शित किए गए हैं, जिनमें विज्ञान, भारतीय सेना, स्वतंत्रता संग्राम, अंतरिक्ष यात्रा, महात्मा गांधी, रामायण, भारत रत्न, स्वच्छ भारत, मप्र टूरिज्म, भारतीय रेल सहित कई विषयों पर दुर्लभ डाक टिकट व विशेष कवर शामिल हैं। प्रदर्शनी के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन उमंग गौरवदीप वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा समूह गान और इंदौर के फिलाटेलिस्ट ओ.पी. केडिया की पुस्तक का विमोचन होगा।

## कोचिंग संस्थानों का पंजीयन और अधिकारियों की नियुक्ति भी जरूरी

# छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के मद्देनजर उच्च शिक्षा विभाग ने बनाई टास्क फोर्स

◆ तनाव प्रबंध के लिए विभाग ने शुरू किए प्रयास, राज्य ने सुप्रीम कोर्ट और एनटीएफ के निर्देशों के बाद एसटीएफ को कर दिया है पूर्णत सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर देशभर में बढ़ रही चिंता के बीच मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग ने इस दिशा में ठोस और व्यापक कदम उठाने की शुरुआत कर दी है। राज्य ने सुप्रीम कोर्ट और नेशनल टास्क फोर्स (एनटीएफ) के निर्देशों के बाद स्टेट टास्क फोर्स को पूर्णतः सक्रिय कर दिया है, जो अब पूरे राज्य में विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी उपायों की निगरानी और सुधार की रूपरेखा तय कर रही है। एनटीएफ द्वारा आयुक्त, उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा को राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार यह पहल केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राज्य के विद्यार्थियों के लिए एक सुरक्षित, सहयोगी और दबावमुक्त शैक्षणिक माहौल तैयार करने की दिशा में सबसे बड़ा प्रशासनिक प्रयास है।


प्रतीकात्मक चित्र

### मानसिक स्वास्थ्य सुधार की कमान

*एनटीएफ के निर्देशों के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने एक स्टेट टास्क फोर्स (एसटीएफ) का गठन किया है। यह राज्य में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, परामर्श सेवाओं और रोकथाम उपायों पर केंद्रित नीतिगत हस्तक्षेपों के लिए योजना एवं निर्देश जारी कर रही है। एसटीएफ के अध्यक्ष आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा हैं। ओएसडी डॉ. उषा के. नायर को इसका सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। एसटीएफ में स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, बाल सुरक्षा, सामाजिक न्याय तथा नगरीय प्रशासन विभागों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। यह एक बहु-विभागीय तंत्र है जो विद्यार्थियों की चुनौतियों को व्यापक दृष्टि से देखेगा।*

#### स्टेट टास्क फोर्स क्या करेगी?

राज्य में मानसिक स्वास्थ्य और परामर्श से जुड़े उपायों की निगरानी, एनटीएफ के निर्देशों के अनुपालन का मूल्यांकन, कोचिंग व कॉलेज परिसरों का मानसिक स्वास्थ्य ऑडिट, हेल्पलाइन, काउंसलिंग, मनोसामाजिक समर्थन की व्यवस्था को मजबूत करना, जिला स्तरीय डीटीएफ को दिशा देना और उनकी रिपोर्ट की समीक्षा, आत्महत्या रोकथाम से जुड़े जोखिम कारकों की पहचान और सुधार को बढ़ावा, राज्य सरकार को नियमित सिफारिशें और नीतिगत सुझाव देना है।

#### डीटीएफ से जमीनी निगरानी

*राज्य स्तर के प्रयास प्रभावी रूप से जिलों तक पहुंचें, इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने हर जिले में जिला स्तरीय टास्क फोर्स (एसटीएफ) का गठन भी अनिवार्य कर दिया है। डीटीएफ की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे, जबकि अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी और तकनीकी, चिकित्सा तथा स्वास्थ्य विभागों के प्रतिनिधि इसके सदस्य होंगे।*

### क्यों जरूरी थे यह कदम?

देशभर में मानसिक तनाव और परीक्षा दबाव से जुड़े मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। उच्च शिक्षा विभाग का मानना है कि समस्या केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि संस्थागत संरचना से भी जुड़ी है जहां गाइडलाइन, परामर्श, निगरानी और संवाद की कमी विद्यार्थियों को अकेला कर देती है। एसटीएफ और डीटीएफ का गठन इसी कमी को दूर करने का प्रयास है।

### शैक्षणिक संस्थानों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

सभी सुधारों के समन्वय प्रभावी हों, इसके लिए विभाग ने सभी शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इसमें सरकारी विव, निजी विवि, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक और सभी सरकारी कॉलेज शामिल हैं।

## 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति के विरोध किया प्रदर्शन

# थालियां और घंटी बजाकर संविदा कर्मचारियों ने कहा, हमें नियमित करें



मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के बैनर तले विरोध जताते प्रदर्शनकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नियमितीकरण की मांग को लेकर गुरूवार को संविदा कर्मचारियों ने चम्मच, लोटा थाली और घंटी बजाकर राज्य शिक्षा केंद्र के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे संविदा कर्मचारियों ने 22 जुलाई 2023 को सामान्य प्रशासन विभाग से जारी संविदा नीति को तत्काल निरस्त करने की मांग की। प्रदेशन के दौरान कर्मचारी हाथ में घंटी, थाली, चम्मच, लोटा बजाकर नारेबाजी कर रहे थे।

मप्र संविदा अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा इसमें सुधार को लेकर जो घोषणा की गई थी उसके अनुसार आदेश जारी नहीं किए गए हैं। राठौर ने बताया कि गुरूवार को पूरे प्रदेश में संविदा कर्मचारियों ने सरकार में बैठे अधिकारियों को कुंभकरण की नींद से जगाने के लिए घंटी बजाओं आंदोलन किया। अगर 10 दिन भीतर कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी तो काम बंद हड़ताल की जाएगी।

### संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों को नहीं मिला 11 माह का एरियर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी स्वास्थ्य केंद्र, संजीवनी क्लिनिक एवं अन्य विभिन्न शासकीय अस्पतालों में काम करने 30 हजार से अधिक संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों को 11 माह का एरियस का भुगतान नहीं किया गया है। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही 11 महीने के एरियस का भुगतान नहीं किया तो काम बंद हड़ताल की जाएगी।

#### यह संशोधन चाहते हैं संविदा कर्मचारी

संघ के सचिव रमेश सिंह ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग ने 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति में नियमित भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण के साथ एक लाइन जोड़ दी है जो ठीक नहीं है। इससे तो 2018 की संविदा नीति रही है जिसमें नियमित भर्ती के लिए निकलने वाले पदों का 20 प्रतिशत आरक्षण ही ठीक था।

## बीयू का डिजिटल डिग्री वेरीफिकेशन पोर्टल का किया शुभारंभ

# डिजिटल डिग्री वेरीफिकेशन विद्यार्थी के हित की सार्थक पहलः राज्यपाल पटेल



बीयू डिजिटल डिग्री वेरीफिकेशन पोर्टल का राज्यपाल ने किया शुभारंभ(

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि डिजिटल डिग्री वेरीफिकेशन पोर्टल उच्च शिक्षा की बेहतरी की दिशा में ऐतिहासिक क़दम है। पोर्टल, विद्यार्थी हित की सार्थक पहल है। गुरुवार को राज्यपाल पटेल ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के डिजिटल डिग्री वेरीफिकेशन पोर्टल का सिंगल क्लिक से शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन राजभवन में किया गया। राज्यपाल ने कहा कि विवि के शैक्षणिक गतिविधियों में तकनीकी नवाचार से विद्यार्थियों को वेरीफिकेशन की जटिल प्रक्रिया से राहत मिलेगी। रोजग़ार और प्लेसमेंट आदि ज़रूरी प्रक्रियाएं सुरक्षित रूप में सरलता और शीघ्रता से हो सकेगी।

### विशेष नवाचार सराहनीय

राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे विशेष नवाचार सराहनीय है। उन्होंने पोटज़्ल के माध्यम से डिग्री वेरिफिकेशन प्रक्रिया को समझा। स्वयं रेंडम परीक्षण किया। पोर्टल को सफलतापूर्वक लोकार्पित करने के लिए विवि प्रबंधन को बधाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, बीयू के कुलगुरू प्रो एसके जैन, अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, बीयू कुलसचिव अनिल शर्मा और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


महापौर मालती राय ने राष्ट्रगीत गायन कार्यक्रम का किया शुभारंभ।

# महापौर राय ने किया राष्ट्रगीत गायन कार्यक्रम का शुभारंभ

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने विधायक भगवानदास सबनानी की उपस्थिति में गुरुवार को कोपल स्कूल में राष्ट्रगीत गायन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नीलबड़ स्थित स्कूल में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रगीत गायन कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

## पांच जनवरी 2026 से होगा आंदोलन का शुभारंभ

# कर्मचारी परिसंघ लड़ेगा गरीब दलितों के उत्थान की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय नौकरियों में पदस्थ दलित कर्मचारियों और उनके परिवारों को उनका हक दिलाने के लिए शासकीय कर्मचारी परिसंघ पांच जनवरी 2026 से 'गरीब दलित उत्थान आंदोलन' का शखनांद करने जा रहा है। परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांण्डेय ने बताया कि परिसंघ के ऐसे सदस्य जो दलित परिवार के हैं।

सरकारी नौकरियों में उनके साथ एवं उनके परिजनों के साथ भेदभाव हो रहा है। सरकारी नौकरियों में उनके बच्चों को नौकरी नहीं मिल पा रही है। यह आरोप अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के गरीब दलित सदस्यों ने लगाया है। उनका कहना हैकि बाबासाहेब आंबेडकर ने जातिगत आरक्षण का प्रावधान गरीब पिछड़े दलितों को समानता दिलवाने के लिए बनाया था। लेकिन 70 वर्ष गुजर जाने के बाद भी गरीब दलितों का उत्थान नहीं बल्कि ओर अधिक पतन होता जा रहा है।

इसका प्रमुख कारण यह है कि अमीर दलितों के बच्चे धन-बल से संपन्न होने के कारण प्राइवेट अच्छे स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करके 90-95 प्रतिशत अंकों से पास हो जाते हैं और जब एससी-एसटी कोटे की सरकारी नौकरियों में भर्ती होती है। तब अच्छे अंक होने के कारण सभी पद अमीर दलितों के बच्चों को अच्छे अंक होने से सरकारी नौकरी उन्हें मिल जाती है और गरीब दलित बच्चों को नौकरी से हाथ धोना पड़ता है।

## प्रदेश के बौद्ध स्थलों को प्रचारित करने का किया आग्रह

# श्रीलंका में मप्र पर्यटन प्रतिनिधिमंडल ने बौद्ध सर्किट को दिया नया आयाम, हुई अहम चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री लंका महाबोधि सोसाइटी के अध्यक्ष बनागला उपतिस्स नायक थेरो की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक विशेष सभा में भाग लिया।

श्रीलंका के विदेश मामले, विदेशी रोजगार और पर्यटन मंत्री विजित हेराथ और श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा से महत्वपूर्ण चर्चा हुई।


श्रीलंका के विदेश मामले विदेशी रोजगार और पर्यटन मंत्री विजित हेराथ के साथ हुई बैठक।

### बौद्ध सर्किट का प्रचार

### अनादि काल से चली आ रही आध्यात्मिक साझेदारी

भारत और श्रीलंका के मध्य अनादि काल से चली आ रही सांस्कृतिक और आध्यात्मिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, मध्य प्रदेश पर्यटन का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इन दिनों श्रीलंका की सद्भावना यात्रा पर है। यह यात्रा, कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग के आमंत्रण पर आयोजित की गई है। मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक, डॉ. इलैयाराजा टी. के नेतृत्व में उप सचिव पर्यटन राजेश गुप्ता और ज्वाइंट डायरेक्टर टूरिज्म बोर्ड डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने श्रीलंका में मध्यप्रदेश के बौद्ध सर्किट का प्रचार किया और साथ ही रामायण की कथाओं को जीवंत करने वाले कलाकारों व कहानीकारों के साथ प्रदेश के बौद्ध स्थलों को प्रचारित करने का आग्रह भी किया। कोलंबो में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने वहां की अग्रणी हॉस्पिटैलिटी कंपनियों से भेंट की। इस दौरान श्रीलंका के विदेश मामले विदेशी रोजगार और पर्यटन मंत्री विजित हेराथ के साथ हुई बैठक थी।

# सेवन हिल्स और अंकुर स्कूल में बाल सप्ताह का समापन


सेवन हिल्स स्कूल में कार्यक्रम।


अंकुर स्कूल में कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाल दिवस 14 नवंबर से विश्व बाल दिवस 20 नवंबर तक सेवन हिल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल सप्ताह का आयोजन चाइल्ड राइट्स ऑबजर्वेट्री के सहयोग से किया गया। इस वर्ष बाल सप्ताह की थीम सुरक्षा रखी गई थी। इसके अंतर्गत सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित यातायात, स्वयं की सुरक्षा, सुरक्षित पर्यावरण, सुरक्षित भोजन-जल और सायबर सुरक्षा के कार्यक्रम अलग अलग दिन आयोजित किए गए। विश्व बाल दिवस 20 नवंबर को चारों स्कूलों में बाल मेला आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों द्वारा बनाई गयी पेंटिंग और ड्राइंग की प्रदर्शिनी लगाई गर्इ साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। सेवन हिल्स स्कूल में समापन के अवसर पर कथक नृत्यांगना अल्पना वाजपेयी मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित रहीं।

भोपाल

शुक्रवार, 21 नवंबर 2025

अगहन मास शुक्ल पक्ष – 01

वर्ष : 12, अंक : 231

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**

अधि. 26

न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा

## सोशल मीडिया अपने कंटेंट की जिम्मेदारी ले



**नई दिल्ली।** सिंगापुर में आयोजित ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल दुनिया की चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि डीपफेक, सिंथेटिक सामग्री और तेजी से फैलने वाली अफवाहें नागरिकों और संस्थाओं के बीच ▸▸ शेष पेज 4 पर

सीएम डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र में पर्यटन को मिली नई उड़ान

# गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई 'पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र ने हवाई पर्यटन के क्षेत्र में एक गौरवशाली अध्याय शुरू किया है। प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी को सुदृढ़ कर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के उद्देश्य से मप्र टूरिज्म बोर्ड की ओर से 'पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा' का संचालन गुरुवार से विधिवत शुरू हो गया है। परंपरागत गाजे-बाजे, उत्साह, रंगों और स्थानीय जनता के गर्मजोशी भरे स्वागत के साथ यह सेवा शुरू हुई। पहले दिन जनप्रतिनिधियों ने तीन सेक्टरों में शेड्यूल के अनुसार भोपाल से मढ़ई और मढ़ई से पचमढ़ी के लिए उड़ान भरी। इंदौर से उज्जैन एवं ओंकारेश्वर और जबलपुर ▸▸ शेष पेज 4 पर

### भोपाल, इंदौर और जलबपुर से जनप्रतिनिधियों ने भरी पहली उड़ान



माननीयों ने पहले दिन सफर किया

### किफायती किराया समय भी बचेगा

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि यह सेवा आध्यात्मिक, प्राकृतिक और वन्यजीव पर्यटन को एक तेज, सुगम और किफायती हवाई मार्ग प्रदान करेगी। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति, गृह तथा प्रबंध संचालक, ▸▸ शेष पेज 4 पर

### पहली यात्रा में ये माननीय रहे मौजूद

भोपाल से मढ़ई के लिए सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया सिंह नारोलिया, श्रीमती प्रीति शुक्ला, योगेंद्र राजपूत और संदेश पुरोहित ने यात्रा की। मढ़ई से पचमढ़ी तक की उड़ान में इनके साथ पिपरिया विधायक ठाकुर दास नागवंशी और सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह भी जुड़े। इंदौर से महेंद्र हडिया, रमेश मेंदोला, सुनीता मिश्रा और श्रवण सिंह चावड़ा ने उज्जैन और ओंकारेश्वर के लिए उड़ान भरी। उज्जैन में आयोजित 10 मिनट की जॉय-राइड में महंत आनंद पुरी, महंत मंगल दास, महंत रामेश्वर गिरी और महंत डॉ. रामेश्वर दास शामिल हुए।

### अब मिनटों में हवाई सफर

**धार्मिक सेक्टर : उज्जैन–ओंकारेश्वर अब मिनटों में**

| इंदौर–उज्जैन | उज्जैन–ओंकारेश्वर | ओंकारेश्वर–इंदौर |
|---|---|---|
| (20 मिनट) | (40 मिनट) | (25 मिनट) |

**ईको टूरिज्म सेक्टर : भोपाल–मढ़ई–पचमढ़ी तक तेज कनेक्टिविटी**

| भोपाल–मढ़ई | मढ़ई–पचमढ़ी | सीधी उड़ान: भोपाल–पचमढ़ी |
|---|---|---|
| (40 मिनट) | (20 मिनट) | (60 मिनट) |

**वाइल्डलाइफ़ सेक्टर : जबलपुर से जबलपुर-मैहर- चित्रकूट- कान्हा- बांधवगढ़- अमरकंटक की तेज पहुंच**



| जबलपुर–मैहर | | मैहर–चित्रकूट |
|---|---|---|
| (60 मिनट) | | (30 मिनट) |
| जबलपुर–बांधवगढ़ | जबलपुर–अमरकंटक | चित्रकूट–मैहर |
| (45 मिनट) | (60 मिनट) | (30 मिनट) |


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### 10 करोड़ की साइबर लूट पुलिस ने पकड़े 3 आरोपी



**बैतूल।** जिले में पुलिस ने एक ऐसी साइबर ठगी का खुलासा किया है। जो वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों के जरिए लगभग 10 करोड़ का लेनदेन किया गया। इनमें मृत व्यक्ति का खाता भी है। जिले में करीब 9 करोड़ 84 लाख 95 हजार की साइबर धोखाधड़ी का मामला है। पुलिस ने इंदौर के दो युवकों और बैतूल के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। ▸▸ पढ़ें पेज 14 भी

### हनुमान मंदिर में 10 लाख की चोरी, सीसीटीवी में कैद



**विदिशा।** शहर के प्राचीन रंगई स्थित हनुमान मंदिर में गुरुवार तड़के बड़ी चोरी की घटना सामने आई। दो लोग मंदिर की दान पेटी तोड़कर 8 से 10 लाख रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। सुबह पूजा के लिए पहुंचे साधु-संतों ने टूटी दान पेटी देखी और तुरंत महंत को सूचना दी। सीसीटीवी में दिखा कि रात करीब 3:30 बजे चोर मंदिर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया।

### कार से बाइक सवार घायल लोगों ने एसआई को पीटा



**खंडवा।** जिले के भेरूखेड़ा गांव के पास बुधवार शाम एक सड़क हादसे के बाद तनाव की स्थिति बन गई। नर्मदा नगर थाने के एसआई अशोक नरगावे की कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने नरगावे की पिटाई कर दी। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है।

**मुद्दा था...**

**क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए?**

▸▸ सीजेआई बीआर गवई की अगुवाई वाली पीठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से भेजे गए 14 सवालों का जवाब देते हुए अपनी राय दी

# अदालत बिल की मंजूरी के लिए टाइमलाइन तय नहीं कर सकती

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालत राज्य विधानसभा की तरफ से पास किए गए बिलों को मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए समय सीमा तय नहीं कर सकती। सीजेआई बीआर गवई की अगुवाई वाली पीठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से भेजे गए 14 सवालों का जवाब देते हुए अपनी राय दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर अपना फैसला सुनाया है, जिसमें पूछा गया था कि क्या कोई संवैधानिक अदालत, राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा तय कर सकती है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रपति और राज्यपाल को राज्य विधानसभा से पारित ▸▸ शेष पेज 4 पर

> **अदालत ने माना कि** विधायी प्रक्रिया में राष्ट्रपति और राज्यपाल की भूमिका संवैधानिक कर्तव्य है, पर न्यायिक हस्तक्षेप के जरिए इसकी समय सीमा तय नहीं की जा सकती

लेकिन, अत्यधिक देरी लोकतांत्रिक शासन की आत्मा को क्षति पहुंचाती है, इसलिए इन पदों से अपेक्षा है कि वे उचित समय के भीतर निर्णय लें



- **संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था**
- **पीठ ने कहा कि यह विषय संवैधानिक पदाधिकारियों के विवेक और संघीय ढांचे की मर्यादा से जुड़ा**

### संवैधानिक प्रावधान और राष्ट्रपति का कदम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 सवाल रखे हैं, जिनका जवाब सुप्रीम कोर्ट से मांगा गया है। यह सवाल ▸▸ शेष पेज 4 पर

### तमिलनाडु केस और समय सीमा

8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु विधानसभा से पास हुए बिलों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। यह फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना गया क्योंकि इससे पहले ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं थी।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे ये 14 सवाल

- राज्यपाल के समक्ष अगर कोई विधेयक पेश किया जाता है तो संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उनके पास क्या विकल्प हैं?
- क्या राज्यपाल इन विकल्पों पर विचार करते समय मंत्रिपरिषद की सलाह से बंधे हैं?
- क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा लिए गए फैसले की न्यायिक समीक्षा हो सकती है?
- क्या अनुच्छेद 361 राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों पर न्यायिक समीक्षा को पूरी तरह से रोक सकता है?
- क्या अदालतें राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों की समयसीमा तय कर सकती हैं, जबकि संविधान में ऐसी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है?
- क्या अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा लिए गए फैसले की समीक्षा हो सकती है?
- क्या अदालतें अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा फैसला लेने की समयसीमा ▸▸ शेष पेज 4 पर

### भारत में जन्मी चीता 'मुखी' ने 5 शावकों को दिया जन्म




हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से एक बार फिर खुशखबर मिली है। यहां मादा चीता 'मुखी' ने एक साथ पांच शावकों को जन्म दिया है। खास बात यह है कि मादा चीता मुखी ऐसी पहली भारतीय मादा चीता है, जिसने भारत की धरती पर कूनो नेशनल पार्क में जन्म लिया ▸▸ शेष पेज 4 पर

■ अब कूनो में चीतों की कुल संख्या 29

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई

**यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में भारत में जन्मी मादा चीता मुखी द्वारा पांच शावकों को जन्म देने पर प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत में चीता पुनरुत्पादन पहल के लिए यह एक ▸▸ शेष पेज 4 पर

भोपाल में बड़ी साइबर ठगी

## बैंक से रिटायर्ड मैनेजर और पत्नी को किया डिजिटल अरेस्ट, 68 लाख ठगे

दिल्ली धमाके में आतंकियों से 70 लाख रुपए लेने का लगाया आरोप



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बैंक ऑफ इंडिया से रिटायर्ड मैनेजर दयाराम देशमुख (65) और उनकी पत्नी स्नेहलता को डिजिटल अरेस्ट किए जाने का मामला सामने आया है। सायबर जालसाजों ने उन्हें दिल्ली ब्लास्ट में शामिल होने का कहकर डिजिटल तौर पर गिरफ्तार कर लिया। दो दिन तक उन्हें अरेस्ट रखा। बुजुर्ग मैनेजर के बेटे ने कहा कि बैंक की बावड़िया कला ब्रांच ने बिना उनके कंफर्मेशन के पिता की एफडी तोड़ दी। स्टेट साइबर सेल मामले की जांच कर रही है। शाहपुरा निवासी दयाराम ▸▸ शेष पेज 4 पर

सुको ने तेलंगाना हाईकोर्ट का जिक्र किया

### मप्र न्यायिक अधिकारियों की नौकरी अब 61 साल तक



■ चार हफ्ते बाद अंतिम सुनवाई होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा बढ़ा दी है। अब वहां के न्यायिक अधिकारी 60 की जगह 61 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होंगे। मामले में चार हफ्ते बाद अंतिम सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने अंतरिम आदेश में तेलंगाना हाईकोर्ट के ▸▸ शेष पेज 4 पर

एसआईआर सर्वे में लापरवाही पर एक्शन

### 9 बीएलओ सस्पेंड, 3 एसडीएम और 15 तहसीलदारों को नोटिस



■ झाबुआ में बीएलओ की मौत

**सागर।** जिले वोटर लिस्ट सर्वे के कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर और जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में अब तक कुल 9 बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर चुके हैं। इसके अलावा एसआईआर सर्वे में काम धीमा होने और प्रगति शून्य पाए जाने पर 3 एसडीएम और ▸▸ शेष पेज 4 पर

अनिल अंबानी समूह पर ईडी का शिकंजा

### 1400 करोड़ रु. की नई अटैचमेंट जब्त संपत्तियां 9000 करोड़ के पार



■ कर्ज की बकाया राशि 40,185 करोड़ रु.

**नई दिल्ली।** ईडी ने पीएमएलए के तहत अनिल अंबानी समूह से जुड़ी नवी मुंबई, चेन्नई, पुणे और भुवनेश्वर स्थित 1400 करोड़ रुपए की संपत्तियों को अटैच किया है। ताजा कदम के बाद इस मामले में जब्त संपत्तियों का कुल मूल्य बढ़कर लगभग 9,000 करोड़ रुपए हो गया है। एजेंसी ने यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग निरोध कानून (पीएमएलए) के तहत की है। इससे पहले एजेंसी ने इसी जांच ▸▸ शेष पेज 4 पर

लिव इन पार्टनर से हुआ झगड़ा

### छठी मंजिल से कूदकर स्वीमिंग कोच ने जान दी



■ युवती ने आग लगाने की कोशिश भी की

**इंदौर।** यहां छठी मंजिल से कूदकर 33 वर्षीय महिला स्वीमिंग कोच निकिता कजरिया ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और महिला के लिव-इन पार्टनर असीम राजन को हिरासत में ले लिया है। राऊ पुलिस के मुताबिक यह घटना बुधवार रात करीब 1 बजे राऊ इलाके के बायपास पर पलाश परिसर की है। एसपी कृष्णा लालचंदानी और टीआई राज ▸▸ शेष पेज 4 पर




**13 दिन बाद प्रदेशभर के पारे में मामूली बढ़त, कोल्ड वेव जारी, 24 नवंबर के बाद सामान्य होगा मौसम**

प्रदेश में अब औसत न्यूनतम पारा 10 डिग्री के ऊपर


# आज भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में शीतलहर का अलर्ट सीवियर कोल्ड वेव से राहत रहेगी, कोहरे का 'असर' बढ़ेगा

### भोपाल सहित 7 जिलों में 9 डिग्री से कम रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गुरुवार को करीब 13 दिन बाद अधिकांश जिलों में सीवियर कोल्ड वेव से राहत रही है, लेकिन शीतलहर का असर अभी जारी है। प्रदेशभर में दिन और रात के तापमान में मामूली बढ़त के बावजूद सभी जिलों में दिन-रात का पारा अभी सामान्य से औसतन 4 डिग्री तक कम है। इससे कड़ाके की सर्दी अभी जारी है। 24 नवंबर के बाद हवाएं बदलने से प्रदेशभर में मौसम का पारा सामान्य स्तर पर आने की उम्मीद है। वहीं, महीने के अंत में मौसम में बदलाव के आसार हैं।

मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में शीतलहर का अलर्ट है। गुरुवार को भोपाल, राजगढ़, इंदौर, शाजापुर, नरसिंहपुर, शिवपुरी जिलों में शीतलहर, खंडवा, खरगोन में सीवियर कोल्ड वेव रही। अब हवा में नमी बढ़ने से कुछ जिलों में कोहरे का असर ▸▸ शेष पेज 4 पर



भोपाल के बाणगंगा इलाके में शाम को कोहरे की वजह से दृश्यता कम हो गई

### 6 जिलों में 8 डिग्री तक पारा

गुरुवार को प्रदेश के पांच सबसे कम न्यूनतम तापमान में वाले शहरों में रात का पारा 8 डिग्री के करीब रहा है। इनमें सबसे ठंडे रहे राजगढ़ में रात का पारा 7.5, पचमढ़ी 7.6, शाजापुर 7.8, इंदौर और शिवपुरी 8, नौगांव में 8.3 डिग्री दर्ज किया गया है। भोपाल में दिन और रात का पारा 1.4 डिग्री बढ़कर क्रमशः 27 और 9.2 डिग्री रहा। दिन का तापमान सामान्य से 2.1 और रात का पारा 5.2 डिग्री कम रहा है। इससे तीव्र शीतलहर से राहत रही है।

# गोविंदपुरा में एफएमपीसीसीआई का 3 दिवसीय फेड एक्सपो 2025 का आगाज आज से

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ एमपी चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई ) द्वारा तीन दिवसीय 21 नवंबर से शुरू होगा। जीआईए एक्जीबीशन सेंटर भोपाल आयोजित फेड एक्सपो 23 नवंबर 2025 तक चलेगा। इस फेड एक्सपो 2025 का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। एक्सपो लगभग 100 से अधिक एमएसएमई अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेगी।

उक्त जानकारी एफएमपीसीसीआई के अध्यक्ष दीपक शर्मा और गोविंदपुरा इंडस्ट्री एसो.के अध्यक्ष विजय गौर, फेडरेशन के प्रबंध समिति सदस्य योगेश गोयल ने आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य उद्योगों, सरकारी उपक्रमों एवं एमएसएमई इकाइयों के मध्य आपसी संवाद, व्यवसायिक सहयोग और नये व्यापारिक अवसरों का सृजन करना है। कार्यक्रम में बीएसचईएल, भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड, रेलवे, रक्षा प्रतिष्ठान, एचईजी, रेलवे, बीना रिफायनरी एवं अन्य बड़ी इकाईयां, राज्य शासन के विभागों तथा विभिन्न क्षेत्रीय औद्योगिक इकाईयों की सक्रिय भागीदारी हो रही है।


फाइल फोटो

### रूस, ओमान, ताईवान आदि के प्रतिनिधिमंडल एवं वाणिज्य दूतावास प्रतिनिधि होंगे शामिल

उन्होंने बताया कि एक्सपो में रूस से 10, ओमान से 4, ताईवान से 1 एवं अन्य कई देशों के उद्योग प्रतिनिधि भाग ले रहे है। जिनके आने से प्रदेश की औद्योगिक इकाईयों को अंतरराष्ट्रीय उद्यमियों से व्यापारिक संबंध स्थापित करने का अवसर प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम से भारत एवं विभिन्न देशों के मध्य औद्योगिक संबंध मजबूत होंगे एवं बाईलेटरल ट्रेड को बढ़ावा मिलेगा।

### सरकारी क्रय नीतियों, 'मेक इन इंडिया' पर होगी चर्चा

फेडरेशन के प्रबंध समिति सदस्य योगेश गोयल ने कहा कि फेड एक्सपो में एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से वेन्डर बनने के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही एक्सपो के दौरान विशेष सत्रों में सरकारी क्रय नीतियों, 'मेक इन इंडिया' पहल तथा तकनीकी नवाचारों पर चर्चा की जाएगी। वेंडर डेवलपमेंट एवं बायर सेलर मीट के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनियां अपने प्रोक्योरमेंट प्लान, वेंडर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और सप्लाई चेन अवसरों को साझा करेंगी। इस दौरान आयोजित वर्कशाप एवं सेमिनार में नवाचार, तकनीकी उन्नयन, एमएसएमई वित्त, निर्यात प्रोत्साहन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### मुख्यमंत्री को ग्रीनको एनर्जीस कंपनी ने दिया कार्पोरेट आफिस विजिट का निमंत्रण

**भोपाल।** सीएम के 22 नवम्बर को हैदराबाद प्रवास के दौरान देश में हरित ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी ग्रीनको एनर्जीस प्रायवेट लिमिटेड ने मुख्यमंत्री को हैदराबाद स्थित हाईटेक सिटी माधापुर में उनके कॉर्पोरेट आफिस हेडक्वार्टर विजिट के लिए आमंत्रित किया है। कंपनी के उपाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि उनकी कंपनी मप्र में अपना निवेश बढ़ाने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी के ग्रुप सीईओ एवं एमडी अनिल चलमलसेट्टी स्वयं इस निवेशक संवाद सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ कंपनी के सीईओ गौतम रेड्डी कुंबम एवं प्रमुख सलाहकार बंडारु नरसिम्हाराव भी सीएम से मप्र में संभावित निवेश प्रस्तावों पर चर्चा करेंगे।

### मुख्यमंत्री आज आदर्श ग्राम पंचायत कागपुर को देंगे बड़ी सौगात

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदिशा जिले की ग्राम पंचायत कागपुर में 21 नर को पंचायत क्षेत्र में 39.80 करोड रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन विकास कार्यों से आदर्श ग्राम पंचायत कागपुर के रहवासियों को और अधिक सुविधाएं मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के 34.05 करोड़ की लागत के 135 नवीन स्वीकृत सामुदायिक भवनों एवं कागपुर (कनारी) से विदिशा-अशोकनगर मार्ग का भूमिपूजन और आदर्श ग्राम पंचायत कागपुर में 5.75 करोड़ की लागत से बनाए गए हाट बाजार के विकास कार्यो का लोकार्पण शामिल है। डॉ. यादव हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे।

कल हैदराबाद में होगा आयोजित

### मुख्यमंत्री 22 को हैदराबाद में उद्योगपतियों से संवाद करेंगे

हरिभूमि न्यूज. भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 22 नवंबर को द लीला, हैदराबाद में आयोजित मप्र के उच्च स्तरीय इंटरएक्टिव सेशन में उद्योगपतियों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। सत्र में प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों, नीतिगत सुधारों और निवेश-अनुकूल माहौल जानकारी निवेशकों के साथ साझा की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योग प्रतिनिधियों को प्रदेश में विकसित औद्योगिक पार्कों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम प्रोत्साहन, कनेक्टिविटी और निवेश प्रक्रियाओं की सहजता से अवगत कराएंगे। यह सत्र उद्योगों और निवेशकों को प्रदेश की वास्तविक औद्योगिक क्षमताओं के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कराने का अवसर प्रदान करेगा। हैदराबाद सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि निर्माण, वैश्विक क्षमता केन्द्र, इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली डिजाइन एवं निर्माण, अभियांत्रिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष एवं रक्षा, खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन जैसे क्षेत्रों का प्रमुख केन्द्र रहा है। इस क्षेत्र के उद्योगपतियों से संवाद के माध्यम से मप्र में निवेश के अवसरों और उभरते औद्योगिक क्षेत्रों को लेकर प्रत्यक्ष विचार-विमर्श होगा।

निवेश के अवसरों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण-

सत्र में मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा। उद्योगपति प्रदेश के विकसित औद्योगिक क्षेत्रों, आधुनिक अवसंरचना और विभिन्न सेक्टरों की वास्तविक संभावनाओं को समझ सकेंगे।

स्थाई एवं अस्थाई पट्टों का वितरण 4 जनवरी से 20 फरवरी 2026 के मध्य किया जाएगा

# नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीन परिवारों को दिया जाएगा पट्टा, अभियान की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन और आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार प्रदान करने के लिए 20 नवम्बर गुरूवार से व्यापक अभियान शुरू किया है। अंतिम सूची जारी होने के बाद पात्र हितग्राहियों को आवासीय भूमि के स्थाई एवं अस्थायी पट्टों का वितरण 4 जनवरी से 20 फरवरी 2026 के मध्य किया जाएगा। स्थाई पट्टे लाल रंग में और अस्थायी पट्टे पीले रंग में प्रदान किए जाएंगे। आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग संकेत भोंडवे ने बताया कि यह अभियान 13 दिसम्बर तक चलेगा।

इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग ने संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत बीएलसी और एएचपी घटकों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने वर्ष 1984 के मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधिकार) अधिनियम में संशोधन करते हुए पात्रता तिथि को 31 दिसम्बर 2020 निर्धारित किया है। इस तिथि तक सरकारी, नगर निकाय या विकास प्राधिकरण की भूमि पर वास्तविक रूप से काबिज ऐसे आवासहीन परिवार पट्टाधिकार प्राप्त करने के पात्र होंगे।

### सुझाव के बाद 29 दिसम्बर को अंतिम सूची जारी की जाएगी

*राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य 20 नवम्बर से 13 दिसम्बर तक चलेगा। सूची 14 दिसम्बर को प्रकाशित की जाएगी। किसी भी आपत्ति या सुझाव के निराकरण के बाद 29 दिसम्बर को अंतिम सूची संबंधित जिला कलेक्टर की ओर से जारी की जाएगी। यह सूची संबंधित जिला कार्यालय की वेबसाइट और विभागीय वेबसाइट www.mpurban.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी। प्रत्येक जिले में सर्वेक्षण दल गठित किए जाएंगे, जिनमें राजस्व अधिकारी प्रमुख होंगे और सर्वेक्षण के दौरान आधार ई केवायसी आधारित समग्र आईडी अनिवार्य रहेगी। नगरीय विकास आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। जिन क्षेत्रों में झुग्गी बस्तियों का अन्यत्र पुनर्व्यवस्थापन आवश्यक है, वहां समिति के निर्णय के अनुसार हितग्राहियों को वैकल्पिक स्थान पर व्यवस्थित किया जाएगा।*

### धोखाधड़ी या गलत जानकारी के आधार पर पट्टा प्राप्त करने होगी कार्रवाई

स्थाई रूप से पट्टा प्राप्त क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, नालियां, बिजली और अन्य आवश्यक अधोसंरचना का विकास नगरीय निकाय एवं विकास प्राधिकरणों द्वारा प्राथमिकता से किया जाएगा। राज्य शासन ने पट्टा वितरण की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और जन-जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। अवैध अधिपत्य, धोखाधड़ी या गलत जानकारी के आधार पर पट्टा प्राप्त करने जैसे मामलों में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर ब्लैकलिस्ट तैयार की जाएगी। राज्य सरकार का यह अभियान शहरी गरीबों को सुरक्षित आवासीय अधिकार प्रदान करने, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के सुचारू क्रियान्वयन और सबके लिए आवास के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार का यह प्रयास शहरी गरीबों के लिए स्थायी समाधान प्रदान करने वाला है।

### राज्य आनंद संस्थान देगा सरकारी और गैर सरकारी कर्मचारियों को ऑनलाइन ट्रेनिंग

**एक मुलाकात स्वयं के साथ विषय पर 24 से 28 नवंबर तक होगा प्रशिक्षण, रोज डेढ घंटे चलेगा कार्यक्रम**



फाइल फोटो

**भोपाल।** प्रदेश में आनंद का प्रसार बढ़ाने की दिशा में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा बनाया गया राज्य आनंद संस्थान 24 से 28 नवंबर तक प्रदेश के सरकारी और गैर-सरकारी कर्मचारियों को अल्पविराम कार्यक्रम के तहत आनलाइन ट्रेनिंग देगा। पूरी तरह से निःशुल्क उक्त कार्यक्रम के लिए कई सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने पंजीकरण करवाए हैं, लेकिन इनमें सबसे अधिक स्कूली शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने रुचि दिखाई है।

उक्त कार्यक्रम के लिए 60 लोगों के पंजीकरण होना हैं जिनमें अब तक 19 पंजीयन स्कूल शिक्षा विभाग के हैं। जबकि आदिम जाति कल्याण, किसान कल्याण विभाग, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग से एक-एक व्यक्ति ने पंजीयन करवाया है। राज्य आनंद संस्थान के जिला संपर्क व्यक्ति मुकेश बिले ने बताया कि दौडती-भागती जिंदगी के बीच खुद को कैसे शांत करें और प्रसन्न रहें को देखते हुए एक मुलाकात स्वयं के साथ विषय पर आनलाइन ट्रेनिंग होगी।

#### अब तक 53 पंजीयन, 21 सामान्य लोग भी

विभिन्न सरकारी विभागों के अलावा उक्त कार्यक्रम के लिए 21 सामान्य लोगों ने भी पंजीयन करवाया है। अब तक 53 पंजीयन हो चुके हैं, जिनमें सबसे अधिक स्कूल शिक्षा विभाग से हैं। भोपाल, रायसेन, खरगौन, उज्जैन, जबलपुर, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, खंडवा, सतना, सीहोर, छतरपुर, भिंड, विदिशा, डिडौरी, शिवपुरी आदि शहरों से लोगों ने पंजीकरण किए हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सिवनी-बालाघाट जिले में एसआईआर

## लोकतंत्र की मजबूती का सबसे प्रभावी साधन है एसआईआरः हेमंत खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरूवार को सिवनी एवं बालाघाट जिला कार्यालय में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को बैठकें की। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि एसआईआर लोकतंत्र की मजबूती का सबसे प्रभावी साधन है। बीएलए-1 और बीएलए-2 भाजपा की चुनावी प्रक्रिया की रीढ़ हैं।

एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक और संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसका अनुपालन हर सरकार, चाहे किसी भी दल की हो, अनिवार्य रूप से करती है। यह केवल एक प्रशासनिक गतिविधि न होकर, लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए कार्यकर्ताओं को पूर्ण समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ इस कार्य में जुटना है।


बैठक में शामिल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष।

### सत्ता पाने के लिए एक परिवार ने कांग्रेस का राजनीतिक उपयोग किया

*खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस कोई पार्टी नहीं थी। अंग्रेजों का बनाया संगठन है। आजादी के आंदोलन के समय इस संगठन का उपयोग देश को आजाद कराने के लिए किया गया। देश को आजाद कराने वाले सभी विचारधारा के लोग इसमें शामिल रहे, लेकिन देश के आजाद होने के बाद एक परिवार ने अपने राजनीतिक लाभ और सत्ता प्राप्त करने के लिए इसका राजनीतिक उपयोग किया। कांग्रेस पार्टी पर आजादी के बाद से आज तक एक ही परिवार का कब्जा है, जबकि भाजपा एक विचारधारा वाला दल है। खण्डेलवाल ने सिवनी से कांग्रेस नेता संजय भारद्वाज को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने संजय भारद्वाज को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और कहा कि भाजपा सभी समाज वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। भारद्वाज भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी के सदस्य बने हैं।*

### प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ता बैठक एवं विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

बालाघाट में कोर ग्रुप की बैठक के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने श्याम बिहारी वर्मा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित 'स्वदेशी मेला' में शामिल हुए। सांसद डॉ. भारती पारधी से उनके निवास पर भेंट की एवं जिला अध्यक्ष रामकिशोर कांवरे के निवास पहुंचकर उनके पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वीर सपूत आशीष शर्मा को अर्पित की श्रद्धांजलि

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने गुरूवार को नरसिंहपुर पहुंचकर बालाघाट में पदस्थ हाकफोर्स के निरीक्षक व मध्यप्रदेश के वीर सपूत आशीष शर्मा के पार्थिव देह के अंतिम दर्शन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।


श्रद्धांजलि अर्पित करते खंडेलवाल।

### प्रचारक डॉ. मनमोहन वैद्य की पुस्तक का विमोचन आज

**भोपाल।** सुरुचि प्रकाशन द्वारा "हम और यह विश्व" पुस्तक का लोकार्पण 21 नवम्बर को भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित किया जा रहा है। यह पुस्तक सामाजिक, राष्ट्रीय और आर्थिक विषयों पर भारतीय दृष्टिकोण को सरल और स्पष्ट रूप में प्रस्तुत करती है। लेखक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य ने इसमें आधुनिक चुनौतियों के बीच भारत की वैचारिक और सांस्कृतिक समझ को आधार बनाकर व्यापक विमर्श रखा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 4:30 बजे चाय सत्र से होगा, जिसके बाद 5 बजे से औपचारिक आयोजन शुरू होगा। समारोह में रीतेश्वरमहाराज आशीर्वचन प्रदान करेंगे। सुरुचि प्रकाशन के अध्यक्ष राजीव तुली और प्रबंध न्यासी रजनीश जिंदल भी मौजूद होंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज छिंदवाड़ा एवं बैतूल प्रवास पर

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल 21 नवंबर को छिंदवाड़ा एवं बैतूल प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल 21 नवंबर को सुबह 11 बजे से छिंदवाड़ा जिला कार्यालय में छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले की अपेक्षित श्रेणी की तीन अलग-अलग बैठकों को संबोधित करेंगे। खंडेलवाल शाम 4 बजे बैतूल भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करेंगे।

## शहीद इंस्पेक्टर का बदला लेने की तैयारी-नक्सली नेटवर्क ध्वस्त करने तरुणा को मप्र लाकर पूछताछ करेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छत्तीसगढ़ में बुधवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के शहीद होने के बाद प्रदेश पुलिस अब नक्सलियों की कमर तोड़ने की रणनीति को निर्णायक दिशा देने के तैयारी में है।

इसमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए हाल में आत्मसमर्पण करने वाली दो महिला नक्सली बेहद अहम साबित हो सकती हैं। अधिकारी मानते हैं कि इन दोनों से मिलने वाली जानकारी 31 मार्च 2026 तक प्रदेश से वामपंथी उग्रवाद को जड़ से खत्म करने के लक्ष्य को मजबूती देगी। दोनों इलाकों में पकड़ी गई इन महिला नक्सलियों की सक्रियता मध्यप्रदेश से सटे घने जंगलों में रही है, जहां लंबे समय से नक्सली गतिविधियां चुनौती बनी हुई थी। मध्यप्रदेश पुलिस अब छत्तीसगढ़ में सरेंडर करने वाली तरूणा से पूछताछ की तैयारी कर रही है। स्पेशल डीजी नक्सल विरोधी अभियान पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि तरूणा उसी दल का हिस्सा थी, जिसने जून में बालाघाट जिले के पचामा डाडर जंगलों में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में अपने तीन महिला और एक पुरुष साथी को खो दिया था।

### चारों पर 14-14 लाख रुपये का इनाम

चारों पर 14-14 लाख रुपये का इनाम था। दोनों महिलाएं मूलतः छत्तीसगढ़ की निवासी हैं, लेकिन वे लंबे समय से बालाघाट, गोंदिया और राजनांदगांव के त्रि - जंक्शन वाले घने जंगलों में सक्रिय थीं। यह क्षेत्र सीपीआई के महाराष्ट्र-एमपी- छत्तीसगढ़ जोन का कोर माना जाता है।

तरूणा से पूछताछ बेहद महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि उससे दरेकासा एरिया कमेटी, मलाजखंड एरिया कमेटी और टांडा एरिया कमेटी जैसे सक्रिय नक्सली मॉड्यूलों की ताजा गतिविधियों की विश्वसनीय जानकारी मिलने की उम्मीद है। ये कमेटियां लंबे समय से बालाघाट और मंडला जिलों में नक्सली मूवमेंट का आधार रही हैं।

## एसआईआर अभियान में मतदाताओं का सहयोग करें प्रत्येक कार्यकर्ता : हितानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने गुरूवार को जबलपुर संभागीय कार्यालय में जबलपुर नगर निगम के पार्षद, पार्षद प्रत्याशियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित किया।

प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि मतदाता सूची एसआईआर मतदाता सूची को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने का माध्यम है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता अभियान में मतदाताओं का सहयोग करें, इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने वार्ड के प्रत्येक बूथ पर जाएं। पार्टी के तय कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में जाकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नव मतदाता, परिवार में विवाह के पश्चात जुड़े नये सदस्यों के नाम जुड़वाना है, साथ ही जो मतदाता जीवन यापन के लिए रह रहे हैं, किन्तु यहां के स्थाई निवासी नहीं है, उनके नाम की भी चिंता करना है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया किसी भी अनियमितता को रोकने और मतदाता सूची को स्वच्छ, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। हमें जनता को यह बताना होगा कि एसआईआर किसी भी मतदाता का नाम काटने के लिए नहीं है।



बैठक को संबोधित करते हितानंद।

फ्यूचर-रेडी इनोवेशन से मप्र बन रहा विश्व स्तरीय कंपनियों का प्रमुख निवेश केंद्र

# बैंगलुरू टेक समिट में प्रदर्शित हुआ टियर-2 टेक्नोलॉजी इको सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने बेंगलुरु इंटरनेशनल एग्जीबिशन सेंटर (बीआईईसी) में आयोजित बेंगलुरु टेक समिट (बीटीसी) 2025 में उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज की है। बीटीसी- 2025 में विशेष प्रदर्शनी मंडप से राज्य की तेजी से विकसित होती टेक्नोलजी ईकोसिस्टम और भारत के प्रमुख टियर-2 इनोवेशन हब के रूप में मप्र की स्थिति को प्रभावशाली रूप से प्रदर्शित किया गया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने मप्र मंडप हॉल 3, बूथ एचएस 17 में स्थापित किया। मंडप में प्रदेश की समग्र नीति व्यवस्था को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। मंडप ने वैश्विक कंपनियों, टेक्नोलॉजी लीडर्स और तेजी से बढ़ते स्टार्टअप्स का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। प्रदर्शनी में पहुंचे उद्योग प्रतिनिधियों ने राज्य में निवेश अवसरों का आंकलन किया और भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश में नए अवसरों पर विचार विमर्श किया।



बीटीएस।

### मप्र भारत का अग्रणी टेक्नोलॉजी हब

मंडप में प्रमुख रूप से ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी 2025, ड्रोन प्रमोशन और उपयोग पॉलिसी 2025, एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी 2025, सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2025 और आईटी, आईटीईएस एंड ईएसडीएम निवेश संवर्धन पॉलिसी 2023 प्रदर्शित की गईं। इन नीतियों का उद्देश्य राज्य को सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं, ईएसडीएम और सेमीकंडक्टर निर्माण, डेटा सेंटर,जीसीसी, एवीजीसी-एक्सआर स्टूडियोज और ड्रोन तकनीक के लिए एक प्रमुख और आकर्षक निवेश केंद्र बनाना है। इन प्रगतिशील नीतियो की सहायता और मिशन-आधारित प्रशासनिक दृष्टिकोण से मध्यप्रदेश भारत का अग्रणी टेक्नोलॉजी हब बन रहा है।

### नए निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र

इससे यह स्पष्ट हुआ कि उद्योग जगत मप्र को नए निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में देख रहा है। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा कि मप्र एक फ्यूचर रैडी इनोवेशन परिदृश्य तैयार कर रहा है, जिसमें मजबूत बुनियादी ढांचा, प्रगतिशील नीतियां और विश्व स्तर की कंपनियों के लिए भरपूर अवसर मौजूद हैं। बेंगलुरु टेक समिट में उपस्थिति राज्य की तकनीकी निवेश क्षमता को और मजबूत करती है।

#### एमपीएसईडीसी और निवेश संवर्धन टीम ने किया

राज्य प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अवंतिका वर्मा, अधिकारी-इन-चार्ज, निवेश संवर्धन, एमपीएसईडीसी, राजा पंचाल, टीम लीड, एमपीएसईडीसी और निवेश संवर्धन टीम ने किया। समिट के दौरान मंडप ने इंफोसिस, टीसीएस, इम्पेटस, एक्स-ईबिया और लिमिन्डो जैसी अन्य प्रमुख कंपनियों के टेक-लीडर्स के साथ संवाद किया।

### मप्र के तेजी से बढ़ते तकनीकी परिदृश्य को भी प्रस्तुत किया

मप्र के तेजी से बढ़ते तकनीकी परिदृश्य को भी प्रस्तुत किया गया जो 15 से अधिक आईटी पार्क, 6 आईटी एसईजेड, 2000 से अधिक आईटी और ईएसडीएम इकाइयां, 1200 से अधिक टेक-स्टार्टअप्स और 2 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार से सशक्त है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में कई बड़ी कंपनियों का विस्तार और 50 से अधिक बड़ी आईटी कंपनियों का संचालन राज्य को एक मजबूत निवेशक-अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। मंडप ने इस टियर-2 विकास की कहानी को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया, जो उद्योग प्रतिनिधियों के लिए अत्यंत आकर्षक रही।

08 मिट्टी, कला और संवेदनाओं का उत्सव 'पॉटर्स मार्केट'...


12 शहर में 6 साल बाद भी बनकर तैयार नहीं हुए विद्या नगर...




# नए साल से दौड़ेगी स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस, भोपाल-लखनऊ या पटना रूट पर चल सकेगी

अच्छी खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का इंतजार कर रहे राजधानीवसियों का जल्द ही इंतजार खत्म होने वाला है। दरअसल रेलवे की योजना के अनुसार दिसंबर के आखिर तक स्लीपर वंदे भारत का रैक तैयार हो जाएगा। इसके बाद नए साल यानी जनवरी 2026 स्लीपर वंदे भारत का संचालन हो सकेगा। इसके लिए भोपाल रेल मंडल ने तैयारी शुरू कर दी है।

भोपाल रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार भोपाल-लखनऊ या भोपाल-पटना में से किसी एक रूट पर स्ली पर वंदेभारत एक्सप्रेस का संचालन हो सकेगा। इसको लेकर प्रस्ताव बनाकर पमरे जोन के माध्यम से रेलवे बोर्ड को भेजा है। मंडल की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है, सिर्फ अंतिम स्वीकृति का इंतजार है। जैसे ही निर्देश मिलेंगे, संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

आठ स्लीपर व आठ चेयरकार कोच रहेंगे

कोटा रेल मंडल में चल रहा ट्रेन का ट्रायल सफल

### आठ स्लीपर व आठ चेयरकार श्रेणी के रहेंगे कोच


फाइल फोटो

स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों को चेयरकार और एग्जीक्यूटिव क्लास दोनों का विकल्प मिलेगा। इस ट्रेन में आठ स्लीपर व आठ चेयर श्रेणी के कोच लगाए जाने की संभावना है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार भोपाल-लखनऊ या भोपाल-पटना इन दोनों रूटों पर वंदे भारत चलाने को लेकर पूर्व से तैयार की जा रही थी। इसको लेकर जोन स्तर पर जीएम स्तर पर समीक्षा की जा चुकी है। विगत दिनों सांसदों के साथ बैठक में अधिकारियों ने स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन की तैयारी पूरी होने की बात कही थी।

### सप्ताह में तीन दिन संचालन की संभावना

रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार ट्रेन के रूट व संचालन का समय व दिन और किराया रेलवे बोर्ड की ओर स्वीकृति के बाद तय हो सकेगा। संभावना है कि पहले चरण में स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन चलाने की योजना है।

## *वेटिंग लिस्ट यात्रियों के लिए 'विकल्प' सुविधाः ऑनलाइन आरक्षित टिकट पर मिलेगी कंफर्म सीट, रेलवे की नई पहल*

रेलवे ने प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) वाले यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए 'विकल्प' नामक एक नई सुविधा शुरू की है। इस योजना के तहत, प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को यात्रा का नया अवसर प्रदान किया जाता है। 'विकल्प' एक ऐच्छिक सुविधा है, जो केवल ऑनलाइन (आईआरसीटीसी) से बुक किए गए टिकटों पर उपलब्ध है। यदि मूल ट्रेन में टिकट कन्फर्म नहीं होता है, तो यात्री को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उसी दिशा में जाने वाली अन्य ट्रेन में या उसी ट्रेन की किसी अन्य तिथि में उपलब्ध खाली सीटों पर स्थानांतरित किया जाता है।

### वैकल्पिक ट्रेनों या तिथियों पर यात्रियों को कंफर्म सीटें उपलब्ध कराएगा रेलवे

भोपाल रेल मंडल प्रवक्ता, नवल अग्रवाल के अनुसार, प्रतीक्षा सूची वाले पीएनआर को वैकल्पिक ट्रेनों या तिथियों पर सीटें उपलब्ध कराई जाती हैं। योजना की मुख्य विशेषताओं में यह शामिल है कि यात्री अपनी पसंद के विकल्प (जैसे कि अन्य ट्रेन, समय या गंतव्य) का चयन कर सकते हैं। यदि मूल ट्रेन में सीट कन्फर्म नहीं हो पाती है, तो विकल्प के तहत अन्य उपयुक्त ट्रेन में उपलब्ध रहने पर कन्फर्म सीट प्रदान की जाती है। यात्रियों को बदलाव की सूचना एसएमएस और ईमेल के माध्यम से दी जाती है। 'विकल्प' योजना का मुख्य उद्देश्य रेलवे में खाली सीटों का अधिकतम उपयोग करना है। साथ ही, यह प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को यात्रा का नया अवसर देती है।

### ईदगाह हिल्स में अवैध ढंग से बना कच्चा मकान ढहाया, 15 छप्पर हटाए



**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने गुरुवार को ईदगाह हिल्स क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए यहां बने एक अवैध कच्चे मकान को ढहा दिया। इसकी शिकायतें निगम प्रशासन को लगातार मिल रही थीं। इसी तरह बीएमएचआरसी के पास बने 15 छप्पर हटाने की कार्रवाई की गई। यहां पर भी अवैध रूप से हो रहे अतिक्रमण की शिकायत निगम को मिली थी। शहरभर में अतिक्रमण विरोधी महिम में निगम के अमले ने 16 बड़े गैस के चूल्हे भी जब्त किए। निगम अमले ने अप्सरा टॉकीज रोड से आवागमन में बाधक 20 चार पहिया वाहन, नूतन कॉलेज चौराहा से एक आइसक्रीम की गाड़ी, अयोध्या बायपास रोड से तीन लोडिंग ऑटो हटवाए। कार्रवाई के दौरान निगम अमले ने दो ठेले, 16 बड़े गैस के चूल्हे, 19 स्टूल, एक काउंटर, तीन स्टैण्ड बोर्ड, दो कांटे, एक रैक, दो कुर्सियां सहित अन्य प्रकार का सामान जब्त किया है।

### वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम सर्च करने पर हुआ विवाद

# दरवाजे पर गणना पत्रक फाड़कर फेंके त्रिलंगा में बीएलओ से की बदसलूकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम में पहली बार मध्य विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर-206 की महिला बीएलओ स्नेहलता अय्यर के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। वह गुरुवार शाम को त्रिलंगा स्थित सहकारी परिसर के पास गणना पत्रक कलेक्शन कर रही थीं, तभी मकान नंबर-256 में रजनीश मौर्य और उनकी पत्नी ने वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम सर्च करने को लेकर बीएलओ के साथ बदसलूकी कर दी। बीएलओ ने जब गणना पत्रक मांगा तो उन्होंने बीएलओ के सामने गणना पत्रक फाड़कर फेंक दिए।

बीएलओ ने मामले की सूचना सुपरवाईजर को दी, लेकिन उन्होंने कोई रिप्लाई नहीं किया। इधर मध्य विस क्षेत्र के ईआरओ और शहर एसडीएम दीपक पांडे को भी घटना की जानकारी नहीं दी गई। हालांकि एसडीएम का कहना है कि बीएलओ से जानकारी लेकर बदसलूकी करने वाले लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### *लोगों के लिए वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट बनी मुसीबत*


*शाहजहांनाबाद में गणना पत्रक वितरण का कार्य करते बीएलओ।*

पंद्रह दिन गुजरने के बाद बीएलओ ने गणना पत्रकों के कलेक्शन का काम तेज कर दिया है। जिसको लेकर बीएलओ जब मतदाताओं के घर जा रहा है, तो उसे पता चल रहा है कि मतदाताओं ने अब तक गणना पत्रक को भरा ही नहीं है। इधर बीएलओ वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम सर्च कराने में मदद भी मतदाताओं की नहीं कर रहे हैं।

### बीएलओ ने 24 घंटे में 95 हजार फार्म किए डिजिटाइज

एसआईआर का काम पिछड़ने के बाद बीएलओ ने गणना पत्रकों के डिजिटाइज करने का काम तेज कर दिया है। जिसके तहत बुधवार सुबह से लेकर गुरुवार दोपहर तक करीब 95 हजार गणना पत्रकों को डिजिटाइज किया गया है।

### बीएलओ से बात कर कराएंगे एफआईआर

एसआईआर का काम करने के लिए बीएलओ और सुपरवाइजर काम में लगे हैं। बीएलओ के साथ बदसलूकी कर गणना पत्रक फाड़ने की जानकारी मिली है। जिसको लेकर बीएलओ से बात कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

**दीपक पांडे, ईआरओ मध्य व एसडीएम शहर**

### हाईकोर्ट की अनुमति के बिना भोपाल में एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि हाईकोर्ट की अनुमति के बिना राजधानी भोपाल में एक भी पेड़ न काटा जाए। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि इस दौरान कार्यपालक अभियंता पीडब्ल्यूडी, अंडर सेक्रेटरी, विधानसभा सचिवालय, एडमिनिस्ट्रेटिव अफिसर-कम-अंडर सेक्रेटरी, विधानसभा सचिवालय, आयुक्त, नगर निगम, भोपाल, प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फारेस्ट, प्रमुख सचिव, विधानसभा सचिवालय व महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे व्यक्तिगत रूप उपस्थित रहेंगे।

दरअसल, हाई कोर्ट ने भोपाल के समीप भोजपुर-बैरसिया रेलवे प्रोजेक्ट अंतर्गत रोड निर्माण के लिए 488 पेड़ों की कटाई के मामले पर संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई प्रारंभ की है। मामले की सुनवाई के दौरान उजागर हुआ कि प्रकरण महज 488 नहीं बल्कि 8000 से अधिक पेड़ों की कटाई से जुड़ा है। कोर्ट ने पेड़ों की कटाई और ट्रांसप्लांट करने पर रोक लगा दी। यह रोक किसी भी विभाग, प्रोजेक्ट या सरकारी अनुमति पर प्राथमिकता से लागू होगी।

## अल फलाह यूनिवर्सिटी चांसलर जवाद सिद्दीकी और हमूद पर भोपाल में करोड़ों की ठगी के केस दर्ज, खुल गई फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली लाल किले ब्लास्ट की जांच के तार फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से भी जुड़ चुके हैं। यूनिवर्सिटी के चांसलर जवाद



अहमद सिद्दीकी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वहीं, भोपाल से भी एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। चांसलर जवाद अहमद सिद्दीकी और उनके भाई हमूद सिद्दीकी पर शाहजहांनाबाद और तलैया थाने में करोड़ों रुपए की ठगी के पुराने केस दर्ज हैं। दिल्ली ब्लास्ट के मुख्य आरोपी डॉक्टर उमर उन नबी से इन दोनों भाइयों के कथित लिंक मिलने के बाद जांच का दायरा भोपाल तक फैल गया है। ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जवाद को गिरफ्तार किया गया है, जबकि हमूद हाल ही में अरेस्ट हो चुका है। अब भोपाल पुलिस भी दोनों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने में जुटी हुई है।

### शाहजहांनाबाद और तलैया थाने में प्रकरण

सूत्रों के अनुसार, हमूद सिद्दीकी ठगी का मास्टरमाइंड था। उसके खिलाफ 1999 में शाहजहांनाबाद और तलैया थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज था। हमूद पर 5,000 रुपए का इनाम भी घोषित था। दोनों भाइयों ने निवेश के नाम पर लोगों को लालच दिया था। दोनों कम समय में पैसा दोगुना करने का वादा करते थे। कई लाख रुपए जमा होते ही दोनों भोपाल से फरार हो गए थे। एक मामले में लाखों रुपए की धोखाधड़ी के बाद दोनों गायब हो गए थे।

### खंगाले जा रहे दोनों भाइयों के मामले

भोपाल पुलिस एजेंटों और साथियों की तलाश जारी रखे हुए हैं। कोर्ट के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, जवाद और हमूद के खिलाफ दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड और पुराने आपराधिक इतिहास एकत्रित किए जा रहे हैं। वहीं, भोपाल पुलिस का कहना है कि जांच में और बड़े नाम उजागर हो सकते हैं।

### स्कूल प्रबंधन पर लगाए गए गंभीर आरोप

## स्कूल में 6वीं कक्षा के मासूम छात्र से मारपीट के आरोप, परिजन पहुंचे थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ईदगाह हिल्स क्षेत्र स्थित गुरुनानक हायर सेकंडरी स्कूल में 6वीं कक्षा के छात्र 12 वर्षीय छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

मामले में दोनों पक्षों ने शाहजहांनाबाद थाने में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दी है। बच्चे के परिजन द्वारा स्कूल प्राचार्य पर थप्पड़ मारने, गाली-गलौज करने, भविष्य खराब करने की धमकी देने और बच्चे को बेहोशी की हालत में छोड़ने का गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वहीं प्रबंधन ने भी परिजन के आरोपों को नकारते हुए आवेदन दिया है। मामले में प्रिंसिपल सुरजीत कौर से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। शाहजहांनाबाद थाना प्रभारी यूपीएस चौहान ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की आरे से शिकायत आई है। जिस पर जांच की जाएगी। उसके बाद ही कुछ कह पाएंगे। बच्चे के पिता ने पुलिस को बताया कि उन्हें मंगलवार दोपहर 2:08 बजे स्कूल से कॉल आया था कि मेरे बेटे की तबीयत खराब है। तुरंत स्कूल पहुंचें। जब स्कूल पहुंचे तो उनका बेटा अस्त-व्यस्त हालत में मिला। उसके चेहरे पर सूजन और थप्पड़ों के निशान थे और वह सांस लेने में तकलीफ के बाद अचानक बेहोश हो गया। जिसके बाद उसे अस्पताल लेकर गए।

### 2026 की नई गाइडलाइन का शेड्यूल जारी

## शहर में प्रॉपर्टी के दाम होंगे तय, चार हजार लोकेशन की होगी पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल-2026 से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई कलेक्टर गाइडलाइन को लेकर पंजीयन विभाग ने शेड्यूल जारी कर दिया है। जिसके तहत 15 जनवरी तक उपजिला मूल्यांकन समिति को प्रॉपर्टी के वर्तमान रेट के आधार पर जिले की चार हजार से अधिक लोकेशन पर होने वाली रजिस्ट्री की पड़ताल की जाएगी।

जिसके आधार पर अधिक दाम में जहां पर पांच से अधिक रजिस्ट्री होंगी, वहां के नए सिरे से दाम प्रस्तावित किए जा सकते हैं। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2026-27 की कलेक्टर गाइडलाइन बनाने का शेड्यूल जारी कर दिया है। जिसके तहत आईजी पंजीयन अमित तोमर ने आदेश जारी कर दिया है। नई कलेक्टर गाइडलाइन का प्रस्ताव सबसे पहले उप जिला मूल्यांकन समितियां तैयार कर 15 जनवरी तक जिला मूल्यांकन समितियों को भेजेंगी। इसके बाद जिला मूल्यांकन समिति प्रस्तावित गाइडलाइन को लेकर आम लोगों से सुझाव लेगी। जिसके बाद 30 जनवरी तक प्रस्ताव को अंतिम रूप देकर 15 फरवरी तक गाइडलाइन का प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेज दिया जाएगा। मालूम हो कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 60 हजार लोकेशन पर प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी की गई थी।

### नैक ग्रेड के लिए एसएसआर रिपोर्ट में गड़बड़ी के आरोप

## आरजीपीवीः एबीवीपी के प्रदर्शन के बाद कुलगुरू ने की अपने इस्तीफे की पेशकश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में गुरुवार दोपहर से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने विवि द्वारा की गई अनियमितताओं को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद शाम को आरजीपीवी के कुलगुरु प्रो. राजीव त्रिपाठी ने अपना इस्तीफा राज्यपाल मंगुभाई पटेल को भेज दिया है।

एबीपीवी के अनुसार आरजीपीवी में नैक मूल्यांकन प्रक्रिया पर कई दिनों से सवाल उठाए जा रहे थे। एबीवीपी ने आरोप लगाया है कि विवि ने ए++ ग्रेड हासिल करने के लिए एसएसआर रिपोर्ट में कई गलत और भ्रामक तथ्य प्रस्तुत किए हैं। इसी कड़ी में गुरुवार शाम 6 बजे विवि के कुलगुरु ने इस्तीफे की पेशकश की है। उन्होंने अपना इस्तीफा राज्यपाल को भेज दिया है। भ्रामक एसएसआर रिपोर्ट के विरोध में दोपहर दो बजे से एबीपीवी के कार्यकर्ता कुलगुरू के


*विरोध प्रदर्शन करते एबीवीपी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता*

कक्ष के बाहर प्रदर्शन करते रहे। एबीवीपी के कार्यकर्ता शिवम जाट ने बताया कि विवि द्वारा अपलोड की गई एसएसआर रिपोर्ट में 22 गंभीर अनियमितताएं हैं। वहीं, यह एसएसआर रिपोर्ट नैक टीम आने से पहले सार्वजनिक की जानी थी, लेकिन इसे 17 नवंबर को अचानक अपलोड किया गया, जो प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाता है। एबीवीपी के प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि यह अकादमिक भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण है।




### महिला आईएएस को सौंपी शिक्षा व सुरक्षा की जिम्मेदारी

आईएएस बनने घर से भागी साक्षी मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# अब पटना में रहकर आईएएस बनने का अपना सपना पूरा करेगी साक्षी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएएस बनने का सपना देखने वाली भोपाल की साक्षी के मामले में मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने साक्षी की शिक्षा, सुरक्षा और सुविधाओं की जिम्मेदारी सीधे एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को सौंप दी है।

हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि साक्षी अब बिहार के पटना में रहकर अपनी आगे की पढ़ाई पूरी करेगी। उसकी शिक्षा और सभी आवश्यक सुविधाओं की निगरानी बिहार सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट की सचिव आईएएस बंधना प्रेयसी करेंगी। उन्होंने छात्रा की पढ़ाई, आवास और सुरक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं पर निगरानी रखनी होगी।


फाइल फोटो

### 92% अंक लाने वाली छात्रा की शादी करना चाहते थे परिजन

साक्षी, जो 12वीं में 92% अंक लाने वाली होनहार छात्रा है, आइएएस बनने का सपना देखती थी, लेकिन परिवार उसकी कम उम्र में ही शादी तय करना चाहता था। घरवालों के विरोध को समझते हुए साक्षी ने जनवरी में 17 वर्ष की उम्र में घर छोड़ दिया था।

### परिवार रोक रहा था शिक्षा से

साक्षी, जो 12वीं में 92% अंक लाने वाली होनहार छात्रा है, आईएएस बनने का सपना देखती थी, लेकिन परिवार उसकी कम उम्र में ही शादी तय करना चाहता था। घरवालों के विरोध को समझते हुए साक्षी ने जनवरी में 17 वर्ष की उम्र में घर छोड़ दिया था। आईएएस बनने की चाहत रखने वाली साक्षी जनवरी में घर छोड़कर चली गई थी। घर से जाने के बाद साक्षी के दोस्तों से पता चला कि छात्रा एक नोट छोड़ गई थी, जिसमें लिखा था कि 2030 में आईएएस बनकर घर लौटूंगी। मामले में साक्षी के पिता ने हाई कोर्ट में हैबियस कॉरपस याचिका लगाई।

### दूसरी बार सुपरवाइजर ने नहीं खोला ताला खनिज अमला लौटा

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद स्थित 12 महल एरिया के 16 हजार वर्गफीट एरिया से अवैध रूप से पत्थर और मुरम का परिवहन करने के मामले में दूसरी बार खनिज विभाग की टीम को साइट से वापस लौटना पड़ा। दरअसल, शिकायत के बाद जिला खनिज अधिकारी एमएस रावत ने खनिज इंस्पेक्टर पूजा वानखेड़े को मौके पर जांच करने के लिए भेजा था, लेकिन मौके पर टीनशेड में ताला मिला था। वहां केबिन में मौजूद सुपरवाईजर ने साइट की चाबी होने से इंकार कर दिया, जिसके बाद टीम वापस लौट आई। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि आधा एकड़ एरिया में पत्थर और मुरम की खुदाई कर परिवहन की शिकायत मिली है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# जैकेट का शेष

## मुंबई में रिसेप्शन...

बाद होने वाली पार्टी सांगली में होगी। बताया जा रहा है कि पलाश व स्मृति शादी के बाद एक पार्टी मुंबई में दे सकते हैं, जिसमें फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सितारे और क्रिकेटर शामिल हो सकते हैं।

## पीएम ने अपना...

भी अपना अपना गमछा लहराकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद पीएम मोदी वापस दिल्ली जा रहे थे। उन्हें विदा करने पहुंचे नीतीश कुमार ने मोदी का पैर छूने की कोशिश की।

## समारोह में ये...

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी पहुंचे।

## शहीद पंचतत्व में...

डॉ. मोहन यादव और कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने शहीद के पार्थिव शरीर को कंधा दिया, जो उनकी वीरता के प्रति सर्वोच्च सम्मान को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि शहीद इंस्पेक्टर के छोटे भाई को सारे नियमों को शिथिल करते हुए सब इंस्पेक्टर बनाया जाएगा। इसके अलावा परिवार को एक करोड़ रुपए की सम्मान निधि दी जाएगी। आशीष शर्मा के नाम पर गांव में एक पार्क और एक स्टेडियम बनाया जाएगा। इस दौरान बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा से लिपटकर हॉकफोर्स जवान रो पड़े और अपने सहकर्मियों को इस बिलखता देख पुलिस कप्तान भी फफक पड़े।

## महू कैंट बोर्ड ...

देने के बावजूद कंस्ट्रक्शन को नहीं हटाया गया। नए नोटिस में प्रॉपर्टी पर अभी रहने वाले या कानूनी वारिसों को तीन दिन के अंदर बिना इजाज़त के स्ट्रक्चर को हटाने का निर्देश दिया गया है। अगर निर्देश का पालन नहीं किया जाता है, तो कैंटोनमेंट बोर्ड हटाने की कार्रवाई करेगा और खर्च कैंटोनमेंट एक्ट के नियमों के अनुसार संबंधित पार्टी से वसूला जाएगा।

# पेज 1 का शेष

## सोशल मीडिया अपने...

भरोसे को प्रभावित कर रही हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत में काम करने वाली कंपनियों को संविधान, कानून व्यवस्था और देश की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता का सम्मान करना अनिवार्य है।

## गाजे-बाजे के साथ...

से कान्हा तथा बांधवगढ़ के बीच हेली सेवा संचालित हुई, इस मौके पर जनप्रतिनिधियों और महंतों ने इसका आनंद लिया। इस सेवा को शुरू करने में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रमुख योगदान है। उन्होंने संजीदगी के साथ अधिकारियों के साथ बैठकें कर इसे क्रियान्वित कराया। जबलपुर से अमरकंटक की सेवा का संचालन 21 नवंबर से शुरू होगा।

## किफायती किराया...

मप्र टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि किफायती किराए और कम समय में गंतव्य तक पहुंचना इस सेवा को पर्यटकों के लिए अत्यंत आकर्षक बनाएगा।

## अदालत बिल की...

विधेयकों पर अनुमोदन देने के लिए न्यायपालिका कोई समयसीमा तय नहीं कर सकती। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने राष्ट्रपति की तरफ से अनुच्छेद 143 के तहत भेजे गए 14 संवैधानिक प्रश्नों पर अपनी राय देते हुए कहा कि यह विषय संवैधानिक पदाधिकारियों के विवेक और संघीय ढांचे की मर्यादा से जुड़ा है।

## संवैधानिक प्रावधान ...

मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं, जिनमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों का जिक्र है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम...

तय कर सकती हैं?

◀ अगर राज्यपाल ने विधेयक को फैसले के लिए सुरक्षित रख लिया है तो क्या अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कोर्ट की सलाह लेनी चाहिए?

◀ क्या राज्यपाल और राष्ट्रपति द्वारा क्रमशः अनुच्छेद 200 और 201 के तहत लिए गए फैसलों पर अदालतें लागू होने से पहले सुनवाई कर सकती हैं।

◀ क्या सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 142 के द्वारा राष्ट्रपति और राज्यपाल की संवैधानिक शक्तियों में बदलाव कर सकता है?

◀ क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की मंजूरी के बिना राज्य सरकार कानून लागू कर सकती है?

## भारत में जन्मी चीता...

और अब पांच शावकों को जन्म दिया है। यह चीता प्रोजेक्ट का भारत में पहला सफल प्रजनन है। मुखी का जन्म 33 महीने पहले कूनो पार्क में हुआ था, जिसे नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने जन्म दिया है। मुखी और उसके सभी शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं।

## यह एक अभूतपूर्व...

अभूतपूर्व उपलब्धि है। इससे देश में जैव विविधता के संरक्षण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हो रहे प्रयासों को प्रोत्साहन मिलेगा।

## बैंक से रिटायर्ड मैनेजर...

देशमुख के बेटे पीयूष ने बताया कि सोमवार सुबह पापा के पास अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को भोपाल पुलिस का अधिकारी बताया। दयाराम डर गए। उन्होंने तुरंत ही पत्नी स्नेहलता को मोबाइल थमा दिया। जालसाज ने उनसे कहा कि आपके पति के अकाउंट में दिल्ली में आतंकी हमला करने आतंकवादियों ने 70 लाख डेबिट हुए हैं। करीब 7 करोड़ के टेरर फंडिंग में पुलिस जांच कर रही है। उनके मोबाइल में सिग्नल एप डाउनलोड कराया। वीडियो कॉल के माध्यम से उनसे पूछताछ की गई। उसने कहा कि आपके खाते में करीब 70 लाख अभी जमा हैं। उसे जांच के लिए सरकार के खाते में डाल दीजिए। जांच के बाद पैसा वापस हो जाएगा। अगले रोज देशमुख ने अपनी एफडी तुड़वाई। आरोपी के खाते में 68 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।

## मप्र न्यायिक अधिकारियों...

इसी तरह के फैसले का जिक्र किया। शीर्ष कोर्ट ने पूछा कि जब राज्य सरकार तैयार है, तो न्यायिक अधिकारियों को यह राहत क्यों नहीं दी जानी चाहिए? बेंच ने कहा कि न्यायिक अधिकारी और राज्य सरकार के बाकी कर्मचारी, दोनों का वेतन एक ही सरकारी खजाने से दिया जाता है। राज्य सरकार के अन्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 साल है। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के जजों और जिला अदालत के जजों की सेवानिवृत्ति की उम्र में एक साल का अंतर है। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन मप्र हाई कोर्ट की ओर से पेश हुए।

## 9 बीएलओ सस्पेंड...

15 तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। एसआईआर सर्वे की जिम्मेदारी शिक्षकों को दी गई है। बीएलओ बनने पर उनका वर्कलोड बढ़ गया है। झाबुआ में एक बीएलओ की निलंबन के अगले ही दिन मौत हो गई। झाबुआ जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को कार्य में लापरवाही के आरोप में निलंबित किया था। परिवार का कहना निलंबन के बाद से वे तनाव में थे।

## 1400 करोड़ रु. की...

के हिस्से के रूप में 7,500 करोड़ की संपत्तियां अटैच की थीं। यह जांच रिलायंस ग्रुप की विभिन्न इकाइयों में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी है, जिनका नेतृत्व अनिल अंबानी करते हैं। ईडी के अनुसार आरकॉम और उसकी समूह कंपनियों ने 2010 से 2012 के बीच घरेलू और विदेशी दोनों तरह के ऋण लिए, जिनकी कुल बकाया राशि 40,185 करोड़ रुपए थी।

## छठी मंजिल से कूदकर...

राठौर शामिल मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। निकिता 10 साल से असीम राजन नाम के युवक के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में थी। उसने पहले सिलेंडर खोलकर आग लगाने की कोशिश की। इसके बाद बालकनी से कूद गई।

## आज भोपाल सहित ...

भी बढ़ेगा। गुरुवार को नर्मदापुरम, भोपाल, ग्वालियर, दतिया, खजुराहो और रीवा आदि जिलों में मध्यम से हल्का कोहरा रहा। सुबह दृश्यता 500 से 1000 मीटर तक पहुंच गई।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रियंका मिश्रा पत्नी श्री अंकित मिश्रा एवं श्री अंकित मिश्रा आत्मज श्री अशोक कुमार मिश्रा, दोनों वयस्क, दोनों निवासी–फ्लैट नंबर आई–406, चिनार ड्रीम सिटी, होशंगाबाद रोड, भोपाल द्वारा श्री राधा कांत गोस्वामी आत्मज श्री नील मणि गोस्वामी एवं श्रीमती जया गोस्वामी पत्नी श्री राधा कांत गोस्वामी, दोनों वयस्क, दोनों निवासी–फ्लैट नंबर 505, पंचम–तल, ब्लॉक गौरव, चिनार ड्रीम सिटी, होशंगाबाद रोड, भोपाल से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति एक फ्लैट नंबर 505, जिसका कुल क्षेत्रफल 920.00 वर्गफिट अर्थात् 85.50 वर्गमीटर है तथा जो चिनार ड्रीम सिटी के ब्लॉक गौरव में पंचम–तल पर ग्राम–नरेला हनुमंत सिंह, जिला–भोपाल में स्थित है, को क्रय करने हेतु मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, भोपाल ब्रांच से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त सम्पत्ति से संबंधित प्रिवियस मूल रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र दिनांक 28.03.2014 जो कि (1) श्री रमेश कुमार भावनानी आत्मज स्व. श्री लक्ष्मणदास भावनानी, (2) श्रीमती शीतल देवी पत्नी श्री रमेश कुमार भावनानी, (3) श्री रोशन चावला आत्मज स्व. श्री रामूमल चावला, (4) श्री पिनन चावला आत्मज स्व. श्री रामूमल चावला, (5) श्री दर्शन चावला आत्मज स्व. श्री रामूमल चावला द्वारा मुख्तारआम श्री पिनन चावला आत्मज स्व. श्री रामूमल चावला एवं चिनार रियल्टी प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री सुनील मूलचंदानी आत्मज श्री गोपीचंद मूलचंदानी द्वारा श्री अविनाश करनानी आत्मज श्री सुरेश करनानी के पक्ष में निष्पादित किया गया है तथा जो उप–पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पु.क्र. अ–1, ग्रंथ–332 पर दस्तावेज क्रमांक–7815(3) देकर पंजीकृत है, का प्रथम पृष्ठ कहीं गुम हो गया है तथा बहुत ढुंढने पर भी नहीं मिल पा रहा है। यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अशासकीय विभाग, नजूल आदि का कोई लेना–देना हो या उक्त सम्पत्ति किसी के पक्ष में बंधक, दान, गिरवी, अनुबंधित हो या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से 03 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ऊपरवर्णित समयावधि में कोई आपत्ति न आने पर मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड यह मानते हुए कि उक्त दस्तावेज विक्रय–पत्र दिनांक 28.03.2014 के प्रथम पृष्ठ के गुम होने पर किसी को कोई भी आपत्ति नहीं है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने हेतु श्रीमती प्रियंका मिश्रा एवं श्री अंकित मिश्रा को ऋण प्रदान कर देगी तथा भविष्य में मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**राजीव चिमोटे** अधिवक्ता
कार्यालय फ्लैट नंबर टी-7, प्लाट नंबर 29-ए, तृतीय-तल, राजा परिसर, जोन-II-एम.पी. नगर, भोपाल।
फोन 0755 4503607 मोबा. 09827232096

### सार्वजनिक सूचना

**(भूखण्ड क्रमांक- 87 सुरभि होम्स वल्लभ नगर बरखेडा प.ह.न.-19 वार्ड 54/60 के संबंध में)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार बैंक म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, शाखा-अरेरा कॉलोनी, भोपाल से ऋण प्राप्त करने के लिये श्री कपिल साहू आत्मज श्री के.एल. साहू ने एक सम्पत्ति आवासीय भूखण्ड क्रमांक-87 जो कि 1150 वर्गफिट अर्थात 106.88 वर्गमीटर है जो सुरभि होम्स विद्या सागर इन्स्टयूट के पास वल्लभ नगर वार्ड- 60 (पुराना वार्ड-54) तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमाये, पूर्व में - रोड, पश्चिम में- प्लाट नं- 90, उत्तर में- प्लाट नं- 86, दक्षिण में- प्लाट नं 88, को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने का आवेदन प्रस्तुत किया है, जो विचाराधीन है। अतः भविष्य मे उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की उपरोक्त भूखण्ड क्रमांक-87 यदि किसी वित्तीय संस्थान, बैंक, सोसायटी, व्यक्ति या संस्था के पास विक्रय, बंधक, दान विक्रय अनुबंध, अधिकार पत्र हो, अथवा उक्त भूखण्ड क्रमांक-87 में किसी भी प्रकार का हित धारित करता हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी और मेरी पक्षकार बैंक भूखण्ड क्रमांक-87 को बंधक रखकर ऋण प्रदान करने को अग्रसर होवेगी।

भवदीय **सुभाष धोटे** अधिवक्ता
कार्या- ऑफिस-506, आलिव-59-डी, ई-8-एक्सटेंशन, बावडियाकलॉं, भोपाल-462026 मो.-9425079041

### OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL

Water Work Department
Municipal Corporation MATA MANDIR PHE CAMPUS, BHOPAL
Office Telephone No. 0755-2552471

NIT No. 11/T.Sec./EE./W.W.D./2025-26 — NOTICE INVITING e-TENDER 3rd Call — Bhopal, Dated-18.11.2025

Online Tender are inviting on appendix 2.10 from the appropriate firm that registered in Office of the Madhya Pradesh (Centralized PWD Registration Cell) for following work. The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website.

| S. No. | Name Of Work | Probable amount of Contact (In lakh) | Earnest Money Deposit (In lakh) | Cost of Tender Document (In lakh) | Completion Period (In Days) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Providing And Supply Of Fittings And Accessories For Maintenance Works Of Narmada / Kolar Feeders. (Make-ELECTROSTEEL/KEJRIWAL/JINDAL) | 36,62,338.00 | 27468.00 | 5,000.00 | 90 Days |

T.N.2693/025/026

Executive Engineer
Water Works Department
Municipal Corporation, Bhopal

### संचालनालय खेल और युवा कल्याण

टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश द्वारा **"जूड़ो, कराते, ताईक्वाडो एवं कुश्ती मेट्स प्रदाय हेतु"** निर्माता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध हैं। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/123105/2025 — संचालक

### कार्यालय थाना प्रभारी थाना शाह. बाद नगरीय पुलिस भोपाल

क्रमांक/था.प्र./शाह.बाद/भोपाल-गुम इन्सान क्र. 58/2025 — दिनांक 14.11.2025

**जाहिर सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना शाह.बाद भोपाल के गुम इन्सान क्रमाक 58/2025 मे गुमशुदा पूजा उपाध्याय पति राधेश्याम उपाध्याय उम्र-20 साल नि. टीन शेड ईदगाह हिल्स शाह. बाद भोपाल जिसका हुलिया उम्र करीबन 20 साल रंग सावंला, चेहरा लम्बा, कद करीबन 5 फीट, बाल काले, सफेद रंग का सूट पहने है जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि इस गुमशुदा व्यक्ति के संबन्ध मे किसी को कोई जानकारी हो या इसके वह इसके परिजन हो तो थाना शाह. बाद भोपाल मे आकर संपर्क करे अथवा दूरभाष नं. 947990579 जांचकर्ता सउनि. रमाशंकर खरे मो. नं. 9425680171 पर तत्काल संपर्क करे।


थाना प्रभारी
थाना शाह. बाद नगरीय
पुलिस भोपाल

जी -21684/25 — स्वच्छता ही सेवा

### कार्यालय थाना प्रभारी थाना शाहा.बाद नगरीय पुलिस भोपाल

क्रमांक/था.प्र./शाह बाद/भोपाल-गुम इन्सान क्र. 68/2025 — दिनांक 14.11.2025

**जाहिर सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना शाह बाद भोपाल के गुम इन्सान क्रमांक 68/2025 में गुमशुदा- राधिका पिता संजय आरतीया उम्र: 19 साल 04 माह निवासी झुग्गी न 25 झंडा चौक के सामने बनी टीन शेड मल्टी बाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स थाना शाहजहाँनाबाद भोपाल जिसका हुलिया उम्र करीबन 19 साल रंग सावला, लंबा चेहरा, 50 कट बाल जो लाल कलर का कुर्ता व लाल रंग का ट्राउजर तथा ग्रे कलर कि चप्पल पहने हुये है जिसके दोनो हाथो मे गुदने से अंग्रेजी मे MOMDAD लिखा व स्टार बना हुआ है जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि इस गुमशुदा व्यक्ति के संबन्ध मे किसी को कोई जानकारी हो तो थाना शाह. बाद भोपाल मे आकर संपर्क करे अथवा दूरभाष नं. 947990579 जांचकर्ता सउनि. रमाशंकर खरे मो.नं. 9425680171 पर तत्काल संपर्क करे।

थाना प्रभारी
थाना शाहा.बाद नगरीय
पुलिस भोपाल

जी -21664/25 — स्वच्छता ही सेवा

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि
रंगीन क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल





M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NSK NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्निचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

### नाम परिवर्तन

मैं ब्रजेन्द्र कुमार साहू पुत्र श्री भागीरथ प्रसाद साहू आयु 35 वर्ष, निवासी- म.न.-67, वार्ड न.-04, भोले नगर, सतलापुर, रायसेन मंडीदीप, म.प्र.। मेरी पुत्री के शासकीय अशासकीय दस्तावेजो मे अंग्रेजी व हिन्दी मे नाम व सरनेम फलक साहू (FALAK SAHU) पुत्री श्री ब्रजेन्द्र कुमार साहू (BRAJENDRA KUMAR SAHU) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड मे त्रुटिवश उसका नाम पलक साहू (PALAK SAHU) पुत्री ब्रजेन्द्र साहू दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरी पुत्री को फलक साहू (FALAK SAHU) पुत्री श्री ब्रजेन्द्र कुमार साहू (BRAJENDRA KUMAR SAHU) के नाम से जाना व पहचाना जावे ।

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

### राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

### शब्द पहेली - 6054



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

**शब्द पहेली- 6053 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | रा | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |

### सूडोकु नवताल - 6064

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6063 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

# एफसीआई द्वारा विक्रय गेहूं के दाम मंडियों से अधिक होने से ई-नीलामी में घटी खरीदारों की दिलचस्पी

## व्यापारी बोले- कुछ बचत नहीं, मंडी में मालवा शक्ति 2350 से 2550 और एफसीआई भाव 2550 रुपए क्विंटल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत अपने स्टॉक से मिलर्स-प्रोसेसर्स को गेहूं बेचने के लिए साप्ताहिक ई-नीलामी की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है, लेकिन इसमें खरीदारों की दिलचस्पी कम देखी जा रही है। क्योंकि मध्यप्रदेश में एफसीआई के ओपन बाजार भाव 2550 रुपए है तो भोपाल सहित मध्यप्रदेश की कृषि उपज मंडियों में मालवा शक्ति के भाव 2350 से 2550 रुपए प्रति क्विंटल क्वालिटीनुसार है।

भोपाल ग्रेन मर्चेन्ट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम ने 12 नवंबर को पहली नीलामी आयोजित की थी जिसे में 2 लाख टन गेहूं की बिक्री का ऑफर दिया गया था मगर इसमें से केवल करीब 73 हजार टन या 36 प्रतिशत की बिक्री ही संभव हो सकी। वजह सरकारी गेहूं के दाम ज्यादा आकर्षक नहीं है। इसका न्यूनतम या आधारभूत आरक्षित मूल्य (रिजर्व प्राइस) 2550 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है जबकि परिवहन खर्च इससे अलग है। खुले बाजार में भी गेहूं इसे कम मूल्य और लगभग इसी मूल्य स्तर पर उपलब्ध है और थोक मंडियों में आपूर्ति एवं उपलब्धता की स्थिति सुगम बनी हुई है। एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन ने कहाकि सरकारी गेहूं का दाम खुले बाजार भाव की तुलना में कम से कम 3 से 5 प्रतिशत तक नीचे होना चाहिए, तभी खरीदार इसमें दिलचस्पी दिखा सकते हैं। खरीदारों को अग्रिम भुगतान, परिवहन खर्च, दस्तावेज और अन्य खर्चों का भार उठाना पड़ता है जबकि खुले बाजार से गेहूं की खरीद में ज्यादा जटिलता नहीं होती है। जब तक मिलर्स-प्रोसेसर्स को सरकारी गेहूं की खरीद पर कुछ बचत नहीं होगी तब तक उसकी दिलचस्पी बढ़ने में संदेह है। फिलहाल पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली तथा जम्मू कश्मीर के मिलर्स सरकारी गेहूं की खरीद में रूचि दिखा रहे हैं।


गेहूं की नीलामी


मंडी प्रांगण

### भोपाल अनाज मंडी में गेहूं के थोक भाव पर एक नजर प्रति क्विंटल में

| | |
|---|---|
| मालवा शक्ति गेहूं | 2350 से 2550 रु. |
| मिल क्वालिटी गेहूं | 2450 से 2525 रु. |
| 1544 गेहूं | 2550 से 2750 रु. |
| लोकवन गेहूं | 2600 से 2800 रु. |
| शरबती गेहूं | 3000 से 3500 रु. |

गेहूं की आवक- मंडी प्रांगण में 1500 बोरे की

---

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले

# सामान्य मुद्रास्फीति और अच्छी वृद्धि के बीच भारत स्थिर मौद्रिक नीति बनाए रखेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को आश्वासन दिया कि भारत आने वाले वर्षों में एक स्थिर नीतिगत माहौल, निरंतर नियामक सरलीकरण, मज़बूत आर्थिक विकास और बहुत ही मध्यम मुद्रास्फीति प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि ये स्थितियां निवेशकों के लिए आदर्श हैं। सिंगापुर में ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए वैष्णव ने एक स्थिर, जिम्मेदार और नवाचार-संचालित डिजिटल और आर्थिक भविष्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के बारे में बताया।

देश के मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालते हुए, वैष्णव ने कहाकि उच्च विकास और मध्यम मुद्रास्फीति के साथ, भारत आने वाले वर्षों में एक स्थिर नीति व्यवस्था, निरंतर सरलीकरण, अच्छी वृद्धि और बहुत ही मध्यम मुद्रास्फीति प्रदान करता रहेगा - एक ऐसी स्थिति जिसका हर निवेशक इंतज़ार कर रहा है। इसके अलावा उन्होंने वैश्विक निवेशकों को अगले साल नई दिल्ली में होने वाले न्यू इकोनॉमी फ़ोरम में शामिल होने का निमंत्रण दिया, और वैश्विक आर्थिक परिवर्तन में एक प्रमुख चालक बनने के लिए भारत की तत्परता को रेखांकित किया।

### तिमाही के 44.42 लाख करोड़ से 7.8 प्रतिशत सालाना की वृद्धि




2025 की पहली तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रुपये थी। यह पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 44.42 लाख करोड़ रुपये से 7.8 प्रतिशत सालाना की वृद्धि है।

यह वृद्धि सेवाओं, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन से प्रेरित थी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में भारत के विकास अनुमान को संशोधित किया, इसे इस वर्ष के लिए 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया। दूसरी ओर, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2025 में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति तेजी से गिरकर 0.25 प्रतिशत हो गई, जो वर्तमान सीपीआई श्रृंखला की साल-दर-साल सबसे कम मुद्रास्फीति है।

---

# विदेशी बैंकों की शाखाएं खोलने पर सरकार ने आरबीआई प्रस्ताव की समीक्षा की

शाखाओं के स्थान बदलने पर भी विचार किया


बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने गुरुवार को इंटर-डिपार्टमेंटल कमिटी की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा भारत में विदेशी बैंकों की शाखाएं, प्रतिनिधि कार्यालय और सहायक इकाइयाँ खोलने से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हुई।
बैठक में भारतीय बैंकों द्वारा विदेशों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने से जुड़े प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही भारत में मौजूद विदेशी बैंकों की शाखाओं के स्थान बदलने से जुड़े अनुरोधों पर भी विचार किया गया। बैठक के बाद समिति ने संबंधित प्रस्तावों पर अपनी सिफारिशें दीं। बैठक में गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, वाणिज्य विभाग और आरबीआई के प्रतिनिधि शामिल हुए। वित्त मंत्रालय के अनुसार यह समिति डीएफएस के अंतर्गत कार्य करती है और विदेशी तथा भारतीय बैंकों से आने वाले ऐसे प्रस्तावों का मूल्यांकन करती है।

### वित्तीय समावेशन और डिजिटल बदलाव भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक

इससे पहले नागराजू ने कहा था कि वित्तीय समावेशन और डिजिटल बदलाव हाल के वर्षों में भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक हैं। उन्होंने बताया कि भारत का फाइनेंशियल इन्क्लूज़न इंडेक्स मार्च 2025 में बढ़कर 67.0 हो गया, जो पिछले वर्ष 64.2 था। नागराजू ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के खातों की संख्या पिछले डेढ़ साल में 52 करोड़ से बढ़कर 57 करोड़ तक पहुँच गई है।

---

# एमजी मोटर ने 400 दिनों में एमजी विंडसर की 50 हजार यूनिट्स बेची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने 400 दिनों में एमजी विंडसर की 50 हजार यूनिट्स बेचने की उपलब्धि हासिल की है। यह कंपनी के लिए एक ऐतिहासिक कामयाबी है। इस कामयाबी के साथ एमजी विंडसर भारत की पहली इलेक्ट्रिक कार बन गई है, जिसकी रिकॉर्ड समय में 50,000 यूनिट्स बिक चुकी हैं। इससे इलेक्ट्रिक कार की श्रेणी में कंपनी का नेतृत्व प्रदर्शित होता है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर, अनुराग महरोत्रा ने कहाकि हम एक व्यवहारिक, स्टाईलिश और मूल्य-संचालित मोबिलिटी समाधान पेश करना चाहते थे।

### जीई एयरोस्पेस करेगी 14 मिलियन डॉलर का निवेश

**पुणे**। जीई एयरोस्पेस ने घोषणा की कि वह अपनी पुणे स्थित मैन्युफैक्चरिंग सुविधा की क्षमता बढ़ाने के लिए 14 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नया निवेश करेगी। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब यह सुविधा अपने संचालन के 10 सफल वर्षों का जश्न मना रही है। यह निवेश पिछले वर्ष घोषित 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के अतिरिक्त है।

### ब्लैक फोर्ट रम बनी तेजी से बढ़ता ब्रांड बना

**भोपाल**। सोम ग्रुप ऑफ कंपनीज का प्रीमियम डार्क रम ब्रांड, ब्लैक फोर्ट रम उपभोक्ता मांग और मजबूत वितरण नेटवर्क के साथ शानदार प्रदर्शन कर रहा है। यह ब्रांड वर्तमान में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में उपलब्ध है और वित्त वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट बिक्री दर्ज की है। ब्लैक फोर्ट रम 25 से अधिक प्रमुख शहरों जैसे भोपाल, इंदौर सहित सभी जगह उपलब्ध है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक वृत्त 06 मिसरोद, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल, म.प्र.**

क्र. 02/रा.नि./2025
भोपाल, दिनांक 19/11/2025

**सूचना-पत्र**

प्रति,
1-श्रीमती अंजली खन्ना पत्नि श्री अशोक कुमार खन्ना निवासी 120 श्रीराम कालोनी होशंगाबाद रोड भोपाल
2-मेसर्स भगवती रियल्टी द्वारा भागीदार संजय बूलचंदानी डी डी बूलचंदानी पता भोपाल
3-श्री मयंक गुप्ता पुत्र किशोर गुप्ता पता भोपाल
4-हल्का पटवारी ग्राम बागमुगालिया

आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला-भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक-0361/अ-12/2025-26 में आवेदिका श्रीमती अंजली खन्ना पत्नि श्री अशोक कुमार खन्ना निवासी 120 श्रीराम कालोनी होशंगाबाद रोड भोपाल द्वारा ग्राम-बागमुगालिया प.ह.नं.-21, रा.नि.मं-.06 मिसरोद, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल में स्थित भूमि खसरा नं.353/2/8 रकबा 0.1050 हे. भूमि का सीमांकन किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका न्यायालय के आदेश पालन में आवेदित भूमि का स्थल पर सीमांकन कर जांच प्रतिवेदन, पंचनामा, फील्डबुक, नक्शा, सूचना-पत्र के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः आवेदित भूमि का सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 22/11/2025 को समय 3.00 बजे आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना-पत्र जारी किया गया। सूचना पत्र तामीली उपरांत आप लोग अनुपस्थित रहते है तो सीमांकन कार्य आपकी अनुपस्थिति की दशा में स्थगित नही किया जायेगा। अतिआवश्यक शासकीय कार्य होने कि स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पडोसी भूमिस्वामी के पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक कोलार**

---

20 देशों के 600 से अधिक प्रदर्शक होंगे शामिल

# आईएमटीईएक्स फॉर्मिंग 2026-मेटल फॉर्मिंग टेक्नोलॉजी शो आज से, उद्योग दिग्गज आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडियन मशीन टूल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएमटीएमए) 21 से 25 जनवरी 2026 तक बेंगलुरु के बैंगलोर इंटरनेशनल एग्जीबिशन सेंटर में आईएमटीईएक्स फॉर्मिंग 2026 का आयोजन करेगी।

पांच दिवसीय यह प्रदर्शनी विनिर्माण क्षेत्र में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और उच्च उत्पादकता समाधान अपनाने को और गति देने के लिए एक अनोखा मंच प्रदान करेगी। आईएमटीएमए की अध्यक्ष सुश्री मोहिनी केलकर ने कहाकि हालांकि भारतीय मशीन टूल बाजार में मेटल फॉर्मिंग की हिस्सेदारी वर्तमान में 29 फीसदी है, लेकिन आने वाले वर्षों में इस सेगमेंट के उल्लेखनीय रूप से बढने की उम्मीद है। 25 में मेटल फॉर्मिंग मशीन टूल्स की खपत 9,139 करोड़ रही, जबकि उत्पादन 2,696 करोड़ रहा। कुल मिलाकर मेटल फॉर्मिंग मशीन टूल्स के निर्यात में वर्ष-दर-वर्ष लगभग 6फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। आईएमटीएमए के महानिदेशक एवं सीईओ जीबक दासगुप्ता ने कहाकि लेजर और लेजर-आधारित अनुप्रयोग विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में तेजी से स्वीकार किए जा रहे हैं और आईएमटीईएक्स फॉर्मिंग में लेजर-आधारित निर्माताओं की भागीदारी लगातार बढ़ी है। प्रदर्शक फाइबर लेजर मशीनें, प्रिसीजन लेवलर्स, पिक-एंड-प्लेस यूनिट्स, सर्वो प्रेस, मशीन प्रोडक्शन मॉनिटरिंग सिस्टम, वेल्डिंग और 3ष्ठ प्रिंटिंग सॉल्यूशंस प्रदर्शित करेंगे। आईएमटीईएक्स फॉर्मिंग 2026 घरेलू उत्पादों के विनिर्माण और उनके निर्यात को तेज गति प्रदान करेगा।

---

# चेंबर पदाधिकारियों और व्यापारियों में मंडी व्यापारी के साथ लूट की घटना से आक्रोश

## बोले- असुरक्षा की स्थिति निर्मित, तत्काल अपराधियों को करें गिरफ्तार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कृषि उपज मंडी जबलपुर के व्यापारी के कर्मचारी के साथ आपराधिक तत्वों द्वार हमला कर 19 लाख रुपए लूट लिए की घटना को को जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री सहित मंडी व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।

व्यापारियों और चेंबर के पदाधिकारियों ने कहाकि जबलपुर में बढ़ती अपराधिक घटनाएं पुलिस प्रशासन की उदासीनता को उजागर कर रही है और यहां के व्यापारी में असुरक्षा की स्थिति निर्मित हो गई है। चेंबर के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने प्रशासन से शीघ्र कार्यवाही कर अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। व्यापरियों ने कहाकि उत्पन्न असुरक्षा की भावना के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अपराधी का तत्काल पकड़कर कर सुरक्षा प्रदान करें। इस घटना की निंदा करते हुए जबलपुर चेंबर के कमल ग्रोवर, प्रेम दुबे, अजय अग्रवाल, अजय बख्तावर, बलदीप सिंह मैनी, पंकज माहेश्वरी, सतीश जैन, दीपक नौगरयया, वीरेंद्र केशरवानी, दीपक जैन, मुकेश जैन, मुकेश अग्रवाल (बंसाला), राधेश्याम अग्रवाल, राजीव बडेरिया, दीपक सेठी, राकेश श्रीवास्तव, भीमलाल गुप्ता, रजनीश त्रिवेदी, अ शशिकांत पांडेय आदि ने तत्काल प्रशासन से कार्यवाही करने की अपील की है।

### एनआईएस मैनेजमेंट का मुनाफा 13 फीसदी बढ़ा

**कोलकाता**। एनआईएस मैनेजमेंट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की कुल आय 214.89 करोड़, एबिटडा 16.73 करोड़, निवल लाभ 10.22 करोड़ के अलावा 204.69 करोड़ की कुल आय हुई। एबिटडा 13.95 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 9.121 करोड़ दर्ज हुआ। कंपनी प्रबंध निदेशक देबाजीत चौधरी ने कहा कि सुरक्षा सेवा को बेहतर बनाने पर फोकस दर्शाती है।

**कार्यालय नियंत्रक शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री म.प्र. भोपाल**

क्रमांक. 938 जी.बी.-5/विविध/(रद्दी कतरन)/2025 भोपाल, दिनांक 18-11-2025

// निविदा विज्ञप्ति सूचना //

1- शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल के परिसर में एकत्रित रददी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटको के विक्रय हेतु अनुभव एवं पात्रता रखने वाले इच्छुक निविदाकारों से MPSEDC की बेवसाईट http://www.mptenders.govt.in के माध्यम से दिनांक 10-12-2025 दोपहर 01:00 बजे तक की -डेट्स अनुसार दरे आमंत्रित की जाती है।

2- निविदा का तकनीकी निविदा भाग दिनांक 11-12-2025 को दोपहर 02:00 बजे की डेट्स अनुसार खोला जावेगा।

3- निविदा विज्ञप्ति एवं शर्तो आदि को अवलोकन हेतु शासकीय प्रेस की वेबसाइड http://govtpress.mp.gov.in पर रखा गया है।

4- निविदा से संबन्धित किसी प्रकार की सूचना / संशोधन अथवा सुधार की स्थिति में जानकारी MPSEDC की वेबसाइड http://www.mptenders.govt.in पर उपलब्ध रहेगी।

(नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदित)

उप नियंत्रक
वास्ते नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म.प्र. भोपाल

G-21673/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

**HDFC BANK** एचडीएफसी बैंक लि., भारत सॉ मिल, इंडियन कॉफी हाउस के पास, जिला कटनी (म.प्र.)

**नीलामी सूचना**

अधोलिखित देनदार ने प्लेज स्टॉक के खिलाफ ऋण प्राप्त किया है। बैंक द्वारा डिमांड/ लिक्विडेशन नोटिस जारी किये जाने के बावजूद देनदार ने पूर्णतः बकाया नहीं चुकाया। अतः बैंक ने इंडियन कांट्रेक्ट एक्ट 1872 की सेक. 176 के तहत तथा निम्न गोदाम में स्टोर सामान के स्टॉक को इच्छुक पार्टियों से जैसी है जहां है व कोई ''रिकोर्स नही'' आधार पर बेचना तय किया है। कॉमोडिटी यानि **सोयाबीन, श्री शुभम लॉजिस्टिक्स लिमिटेड** की लॉक व चाबी के तहत गोदाम में स्टोर है। यदि चाहे तो निम्न देनदार मौजूद रह सकता है।

**नीलामी का स्थान: एचडीएफसी बैंक लि., भारत सॉ मिल, इंडियन कॉफी हाउस के पास, जिला कटनी, मध्यप्रदेश**

| ऋणकर्ता का नाम | गोदाम का पता | कमोडिटी की मात्रा एमटी में | कमोडिटी का आरक्षित मूल्य प्रति एमटी |
|---|---|---|---|
| केबीसी एक्सपोर्ट | श्री बालाजी लॉजिस्टिक्स, बालाजी धर्म कांटा के पास, ग्राम अमाओनी वार्ड, ग्राम अमाओनी, शहर, जिला सागर - 470002 (म.प्र.) | सोयाबीन : 163.15 | Rs. 40,000/- |

**बिड आवेदन : एचडीएफसी बैंक लि., भारत सॉ मिल, इंडियन कॉफी हाउस के पास, जिला कटनी, मध्यप्रदेश** पर कार्यदिवस में दिनांक **21.11.2025 से 26.11.2025 तक** सुबह 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच जमा करें।

बिड को बैंक के प्राधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा **27.11.2025** को **2.00 बजे से 4.00 बजे** के बीच (नीलामी की तिथि) उपलब्ध/इच्छुक बिडर्स के सामने **एचडीएफसी बैंक लि., भारत सॉ मिल, इंडियन कॉफी हाउस के पास, जिला कटनी, मध्यप्रदेश** की ब्रांच पर खोली जाएगी।

निविदाकर्ताओं/संभावित खरीददारों को यदि वे चाहें तो निविदाएं खोले जाने के बाद अपने प्रस्तावों को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। इसलिए, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे स्वयं/व्यक्तिगत रुप से या अपने विधिवत अधिकृत और अधिकार प्राप्त प्रतिनिधियों के माध्यम से प्राधिकरण के दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें।

**प्राधिकार के दस्तावेज के साथ नीलामी की शर्ते श्री राजेश चौधरी मो. 8823878774 के पास हमारी उक्त ब्रांच पर उपलब्ध है।**

दिनांक : 21-11-2025 एचडीएफसी बैंक लि.
स्थान : सागर (म.प्र.) हस्ता- प्राधिकृत अधिकारी

---

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी में नवाचार: डिजाइन और उद्यमिता पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ



**भोपाल**। एलएनसीटी में जिला शिक्षा अधिकारियों और डाइट सदस्यों के लिए नवाचार, डिजाइन और उद्यमिता पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का शुभारंभ निर्मल कालेब, डिप्टी डायरेक्टर डीपीआई, भोपाल गिरीश कुमार भसीन, असिस्टेंट डायरेक्टर, एआईसीटीई, नई दिल्ली, जेएन चौकसे, चेयरमैन, एलएनसीटी समूह, पूजा जैन, असिस्टेंट डायरेक्टर, स्कूल शिक्षा विभाग, डा.अरविंद देशमुख, मास्टर ट्रेनर और कंसल्टेंट वाधवानी, फाउंडेशन,डा. रंजना पटेल एंटरप्रेन्योरशिप एजुकेटर की उपस्थिति में हुआ। इसमें मप्र के विभिन्न जिलों से आए शिक्षा अधिकारी और डाइट से आए शिक्षक भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर निर्मल कालेब, गिरीश कुमार भसीन, असिस्टेंट डायरेक्टर, एआईसीटीई विस्तृत विषय पर प्रकाश डाला। जेएन चौकसे, चेयरमैन, एलएनसीटी समूह ने कहा की हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र को आत्म निर्भर बनाने ओर विकसित करने के लिए स्वदेशी, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा दे रहे हैं और यह हम सभी की जिम्मेदारी है।

### लुईस फिलीप का 'द रॉयल मैस्कैरेड' कलेक्शन लांच

**बेंगलुरु**। आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड के प्रीमियम मेंसवियर ब्रांड लुईस फिलीप ने अपना नया सेरेमोनियल कलेक्शन 'द रॉयल मैस्कैरेड' लांच किया है। यह कलेक्शन वेनिस के प्रतिष्ठित मैस्कैरेड कल्चर के आकर्षण, रहस्य और रोमांस को आज के आधुनिक फैशन में एक नई, समकालीन लक्जरी भाषा में रूपांतरित करता है। लुईस फिलीप इस ऐतिहासिक सौंदर्यबोध को आधुनिक पुरुष के लिए नए अंदाज़ में गढ़ता है जहां संरचित टेलरिंग, विविध टेक्सचर, ज्वेल-टोन रंग और कूट्योर-स्तरीय डिटेलिंग मिलकर समकालीन सेरेमोनियल वॉर्डरोब की नई परिभाषाएं रचते हैं।

### मेटा रे-बॅन स्मार्ट ग्लासेस आज होगा लांच

**बेंगलुरु**। मेटा रे-बॅन स्मार्ट ग्लासेस आज अमेजन.इन पर लांच होंगे, जिससे तेजी से बढ़ रही वेयरेबल कैटेगरी तक ग्राहकों की पहुंच और बढ़ेगी। यह लॉन्च ऐसे समय हो रहा है जब अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 के दौरान प्रीमियम वेयरेबल्स सेगमेंट में करीब 40 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि स्मार्ट ग्लासेस की खोज में साल-दर-साल 4.6 गुना उछाल देखने को मिला। कंपनी की डायरेक्टर जेबा खान ने कहाकि रे-बॅन मेटा ग्लासेस में 12एमपी अल्ट्रा-वाइड कैमरा, पांच माइक्रोफोन और ओपन-ईयर स्पैशियल ऑडियो स्पीकर्स दिए गए हैं, जिनमें मेटा एआई की सुविधाएं भी शामिल हैं। यूजर बिना हाथ लगाए फोटो ले सकते हैं, कॉल कर सकते हैं, रिमाइंडर सेट कर सकते हैं और एआई की मदद प्राप्त कर सकते हैं।

### अलाना ने लांच किया पहला लिप-केयर ब्रांड

**नई दिल्ली**। अलाना ने अमेजन पर भारत का पहला विशेष लिप-केयर ब्रांड अलाना लांच किया। अमेजन लांच पैड कार्यक्रम ने विश्वसनीयता, राष्ट्रव्यापी पहुंच और ग्राहकों को नए, नवोन्मेषी ब्रांड तलाशने के लिए विश्वसनीय माहौल प्रदान किया। अमेजन के लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे, पारदर्शी प्रणाली और मार्केटिंग (विपणन) समर्थन के साथ, अलाना तेज़ी से विस्तार करने और घरेलू बाजार में दूर-दूर के ग्राहकों तक पहुंचने में कामयाब रहा। इस मार्केटप्लेस ने ब्रांड को दृश्यता (विजिबिलिटी) संबंधी चुनौतियों से उबरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ख़ास तौर पर टियर-2 और टियर-3 क्षेत्रों में, जहां विशिष्ट सौंदर्य समाधानों के बारे में जागरूकता अभी भी उभर रही है।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda** **ई- नीलामी विक्रय सूचना**

SCAN HERE For detailed terms & conditions.

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ जो बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **कब्जा** बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्न वर्णित ऋणियों से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

| शाखा/ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | चल एवं अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| क्षेत्रीय तनावग्रस्त अस्ति वसूली शाखा (आर.ओ.एस.ए.आर.बी) ग्वालियर , सिटी सेंटर, प्रथम तल, बीएसएनएल बिल्डिंग, ग्वालियर, म.प्र.474001 मो.7880153116 | | | | |
| ऋणी- श्रीमती निर्मला प्रजापति पत्नि दिनेश प्रजापति | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित रिहायशी फ्लैट स्थित फ्लैट नं. 01, चतुर्थ तल, क्षिप्रा ब्लॉक-1, प्लाट नं. 10 का भाग, सेक्टर-डी, इण्डस्ट्रियल एरिया, वार्ड नं. 13, मंडीदीप, तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- श्रीमती निर्मला प्रजापति पत्नि श्री दिनेश प्रजापति चर्तुसीमाएं- पूर्व- क्षिप्रा ब्लॉक 1 चतुर्थ तल फ्लैट नं. 02, पश्चिम- खुला, उत्तर- खुला, दक्षिण- कॉरिडोर भौतिक कब्जा | ₹ 5,00,000/- / ₹ 50,000/- / ₹ 10,000/- | 08.12.2025 दोपहर 2.00 बजे से 6.00बजे तक | 24.10.2019 / 24-08-2020 / 12,28,884/- +ब्याज एवं खर्च |
| ऋणी- श्रीमती निर्मला प्रजापति पत्नि दिनेश प्रजापति | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित रिहायशी फ्लैट स्थित फ्लैट नं. 02, चतुर्थ तल, क्षिप्रा ब्लॉक-1, प्लाट नं. 10 का भाग, सेक्टर-डी, इण्डस्ट्रियल एरिया, वार्ड नं. 13, मंडीदीप, तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- श्रीमती निर्मला प्रजापति पत्नि श्री दिनेश प्रजापति चर्तुसीमाएं- पूर्व- क्षिप्रा ब्लॉक 1 चतुर्थ तल फ्लैट नं. 03, पश्चिम- क्षिप्रा ब्लॉक 1 चतुर्थ तल फ्लैट नं. 01, उत्तर- खुला, दक्षिण- कॉरिडोर भौतिक कब्जा | ₹ 5,00,000/- / ₹ 50,000/- / ₹ 10,000/- | 08.12.2025 दोपहर 2.00 बजे से 6.00बजे तक | 24.10.2019 / 24-08-2020 / 12,29,182/- +ब्याज एवं खर्च |
| ऋणी- श्रीमती कविता शिवनानी पुत्री श्री नाथूराम शिवनानी | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित रिहायशी फ्लैट स्थित फ्लैट नं. 05, चतुर्थ तल, क्षिप्रा ब्लॉक-1, प्लाट नं. 10 का भाग, सेक्टर-डी, इण्डस्ट्रियल एरिया, वार्ड नं. 13, मंडीदीप, तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- श्रीमती कविता शिवनानी पुत्री श्री नाथूराम शिवनानी चर्तुसीमाएं- पूर्व- क्षिप्रा ब्लॉक 1, फ्लैट नं. 04, पश्चिम- क्षिप्रा ब्लॉक 1 चर्तुथ तल फ्लैट नं. 06, उत्तर- कॉरिडोर, दक्षिण- क्षिप्रा ब्लॉक 1 चर्तुथ तल फ्लैट नं. 02, भौतिक कब्जा | ₹ 5,00,000/- / ₹ 50,000/- / ₹ 10,000/- | 08.12.2025 दोपहर 2.00 बजे से 6.00बजे तक | 03.02.2020 / 24-08-2020 / ₹12,36,928/- +ब्याज एवं खर्च |
| ऋणी- श्रीमती कविता शिवनानी पुत्री श्री नाथूराम शिवनानी | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित रिहायशी फ्लैट स्थित फ्लैट नं. 06, चतुर्थ तल, क्षिप्रा ब्लॉक-1, प्लाट नं. 10 का भाग, सेक्टर-डी, इण्डस्ट्रियल एरिया, वार्ड नं. 13, मंडीदीप, तहसील गौहरगंज जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 600 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- श्रीमती कविता शिवनानी पुत्री श्री नाथूराम शिवनानी चर्तुसीमाएं- पूर्व- क्षिप्रा ब्लॉक 1 फ्लैट नं. 05, पश्चिम- खुला, उत्तर- कॉरिडोर, दक्षिण- क्षिप्रा ब्लॉक 2 चर्तुथ तल फ्लैट नं. 01, भौतिक कब्जा | ₹ 5,00,000/- / ₹ 50,000/- / ₹ 10,000/- | 08.12.2025 दोपहर 2.00 बजे से 6.00बजे तक | 03.02.2020 / 24-08-2020 / ₹12,24,450/- +ब्याज एवं खर्च |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https:// www.bankofbaroda.in / e-auction.htm एवं http://BAANKNET.com देखें। इच्छुक निविदाकर्ता प्राधिकृत अधिकारी उपरोक्त तालिका में वर्णित दूरभाष क्रमांक पर सम्पर्क कर सकते हैं।
कृपया ध्यान दें - किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए बैंक की वेबसाइट http://BAANKNET.com पर दर्ज विवरण ही मान्य होगा।

तारीख : 20.11.2025 प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

चिंतन

# बिहार में एक बार फिर सुशासन बाबू सरकार

बिहार में एक बार फिर से सुशासन राज का श्रीगणेश हो गया। मिस्टर क्लीन नाम से प्रसिद्ध नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बन गए हैं। गुरुवार को उन्होंने पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री के साथ 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। जमुई से जीतीं श्रेयसी सिंह समेत 10 नए चेहरों को नीतीश कैबिनेट में जगह दी गई है। चुनाव से पहले नितीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर तरह- तरह की बातें होती रहीं, लेकिन उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान सैकड़ों रैलियां करके दिखा दिया कि वे पूरी तरह से तैयार हैं। जेडीयू ने 2020 में मिली अपनी सीटों की संख्या लगभग दोगुनी करते हुए 85 सीटें हासिल कीं। नतीजों ने नीतीश की उस क्षमता को भी दिखाया, जिसमें वे गठबंधन को अपना वोट ट्रांसफर कर सकते हैं। चाहे वह किसी भी गठबंधन में हों। हालांकि यह क्षमता लालू प्रसाद और तेजस्वी, मायावती, मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव और चिराग पासवान में भी है, लेकिन नीतीश को जो बात विशिष्ट बनाती है, वह यह है कि वे अपने साथ जुड़ी सभी जातियों के बीच यह कर दिखाते हैं। नीतीश की अपनी जाति, कुर्मी की संख्या बेहद कम है, लेकिन यह तथ्य उनके लिए कोई बाधा नहीं रहा है, ईबीसी, गैर-यादव ओबीसी और महिलाओं का गठबंधन बनाने में उनकी राजनीतिक प्रतिभा को दर्शाता है। अगड़ी जातियों में भी उनके प्रति कोई द्वेष नहीं है। ऐसे राज्य में जहां जातिगत समीकरण गहरे हैं, यह उन्हें एक खास स्थान दिलाता है। नीतीश अपने विकास कार्यों और नेक नियति के लिए जाने जाते हैं। राजनीति में इतनी लंबी पारी गुजारने के बाद भी विरोधियों के पास उनके खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है। न तो कोई भ्रष्टाचार का मामला और न ही फेराफेरी की गुंजाइश। इसीलिए उन्हें मिस्टर क्लीन भी कहा जाता है। उनके मंत्रियों पर आरोप लगते हैं, लेकिन किसी ने भी सीएम पर भ्रष्टाचार की उंगली नहीं उठाई। राजद प्रमुख लालू यादव के उलट, उन पर अपने बेटे को बढ़ावा देने का आरोप भी नहीं लगाया जा सकता। लालू-राबड़ी के शासनकाल के बाद बिहार को फिर से पटरी पर लाने के लिए उनके शासन और नीतिगत प्रयासों की व्यापक रूप से सराहना की जाती है। बिजली की नियमित उपलब्धता, जो अब समाज के बड़े हिस्से के लिए लगभग मुफ्त है, राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों का जाल और बेहतर कानून-व्यवस्था ने उन्हें प्यार दिलाया। वे बिहार के चहेते बन गए। उनके द्वारा किए गए विकास के चर्चे पूरे बिहार ही नहीं देशभर में होते हैं। पहली बार वह मार्च 2000 में सीएम बने, लेकिन बहुमत न होने के कारण सिर्फ सात दिन बाद ही इस्तीफा देना पड़ा। 2005 में उन्होंने लालू प्रसाद के वर्चस्व को खत्म कर एनडीए सरकार बनाई। 2010 के चुनाव में भी उन्हें बड़ी जीत मिली, जिसके बाद वह फिर मुख्यमंत्री बने। हालांकि 2014 लोकसभा चुनाव में जदयू की हार के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने जीतन राम मांझी को सीएम बनाया, लेकिन फरवरी 2015 में एक बार फिर खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल ली। नवंबर 2015 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को भारी सफलता मिली और उस सरकार में भी नीतीश ही मुख्यमंत्री रहे। 2017 में राजद से टकराव के बाद उन्होंने फिर एनडीए सरकार बनाई। 2020 चुनाव के बाद वे फिर से मुख्यमंत्री बने। 2022 में 8 बार सीएम बने और फिर 2024 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ये अपने आप में रिकार्ड है और नीतीश इसके नायक। उम्मीद की जानी चाहिए कि वे अपनी सुशासन बाबू की छवि को और बेहतर निखारेंगे।



अंकुश
प्रमोद भार्गव

# अंतिम सांसें गिनता नक्सली माओवाद

**मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के बाद सात अन्य नक्सलियों को भी मार गिराया है। इसके साथ तय है कि अब नक्सली हिंसा अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसका समूल नाश हो जाएगा, क्योंकि अब प्रमुख नक्सली सरगनाओं की गिनती मात्र 3-4 तक सिमट गई है। यदि वे हथियार डालकर समर्पण नहीं करते हैं तो उनका भी अंत होना तय है। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती है लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।**

छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के बाद सात अन्य नक्सलियों को भी मारने के साथ तय है कि अब नक्सली हिंसा अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसका समूल नाश हो जाएगा, क्योंकि अब प्रमुख नक्सली सरगनाओं की गिनती मात्र 3-4 तक सिमट गई है। यदि वे हथियार डालकर समर्पण नहीं करते हैं तो उनका भी अंत होना तय है। हालांकि इस मुठभेड़ में मप्र के बालाघाट में पदस्थ निरीक्षक आशीष शर्मा को बलिदान देना पड़ा है। माओवादी अर्से से देश में एक ऐसी जहरीली विचारधारा रही है, जिसे नगरीय बौद्धिकों का समर्थन मिलता रहा है। ये बौद्धिक नक्सली संगठनों को आदिवासी समाज का हितचिंतक मानते रहे हैं, जबकि जो आदिवासी नक्सलियों के विरोध में रहे, उन्हें इनकी हिंसक क्रूरता का शिकार होना पड़ा है। बावजूद इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि देश के वामपंथी दलों को कभी भी सुरक्षाबलों का नक्सलियों के खिलाफ चलाया जा रहा सफाये का अभियान पसंद नहीं आया। इससे पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी।

नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाएं जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 2024 में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-14 की तुलना में 2014 से 2024 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004 से 2014 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई हैं और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है। उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस



तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाके हैं, जिनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्त्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है। हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्त्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। इस मुठभेड़ में मारे गए हिड़मा का बस्तर के इस जंगली क्षेत्र में बोलबाला रहा है। अब हिड़मा के मारे जाने के बाद नक्सली समस्या के हल की गुंजाइश बढ़ गई है। कांग्रेस की पूर्व केंद्र तथा छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार नक्सली समस्या से निपटने के लिए दावा करती रही हैं कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि तत्कालीन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही है, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुश विकास की धारा से लग रहा है, क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले थे। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अपदस्थ कर भाजपा फिर सत्ता में आई, उसके बाद से ही नक्सलियों के सफाए का सिलसिला चल रहा है। दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती हैं। लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ.रमेश ठाकुर




# सूचना संसार पर 'टेलीविजन' ने जमाया अंगद की तरह कदम

चाहें सूचनाएं हों या मनोरंजन के साधन, दोनों ही धड़े अब टेलीविजन के इर्द-गिर्द ठहर गए हैं। सूचनाओं के प्लेटफार्म बेशक बहुतेरे हों, जैसे अखबार, रेडियो, सोशल मीडिया आदि, टीवी ने दर्शकों का सर्वाधिक हिस्सा अपनी ओर घुमा लिया है। आज 'विश्व टेलीविजन दिवस' है जो सालाना नवंबर की 21 तारीख को समूचे संसार में मनाया जाता है। वर्ष 1996 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस मकसद के साथ घोषित किया, ताकि निर्णय लेने में टेलीविजन के बढ़ते प्रभाव को पहचाना जा सके और शांति, सुरक्षा और आर्थिक व सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में इसकी भूमिका को सराहा भी जा सके। टेलीविजन दर्शकों को उनकी पसंद का सारा मनचाहा मैटेरियल घर बैठे-बिठाए परोस रहा है। इसलिए कह सकते हैं कि टेलीविजन ने अंगद की भांति देश-दुनिया की तमाम सूचनाओं और मनोरंजनों के साधनों को पहुंचाने और विचारों के आदान-प्रदान के तौर पर अपने पांव मजबूती से जमा लिए हैं। भारत में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत दिल्ली से 15 सितंबर, 1959 को हुई, जो कुछ वर्षों में तेजी से रफ्तार पकड़ी। टीवी के आविष्कार की जहां तक बात है, तो एक प्रसिद्व स्कॉटिश इंजीनियर थे जिन्होंने टीवी को पहली मर्तबा खोजा। नाम था 'जॉन लोगी बेयर्ड'। जॉन ने वर्ष-1924 में टीवी का श्रीगणेश किया। फिर 1927 में संसार में पहले वर्किंग टेलीविजन का निर्माण हुआ, जिसे सितंबर की पहली तारीख और सन 1928 को प्रेस के सामने प्रस्तुत किया गया। इसके बाद टीवी ने अपना ऐसा प्रभाव छोड़ा, जिसके सामने समूचा संसार नतमस्तक हो गया। वैसे, कलर टेलीविजन के आविष्कार का भी श्रेय महान वैज्ञानिक 'जॉन लोगी बेयर्ड' को ही जाता है जिन्होंने 1928 में टीवी के सफेद पर्दे को रंगीन में बदला था। उसके बाद से रंगीन टीवी का प्रचलन आरंभ हुआ। रेडियो ने जहां आवाज और अखबार ने पठनीय माध्यमों से सूचनाओं को पंख लगाए हैं। वहीं, टेलीविजन ने संचार को दृश्यात्मकता तौर पर आंखें प्रदान कर दी हैं। टेलीविजन की पकड़ सिर्फ मनोरंजन तक नहीं है, बल्कि, समाचार, विचार, शिक्षा और जागरूकता जैसे असंख्य क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। टीवी आमजनों की विभिन्न जिज्ञासाओं को भांप कर उन्हें वैसा ही स्वाद देने का प्रयास करता है। सरकारी योजनाएं हों या सार्वजनिक सूचनाएं सभी में टीवी का पर्दा अभूतपूर्व और अव्वल भूमिका निभा रहा है। कह सकते हैं कि टेलीविजन ने सशक्त और द्रुतगति का जरिया बनकर सुगमता के अनगिनत रास्ते खोलने की महती भूमिका निभाई है। विकास और आविष्कार हमेशा से एक-दूसरे के समानार्थी सहयोगी रहे हैं। ये तथ्य समानरूपी चरितार्थ इसलिए हैं कि विकास और आविष्कार ने मिलकर विगत तीन दशकों में बड़ा विस्तार किया है जिसमें टेलीविजन की अग्रणी भूमिका रही है। यूं कहें कि टेलीविजन का पर्दा प्रत्येक इंसान के जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। वर्ष 1996 के आसपास की बात है, जब पहली मर्तबा विश्व टेलीविजन फोरम की याद में हर साल 21 नवंबर को 'विश्व टेलीविजन दिवस' मनाने का प्रचलन शुरू हुआ। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने लोगों के निर्णय की क्षमता पर ऑडियो-विजुअल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और अन्य प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में टीवी की संभावित भूमिका को पहचानने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। 21वीं सदी में टेलीविज़न ने मुद्रित माध्यम की साक्षर होने की शर्त को भी अनावश्यक प्रमाणित कर दिया। भारतीय संदर्भ में देखें, तो सिनेमा उद्योग आज भी अपनी फिल्मों के प्रमोशन से लेकर रिएलिटी शोज़ को आगे बढ़ाने के लिए टेलीविज़न की ओर ही दौड़ते हैं। दरअसल, उनको टीवी की ताकत का अंदाजा अच्छे से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जब देशवासियों से कुछ कहना होता है, तो वह भी टीवी के जरिए ही अपनी जरूरी बात को सभी तक पहुंचाते हैं। मौजूदा वक्त में टीवी की भूमिका में एक और बड़ा अध्याय जुड़ गया है। संचार क्रांति फोटोग्राफी, टेलीग्राफी, रेडियो और टेलीविज़न के आविष्कारों से समृद्ध होते हुए बदलाव का सिलसिला अब इंटरनेट तक पहुंच गया है। ये बात तथ्यात्मक है कि इंटरनेट से पहले रेडियो-टेलीविज़न ने ही संचार क्रांति को आगे बढ़ाया था। मार्च 2025 तक, भारत में 918 निजी उपग्रह टेलीविजन चैनल थे जिनमें से 908 भारत में डाउनलिंकिंग के लिए उपलब्ध हैं। हालांकि चैनलों की संख्या घटती-बढ़ती रहती हैं। दृश्य टीवी की ताकत होते हैं। कवरेज के दौरान दिखाए गए दृश्यों पर दुनिया आंख मूंदकर विश्वास करती है। सूचनाओं के आदान-प्रदान में टीवी की भूमिका अहम रही है और सिलसिला आगे भी बदस्तूर जारी रहेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हर मानव में होती हैं शुभ व अशुभ इच्छाएं



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे योद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों को किसी भी रूप में खाता है, उस पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। *– मनोज वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### शपथ लेने पर बधाई



बिहार के मुख्यमंत्री पद की पुनः शपथ लेने पर नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को हार्दिक बधाई! साथ ही आज शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को भी बहुत बधाई। सभी के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### मिल्खा सिंह को श्रद्धांजलि



भारतीय खेल जगत के गौरव, 'फ्लाइंग सिख', 'पद्म श्री' मिल्खा सिंह को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि! उनके हर कदम में संघर्ष की गूंज थी, हर जीत में राष्ट्र का गौरव था। मिट्टी के ट्रैक से विश्व मंच तक पहुंचने की उनकी यात्रा ने दुनिया को सिखाया कि मेहनत ही सबसे बड़ा पदक है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### हेली पर्यटन सेवा



मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र के नए युग का शुभारंभ... आज से पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा का नियमित रूप से संचालन होने जा रहा है। इस सुविधा से कम समय में अधिक गंतव्यों की यात्रा पूर्ण होगी। अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यटन में भी वृद्धि होगी।

**- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

### हवा स्वच्छ बनाने के प्रयास



दिल्ली की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए स्प्रिंकलर, एंटी-स्मॉग गन, मैकेनिकल स्वीपर्स, मिस्ट-स्प्रे सिस्टम, निर्माण स्थलों पर एंटी-स्मॉग व्यवस्था और रोज़ाना कचरे की बायो-माइनिंग जैसे प्रयास निरंतर जारी हैं।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर

### मेटा ने आस्ट्रेलियाई किशोरों को डेटा के लिए किया सचेत



प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा ने बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया के हजारों किशोर उपयोगकर्ताओं को दो हफ्तों में अपनी डिजिटल 'हिस्ट्री' डाउनलोड करने तथा फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स से अपना खाता हटाने की चेतावनी भेजनी शुरू कर दी है। यह कदम दुनिया में पहली बार लागू होने वाले उस सोशल मीडिया प्रतिबंध से पहले उठाया गया है, जिसके तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के खाते बंद किए जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने दो सप्ताह पहले घोषणा की थी कि मेटा के तीनों मंचों फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स के साथ ही स्नैपचैट, टिकटॉक, एक्स और यूट्यूब को भी 10 दिसंबर से 16 वर्ष से कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई खाता धारकों को हटाने के लिए कदम उठाने होंगे। कैलिफोर्निया स्थित मेटा ने बृहस्पतिवार को किशोर खाता धारकों को एसएमएस और ईमेल भेजकर चेतावनी दी कि चार दिसंबर से संदिग्ध नाबालिग उपयोगकर्ताओं की इन मंचों तक पहुंच रोक दी जाएगी। मेटा ने एक बयान में कहा, 'हम आज से प्रभावित किशोरों को सूचित करना शुरू कर रहे हैं ताकि वे अपने संपर्कों और यादों को सुरक्षित कर सकें।' मेटा ने यह भी कहा कि इस अवधि में किशोर उपयोगकर्ता अपनी संपर्क जानकारी अपडेट कर सकते हैं।

## ऑफ बीट

### भोजन के साथ आपके संबंध कैसे हैं



क्या आप अपने शरीर के संकेतों को समझते हैं, जिसका अर्थ है कि आपको पता है कि आपको कब भूख लगी है, कब नहीं और कब पेट भरा हुआ महसूस हो रहा है? सभी खाद्य समूहों में नियमित अंतराल पर उचित मात्रा और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि आपकी पोषक तत्व, स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी ज़रूरतें पूरी हों? दूसरों के साथ खाना और अकेले खाना भी आरामदायक है? क्या आप भोजन का आनंद लेने में सक्षम हैं, यदि आपको अधिक जवाब हां में नहीं मिले, तो आपको भोजन के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने पर काम करने की आवश्यकता हो सकती है। समस्या यह है कि यह मस्तिष्क के पुरस्कार केंद्र को ट्रिगर करता है, जिसका अर्थ है कि यद्यपि आप बेहतर महसूस करते हैं, यह व्यवहार प्रबल हो जाता है, इसलिए नकारात्मक भावनाओं के जवाब में आपके खाते रहने की संभावना अधिक होती है। भावनात्मक खान-पान और अनियंत्रित खान-पान की प्रवृत्ति खाने के विकार के लक्षणों और खराब गुणवत्ता वाले आहार से जुड़ी होने की अधिक संभावना है, जिसमें सब्जियों का कम सेवन और कम पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन शामिल है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### कृषि मंडी में ट्रॉलियों से धान हो रहा चोरी

**औबेदुल्लागंज।** माल गोदाम के पीछे, औबेदुल्लागंज सिंचाई दफ्तर के पीछे, वार्ड नंबर 8 हिरानिया के तालाब पर अतिक्रमण एवं तालाब किनारे बैठकर कई लोग शराब पीते हैं एवं जुआ खेलते हैं। इसके कारण महिलाओं को परेशानी हो रही है। महिलाओं ने बताया कि असामाजिक तत्व कृषि उपज मंडी में धान की आई हुई ट्रॉलियों पर चढ़कर चोरी करते हैं। कई व्यापारियों ने इसकी शिकायत कृषि उपज मंडी की समिति ने औबेदुल्लागंज थाने में की है। किसानों ने शिकायत में कहा है कि ट्रॉलियों से धान चोरी हो रहा है।

### सड़क पर युवक को बदमाशों ने पीटा

**भोपाल।** ग्वालियर में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को तीन बदमाशों ने लात-घूसों और डंडों से पीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने भी आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत और वीडियो के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। यह घटना हजीरा थाना क्षेत्र के संजय नगर पुल के पास बुधवार रात करीब 8 बजे हुई। गदाईपुरा निवासी 19 वर्षीय योगेश दुबे बिरला नगर के एक मंदिर से दर्शन कर घर लौट रहा था। तभी रास्ते में शशिकांत परमार और आयुष लोधी ने अपने साथी के साथ मिलकर उसे रोक लिया। बदमाशों ने योगेश के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब योगेश ने इसका विरोध किया, तो तीनों ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। उन्होंने योगेश को सड़क पर पटककर लात-घूसों और डंडे से पीटना शुरू कर दिया। इस मारपीट में योगेश के सिर और हाथ में चोटें आई हैं।

### हेड कांस्टेबल ने खिलाई आरोपियों को तंबाकू

**सतना।** जिले में पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में चोरी के दो आरोपियों विकास विश्वकर्मा और संदीप वंशकार को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां हथकड़ी लगे इन दोनों आरोपियों को सिविल लाइन थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक तीरथ प्रसाद स्वयं अपने हाथों से गुटखा और तंबाखू रगड़कर देता हुआ कैमरे में कैद हो गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।

### राज्य गंगा समिति में 5 विशेषज्ञ सदस्य बने

**भोपाल।** मप्र में प्रवाहित गंगा की सहायक नदियों में जल का सतत पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित करने एवं उनमें प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपशमन के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 'राज्य गंगा समिति मध्यप्रदेश में 5 विशेषज्ञ सदस्य नामांकित किए गए है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार समिति में डॉ. अभय सक्सेना, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल को विषय विशेषज्ञ प्रदूषण अनुश्रवण, श्री कार्तिक सप्रे, समन्वयक, नर्मदा समग्र एनजीओ, भोपाल को नदी संरक्षण, प्रो. एसपी गौतम, पूर्व अध्यक्ष केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली को पर्यावरण संरक्षण, सुनील चतुर्वेदी, संचालक, विभावरी संस्थान को जल संरक्षण और डॉ. जेपी शुक्ला, सेनि प्रिंसिपल साइंटिस्ट, सीएसआईआर/एमपी को वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट के लिए नामांकित किया गया है। नामित सदस्यों का कार्यकाल 2 वर्ष की अवधि के लिए होगा।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9416 | | |
| दिन: | 560 | 11 | 290 |
| रात: | 280 | 03 | 346 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 145 | 09 | 289 |
| रात: | 448 | 62 | 129 |

---

आरोपी से एक्टिवा सहित स्कॉर्पियो में रखी 25 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त

# दिल्ली पासिंग की गाड़ी से कर रहे थे शराब की तस्करी, कमला नगर पुलिस ने धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक्टिवा पर अवैध शराब लेकर जा रहा था आरोपी, पुलिस ने की घेराबंदी


फाइल फोटो

कमला नगर पुलिस ने अवैध शराब और गाड़ी को जब्त किया

कमला नगर पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर तीन पेटी शराब जब्त की है, जबकि उसकी निशानदेही पर एक दिल्ली पासिंग की स्कॉर्पियो को जब्त किया गया। स्कॉर्पियो की तलाश लेने पर उसमें 22 अंग्रेजी शराब मिली। पुलिस पता लगा रही है कि दिल्ली पासिंग की स्कॉर्पियो किसकी है।

एएसआई जयवीर सेंगर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि शबरी नगर के पास नेहरू नगर कॉलोनी में पार्क के सामने एक सफेद रंग की दिल्ली पासिंग की स्कार्पियो खड़ी है। इस स्कॉर्पियो में तीन-चार संदिग्ध व्यक्ति शराब की खेप उतारने वाले हैं। सूचना के बाद जयवीर सेंगर ने थाना प्रभारी को सूचित किया और स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान एक एक्टिवा पर एक युवक तीन पेटी अंग्रेजी शराब रखकर ले जाता हुआ नजर आया। उसे स्टाफ की मदद से पकड़ा गया। नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम देव कुमार साहू पिता अवध नारायण साहू (25) पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास राहुल नगर, कमला नगर बताया। उसके पास मिली तीन पेटी अंग्रेजी शराब के बारे में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मैं अपने साथी लालू पटेल और अमित दुवे के साथ राधे यादव के डिमांड पर माल लेकर आता हूं। उक्त माल राधे यादव सप्लाई करता है। पुलिस ने देव कुमार साहू की निशानदेही पर दिल्ली पासिंग की स्कार्पियो जब्त की। स्कॉर्पियो में 22 पेटी अतिरिक्त शराब रखी मिली। इस प्रकार पुलिस ने एक्टिवा और स्कॉर्पियो से कुल 25 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस आरोपी देव कुमार साहू पर आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

---

*गांधी नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार*

## गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दहशत फैलाने वाले आरोपियों का निकाला जुलूस


आरोपियों का जुलूस निकालते हुए पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित राजा भोज परिसर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात कार सहित दो वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजाभोज रहवासी परिसर में तोड़फोड़ की घटना से लोगों में दहशत का माहौल था।

लिहाजा पुलिस ने लोगों में बदमाशों की दहशत कम करने के इरादे से बदमाशों का जुलूस निकालकर उन्हें कोर्ट में पेश किया। इस दौरान आरोपी दोबारा इस तरह की घटना को न करने की बात कहते हुए नजर आए। उल्लेखनीय है कि मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात दो बाइक से पहुंचे बदमाशों ने एक नेक्सॉन कार और दो बाइक में चाकू और पत्थर से तोड़फोड़ कर दी थी। उनका विवाद किसी और से हुआ था और वह उसकी तलाश में राजा भोज परिसर पहुंचे थे। वहां घर के सामने खड़े वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए फरार हो गए। पुलिस ने उक्त मामले में एक नाबालिग सहित छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को उनका जुलूस निकाला गया।

---

शाहपुरा में नगर निगम के क्लोरीन कंट्रोल प्लांट में नाइट ड्यूटी पर हुई घटना

# नगर निगम कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना से कुछ दूरी पर अस्सी फीट सीसी रोड पर नगर निगम के क्लोरीन कंट्रोल प्लांट में नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। दरअसल, कर्मचारी नाइट ड्यूटी पर प्लांट पर गया था। कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और उसने अधिकारी को कॉल कर बताया। जब तक कर्मचारी पहुंचते वह बेसुध हो चुका था। उसे जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। उसकी नाक से फेस निकला था। उसकी मौत क्लोरीन से हुई या फिर उसने कुछ जरीला पदार्थ पीया है इसकी जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार सुखदेव अतुलकर (56) वार्ड नंबर 67, चांदबड़, कोलुआ कला, गोविंदपुरा में रहते थे। उनकी ड्यूटी नगर निगम क्लोरीन प्लांट पर रात साढ़े 11 बजे से थी। वे ड्यूटी पहुंचे और पीएचई के कर्मचारी गणेश प्रसाद से प्लांट की चाबी ली। गणेश प्रसाद घर चले गए। कुछ देर बाद प्लांट के इंचार्ज का कॉल आया। उन्होंने बताया कि सुखदेव अतुलकर का कॉल आया था। उसकी तबीयत बिगड़ गई है। करीब साढ़े 12 बजे गणेश प्रसाद और अन्य कर्मचारी प्लांट पर पहुंचे तो प्लांट के बाहर सुखदेव बेसुध अवस्था में पड़ा हुआ नजर आया।

### कर्मचारी अतुलकर ने मरने से पहले पाइंट पर बंद कर दी क्लोरीन


फाइल फोटो

कर्मचारियों ने बताया कि प्लांट पर कोलार से आने वाले पानी में क्लोरीन मिलाई जाती है। प्लांट पर दस किलो क्लोरीन चौबीस घंटे तक चलती है। प्लांट की निगरानी के लिए दो कर्मचारी ड्यूटी पर रहते हैं। सुखदेव के साथ एक अन्य कर्मचारी ड्यूटी पर था, लेकिन इज्तिमा होने के कारण वह इज्तिमा में गया हुआ था। सुखदेव अकेला ही प्लांट पर था और मरने से पूर्व उसने क्लोरीन बंद कर दी थी।

### छिंदवाड़ा में एसएएफ आरक्षक की हार्ट अटैक से मौत

छिंदवाड़ा में गुरुवार सुबह एसएएफ आरक्षक गणेश शर्मा (38) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरक्षक ड्यूटी के दौरान लघुशंका के लिए उठे थे, तभी अचानक उन्हें चक्कर आया और वे बेहोश हो गए। साथी उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर इसे हार्ट अटैक माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, मृतक आरक्षक 149 गणेश शर्मा (पिता सूर्यकांत शर्मा) एसएएफ कॉलोनी में रहते थे। वे मूल रूप से नेपाल के निवासी थे और अनुकंपा नियुक्ति के तहत पुलिस बल में शामिल हुए थे। पिछले तीन महीने से वे न्यायालय परिसर में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

### सीआईएसएफ आरक्षक की संदिग्ध मौत

ओमकारेश्वर में नर्मदा किनारे सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका युवक का शव मिला। बदबू आने पर ग्रामीणों ने नाले की ओर जाकर देखा तो शव मिलने की सूचना बड़वाह पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पुष्टि की कि मृतक सीआईएसएफ रिजर्व बटालियन बड़वाह में पदस्थ 32 वर्षीय आरक्षक (चालक) जितेन्द्र यादव है, जो 10 नवंबर से लापता था। सीआईएसएफ अधिकारियों ने 10 नवंबर को ही जवान की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। वह दोपहर में बैरक से यह कहकर निकले थे कि मार्केट जा रहे हैं, इसके बाद वे वापस नहीं लौटे। जांच में सामने आया कि वे एमजी रोड पर जाते हुए सीसीटीवी में दिखे थे, लेकिन उसके बाद कोई सुराग नहीं मिला।

### देवर-देवरानी से परेशान होकर महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

बैरसिया पुलिस ने महिला की शिकायत पर देवर व देवरानी के खिलाफ गाली-गलौज व आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। देवर-देवरानी के तानों व गाली-गलौज से तंग आकर महिला ने फांसी लगाने का प्रयास किया था। पुलिस के मुताबिक चंदनखेड़ी मोहल्ला ललरिया निवासी सरस्वती राजपूत पत्नी विनोद राजपूत (40) गृहणी हैं। मकान के दूसरे हिस्से में उनके देवर शिवराज राजपूत पत्नी शिवकुमारी व बच्चों के साथ रहते हैं। सरस्वती राजपूत ने बताया कि देवर और देवरानी पूर्व में उसके खिलाफ झूठी कहानी बनाकर कई बार थाने में रिपोर्ट कर चुके हैं। 12 नवंबर की सुबह सरस्वती घर पर थीं। दोनों परिवारों का कॉमन बाथरूम है। सरस्वती बाथरूम में चली गईं। तभी देवर बाहर खड़ा हो गया। सरस्वती ने विरोध किया तो शिवराज व उसकी पत्नी गाली-गलौज करने लगे। तानों से परेशान होकर सरस्वती कमरे में गईं और साड़ी से फांसी लगाने की कोशिश की। ऐन मौके पर सरस्वती के घर वाले आ गए और महिला को बचाया।

### बेटों के घर छोड़ने से दुखी मां ने फांसी लगाई

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित प्रवेश नगर मालीखेड़ी में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात 47 साल की महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के दोनों बेटे शादी होने के बाद घर छोड़कर चले गए थे। दो दिन पहले महिला ने अपने छोटे बेटे से कहा था कि घर सूना हो गया है, अपने बच्चों को छोड़ जा। बेटे ने कहा था कि कुछ दिन छोड़ दूंगा। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट नहीं मिला है। शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद विस्तृत बयान दर्ज किए जाएंगे। पुलिस ने बताया कि प्रवेश नगर मालीखेड़ी निवासी आशा यादव पत्नी गेंदालाल यादव (47) गृहणी थीं। उनके चार बच्चे हैं। दो बेटे व दो बेटियां। सभी की शादी हो चुकी है। परिजनों के मुताबिक 28 अक्टूबर को किसी बात को लेकर मां का छोटे बेटे से विवाद हो गया था। आशा ने बेटे को फटकार लगाई थी। नतीजतन दो नवंबर को छोटा बेटा पत्नी और बच्चों के साथ किराए के मकान में रहने चला गया। घर सूना होने पर आशा यादव दुखी थीं। पुलिस पड़ताल कर रही है।

---

## इंस्टाग्राम पर बेटी का वीडियो डालने का विरोध करने पर परिजन से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईटखेड़ी थाना क्षेत्र में एक युवक ने इंस्टाग्राम पर युवती का वीडियो अपलोड कर दिया। घटना की जानकारी परिजन को लगी और उन्होंने युवक का विरोध किया। परिजन के विरोध के बाद युवक ने अपने दोस्तों को बुलाकर परिजन के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि सिद्धि विनायक कॉलोनी लांबाखेड़ा निवासी सीमा लौवंशी (36) गृहणी हैं और करीब एक साल से कॉलोनी में परिवार के साथ रह रही हैं। करीब डेढ़ साल से उनकी बेटी ऐंजल, सूखी सेवनिया देवलखेड़ी में रहने वाले कुलदीप मीना से बात कर रही थी। सीमा को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने अपनी बेटी व कुलदीप को समझा दिया था। बुधवार 19 नवंबर को सीमा को उनके भाई रविन्द्र वर्मा ने बताया कि कुलदीप अपने इस्टाग्राम पर एंजल का वीडियो डाल रहा है। इस पर सीमा और उनके भाई ने कुलदीप के पिता भोजराज मीना को बात करने के लिए घर पर बुलाया। थोड़ी देर बाद भोजराज ने कुलदीप को फोन लगाकर बुलाया। कुलदीप अपनी मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा। उसके साथ कार में सवार गांव के प्रदीप मीना और गौरव मीना के अलावा दो अन्य लडके मौजूद थे। सीमा के पति पूनमचंद ने कुलदीप से कहा कि मेरी लडकी की वीडियो इंस्टाग्राम पर क्यों डाल रहा है। इसी बात को लेकर कुलदीप और उसके दोस्त गाली-गलौज कर पूनमचंद से मारपीट करने लगे। सीमा ने अपने भाई रविन्द्र और पिता लक्ष्मी नारायण के साथ मिलकर बीच-बचाव करना चाहा तो कुलदीप व उसके दोस्तों ने उनके साथ भी मारपीट की।

मारपीट में लक्ष्मी नारायण के सिर व सीमा के साथ में चोटें आई हैं। मारपीट करने के बाद आरोपी पीड़ित को धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने सीमा की शिकायत पर कुलदीप मीना, प्रदीप मीना और गौरव मीना समेत दो अन्य लड़कों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट व इंस्टाग्राम पर युवती का वीडियो डालने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

---

## औबेदुल्लागंज में बिक रहा गांजा तस्करी में कई महिलाएं लिप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज


फाइल फोटो

औबेदुल्लागंज में दो महिलाएं हाल ही में भोपाल में गांजा बेचते रंगेहाथ पकड़ाई थी। सूत्रों ने बताया कि औबेदुल्लागंज में तीन महिलाएं खुलेआम गांजा बेच रही है। यह तीनों महिलाएं बाहर से गांजा लाती है। अर्जुन नगर, रेहटी रोड पर सिंचाई दफ्तर के सामने एक महिला रोजाना 5 से 7 बजे गांजा बेचती है।

बस स्टैंड पर समोसा-कचोरी एवं पान की दुकान से गांजा की पुड़िया बिकती है। एकव् यक्ति गांजा बेचने वाला अर्जुन नगर में अपने मकान से भी गांजा बेचता है। ज्ञातव्य हो कि औबेदुल्लागंज में गांजा बेचने में महिलाएं भी लिप्त है। औबेदुल्लागंज में रेलवे पुलिस और भोपाल पुलिस तो गांजा पकड़ रही है, लेकिन औबेदुल्लागंज की पुलिस इस मामले में निष्क्रिय है। भोपाल की क्राइम ब्रांच औबेदुल्लागंज आकर गांजे की तस्करी करने वालों को पकड़कर ले जाती है, लेकिन औबेदुल्लागंज पुलिस को इसकी खबर तक नहीं लगती है।

## हर दिन ट्रैफिक जाम से नगरवासी व्यापारी परेशान, समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज


औबेदुल्लागंज में लगा जाम।

नगर के प्रमुख मार्गों पर लगातार लगने वाला ट्रैफिक जाम लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। सुबह और शाम के समय तो स्थिति इतनी बदतर हो जाती है कि विद्यार्थी, नौकरीपेशा और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

मुख्य चौक, बस स्टैंड क्षेत्र, मंडी रोड और बाजार क्षेत्र में वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क किनारे अतिक्रमण जाम का प्रमुख कारण हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि जाम के चलते ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। व्यापारी वर्ग ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे अतिक्रमण हटाया जाए, पार्किंग दुरुस्त की जाए और व्यस्त समय में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए। मुख्य चौराहे से स्टेट बैंक और बरखेड़ा रोड बैंक ऑफ़ इंडिया तक, ओवर ब्रिज से रेहटी रोड, सीताराम चौराहा से बस स्टैंड एवं राम मंदिर के पास दिन कई बार जाम लगता है यहां पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की जाए ताकि जाम से राहत मिले।

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने की एसआईआर की समीक्षा

## एसआईआर को गंभीरता से लेना है, इसके लिए नियुक्त बीएलए से प्रतिदिन करें संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समीक्षा करने भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल गुरुवार को बैरसिया पहुंचे। महावीर पैलेस में भारतीय जनता पार्टी की जिला पदाधिकारी एवं जिले के सभी मंडल अध्यक्ष बैठक में शामिल हुए।

बैठक में जामवाल ने जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर को गंभीरता से लेना है। इसके लिए नियुक्त किए सभी बीएलए से प्रतिदिन संपर्क करे। यदि बीएलए को कोई परेशानी आ रही है तो उसका समाधान करने में उसकी मदद करे। एसआईआर का फॉर्म बहुत आसान है, फिर भी कोई परेशानी आती है तो उस मतदान केंद्र के बीएलओ से मदद कराए। हालांकि बीएलओ अपने स्तर से भी इस कार्य में गंभीरता से जुटे हुए है। बैठक में उन्होंने पार्टी के अन्य कार्यों के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से चर्चा की। बैठक में विधायक विष्णु खत्री, भाजपा जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, भाजपा महामंत्री कुबेर सिंह गुर्जर सहित जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।


क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के साथ विधायक खत्री व पदाधिकारी।

---

### वन बचाओ समिति ने अधीक्षक से की अनियमितताओं की जांच की मांग

एक का स्थानांतरण एक अधिकारी हो गए रिटायर

# एक अधीक्षक के पास तीन अभयारण्य का जिम्मा काम ज्यादा होने के कारण नहीं कर पा रहे निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वन मंडल औबेदुल्लागंज में एक एसडीओ सुल्तानपुर का स्थानांतरण भोपाल हो गया। रातापानी टाइगर अभयारण्य के अधीक्षक सुनील भारद्वाज रिटायर हो गए हैं।

इन दोनों जगह का चार्ज सिंगोरी अभयारण्य के अधीक्षक मयंक राज के पास है। एक एसडीओ तीन सब डिवीजन में नियुक्त है। तीन-तीन जगह का चार्ज होते हुए मयंक राज अभयारण्य क्षेत्र का दौरा नहीं कर पा रहे हैं।

### मयंक राज के पास रातापानी का भी चार्ज

वन बचाओ समिति के रिटायर रेंजर एन शर्मा, दो डिप्टी रेंजर, 3 नाकेदार रिटायर एवं वन चौकीदारों ने बताया कि मयंक राज एसडीओ को सुल्तानपुर का चार्ज 6 माह से भी ज्यादा समय से है। रातापानी अधीक्षक 31 अक्टूबर को रिटायर हुए थे, तब से मयंक राज एसडीओ के पास रातापानी का भी चार्ज है। वन बचाओ समिति ने बताया कि ई-पेमेंट में बने वेंडरों एवं उनके बैंक खातों की जांच करें। मयंक राज कैंपा बजट का सत्यापन करें। टाइगर रातापानी अभयारण्य में स्टोन क्रेशर और चिमनियों, ईट-भट्टों के संचालन की जांच करें।



फाइल फोटो

### शीघ्र नियुक्ति होने की संभावना

वन बचाओ समिति ने चौकीदारों और अग्नि सुरक्षा में फायर वाचकों के नामों की जांच व अवैध उत्खनन, कटाई और वन भूमि पर कब्जे को रोकने की मांग की है। वन मंडल अधिकारी हेमंत रैकवार ने फोन पर बताया कि एसडीओ मयंक राज के पास सुल्तानपुर, रातापानी और सिंगोरी अभयारण्य का चार्ज है। शासन को पत्र लिखा है कि सुल्तानपुर एसडीओ रूही हक का स्थानांतरण भोपाल हो गया। रातापानी अधीक्षक सुनील भारद्वाज 31 अक्टूबर को रिटायर हुए हैं। इन दोनों जगह शीघ्र नियुक्ति होने की संभावना है। एसडीओ हेड क्वार्टर औबेदुल्लागंज निकुंज पांडे ने बताया कि लेंटना और केम्पा मद और अन्य शिकायतों की जांच कराएंगे। वन बचाओ समिति लिखित में आवेदन दें।


## नगर का विकास और नगर परिषद में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



200 लोगों की दुकानें तोड़ी, उनको रोजगार के लिए शीघ्र दुकानें बने। माता मंदिर के तालाब की सफाई हो, अर्जुन नगर में श्मशानघाट बने। महिला जनप्रतिनिधि के पति का हस्तक्षेप बंद हो। नगर का विकास हो और नगर परिषद में हुए भ्रष्टाचार की जांच हो। कर्मचारियों की नियुक्तियों और कर्मचारियों के वेतन, जेसीबी मशीन, डीजल-पेट्रोल, टेंट-फ्लेक्स, फोटोग्राफी, ट्रैक्टर-ट्रॉली किराया के जांच की मांग की गई है।

पीने का पानी और पाइपलाइनों के खर्च की जानकारी पार्षदों और नागरिकों ने जानकारी मांगी है। यह जानकारी 3 साल से नहीं दी गई है। इन सब कारणों को लेकर पार्षद हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक 24 घंटे का हनुमान चालीसा नगर परिषद प्रांगण में रखने की तैयारी जोरों से कर रहे हैं। खटीक ने बताया कि सबको सदबुद्धि भगवान हनुमान दें और सब हनुमान जी की कृपा से गरीबों को रोजगार मिले। नगर परिषद के कार्यों को गति मिले, इसलिए सीएमओ को भगवान हनुमान पावर दिलाए, सीएमओ भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए।



नाटक का मंचन करते कलाकार।

# ‘उनके बाद’ बदल चुके जीवन से जूझ रहे परिवारजन की कहानी

## रंग श्री लिटिल बैले में नाटक ‘उसके जाने के बाद’ का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंसान की अहमियत उसके जाने के बाद ही पता चलती है। व्यक्ति के मृत्यु के बाद उसकी अहमियत दर्शाते ऐसे ही नाटक ‘उसके जाने के बाद’ का मंचन रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में किया गया। रंग माध्यम नाट्य संस्था द्वारा प्रस्तुत इस नाटक में लेखन रमेश मिश्रा का और निर्देशन अम्बुज ठाकुर का है। भावनात्मक और संवाद-प्रधान इस नाटक में मृत्यु के बाद बचे लोगों के जीवन, उनकी स्मृतियों और उनसे जुड़े अधूरे रिश्तों की कहानी को बयां किया गया।

### वे चले नहीं गए, बल्कि घर की दीवारों में बस गए....

नाटक का मूल कथानक एक ऐसे परिवार के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसके मुखिया की मृत्यु हो चुकी है। उनके जाने के बाद घर में बची उनकी वस्तुएं, उनके निर्णय, उनके अधूरे सपने और परिवार के बीच अनकहे संवाद-सब एक-एक कर खुलने लगते हैं। नाटक में तीन मुख्य पात्र हैं पत्नी, बड़ा बेटा, छोटा बेटा और तीनों अपने-अपने तरीके से ‘उनके बाद’ बदल चुके जीवन से जूझ रहे हैं। जहां पत्नी का जीवन पति की स्मृतियों में कैद है तो वहीं बड़ा बेटा सिर पर जिम्मेदारियों का बोझ ढो रहा है, वह पिता की अधूरी जिम्मेदारियों को पूरा करना चाहता है, लेकिन उसे अहसास होता है कि कुछ रिश्ते केवल निभाए नहीं जाते, बल्कि महसूस किए जाते हैं। वहीं छोटा बेटा विद्रोह और दूरी का अहसास किए हुए है। नाटक की सुंदरता इन पात्रों में नजर आई, संवादों के बीच पिता की उपस्थिति महसूस होती है जैसे वे चले नहीं गए, बल्कि घर की दीवारों में बस गए हों।



नाटक का एक अन्य दृश्य, जिसका मार्मिक मंचन करते कलाकार।

### गौहर महल में 13वें पॉटर्स मार्केट का शुभारंभ, 45 आर्टिस्ट ने दिखाया माटी कला का अद्भुत संगम

# मिट्टी, कला और संवेदनाओं का उत्सव ‘पॉटर्स मार्केट’...

स्टोनवेयर, टेराकोटा, पोर्सिलेन हैंड-बिल्डिंग की दिखेगी विविधता

**कलाकार करेंगे अपनी कला का प्रदर्शन**



पॉटरी एक्सीब्यूशन का अवलोकन करती एक दर्शक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिट्टी सिर्फ एक तत्व नहीं बल्कि यह संस्कृति, परंपरा और सृजनशीलता की जीवित पहचान है और इसी मिट्टी से बनने वाली अनगिनत रचनाओं को एक ही स्थान पर देखने का अवसर देता है पॉटर्स मार्केट, जहां देश-विदेश के प्रतिभाशाली पॉटर्स अपनी कला को दुनिया के सामने प्रस्तुत करते हैं। ऐसा ही अनोखे पॉटर्स मार्केट का शुभारंभ गुरुवार से गौहर महल में किया गया। जिसमें देशभर के करीब 45 आर्टिस्ट ने मिट्टी, कला और संवेदनाओं के अनोखा संगम के रूप में अपने मिट्टी के इस विविधता से परिपूर्ण उत्सव को सेलिब्रेट किया। इस मार्केट में स्टोनवेयर, टेराकोटा, पोर्सिलेन, हैंड-बिल्डिंग, व्हील-थ्रोइंग और ग्लेजिंग की अद्भुत विविधता शहरवासियों को देखने को मिलेगी। साथ ही इस मार्केट में हर कलाकार अपनी मिट्टी को एक अलग भाव के रूप में उकेरता नजर आएगा।

### लाल मिट्टी’: पहाड़ों में पनपती एक सादगी भरी सिरेमिक कला.....

हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी गांव अंद्रेट्टा निवासी रियाज बदरुद्दीन वर्ष 2000 से मिट्टी के साथ काम कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि मिट्टी से कलात्मक सामग्री बनाना मेरे बचपन से ही शौक रहा है, एक तरह से देखा जाए तो प्रकृति और मिट्टी मुझे मेरे दिल के और मेरे जीवन के काफी करीब लगती है क्योंकि पहले मैं एक बड़े शहर में रहता था लेकिन फिर मुझे लगा कि यदि प्रकृति को और करीब से देखना है तो आपको गांव में जाना होगा और फिर मैं अपनी पत्नी एलोडी अलेक्जांद्र के साथ गांव अंद्रेट्टा में बस गया और अपनी पत्नी के साथ मिलकर मिट्टी को आकृति देना शुरू किया। हम अपने स्टूडियो ‘लालमिट्टी’ में डिस्प्ले करते हैं। उन्होंने कहा कि इस छोटे से गांव में प्रकृति के साथ अर्थपूर्ण जीवन जीना और इसी को अपनी पॉटरी में भी डिस्प्ले करने लगे। जिसमें हम रंगों का पैलेट मिनिमलिस्टिक होते हुए भी उभरकर आता है।



पत्नी के साथ रियाज बदरुद्दीन।

### किसी पॉटरी को कॉपी नहीं करता, हर आइटम को अनोखा या यूनिक बनाता हूं



सुरेश प्रजापति

मुंबई से आए आर्टिस्ट सुरेश प्रजापति ने कहा कि मेरे ज्यादातर आर्टवर्क एनिमल्स, स्पून, प्लैटर पर आधारित हैं। 2004 से पॉटरी मेकिंग का काम करने वाले सुरेश ने कहा कि वैसे तो यह हमारा पुश्तैनी काम है और यही खूबी मेरे भीतर भी आई तो मैं इसमें रम गया। उन्होंने कहा कि आजकल इंटीरियर डिजाइनिंग में भी इस प्रकार के पॉटरी को डिस्प्ले करने का ट्रेंड है, इसलिए मैं अपनी पॉटरी में कॉपी नहीं करता हर आयटम को अनोखा या यूनिक बनाता हूं। जिसमें क्रिएटिविटी के साथ साथ यूनिकनेस देखी जा सकती है।

### संवेदनशीलता, आधुनिक सौंदर्यबोध व प्रयोगधर्मिता से सजे मेरे आर्ट पीसेस



अपने आर्ट के साथ फाल्गुनी भट्ट।

इंडियन सिरेमिक आर्ट फाउंडेशन की को-फाउंडर फाल्गुनी भट्ट इस बार अपने 22 एक्सक्लूसिव आर्ट पीसेज के साथ शिरकत कर रही हैं। सिरेमिक दुनिया में उनकी कला अपनी संवेदनशीलता, आधुनिक सौंदर्यबोध और प्रयोगधर्मिता के लिए जानी जाती है। फाल्गुनी बताती हैं कि मैं इस बार सिरेमिक क्रेन की अलग-अलग शेप्स और डिजाइनों पर काम कर रही हूं, यह मेरे लिए भी एक नया और रोमांचक अनुभव है। उन्होंने बताया कि मेरे स्टॉल पर केटल, कप, वास, स्कल्प्चर, प्लेटर और वॉल-प्लेटर जैसे कई अद्भुत व अनोखे डिजाइन देखने को मिलेंगे। मेरी कारीगरी में पारंपरिक भारतीय सौंदर्य के साथ आधुनिकता का सुंदर मेल शहरवासियों को खास नजर आएगा।


### मिट्टी के साथ काम करने का अलग सुकून..



समीर मोरे

पुणे के समीर मोरे ने कहा कि मैं करीब 50 आर्ट वर्क के साथ इस मार्केट का हिस्सा बनूंगा, उन्होंने बताया कि पॉटरी आर्टिस्ट बनने की मेरी कहानी अलग है क्योंकि पहले मैं एक एमएनसी में काफी अच्छी पोस्ट पर था, लेकिन काम दिल को सुकून नहीं देता था, और इसका पता मुझे छ साल पहले चला जब मैंने पॉटरी बनाना शुरु की। धीरे धीरे मेरे वर्क में निखार आता गया और मैंने फिर एक साल तक ट्रेनिंग भी ली। समीर कहते हैं जब लगा कि अब वर्कलोड बढ़ गया है तो मैंने जॉब छोड़कर फुल टाइम पॉटर आर्टिस्ट के रूप में अपना काम शुरु कर दिया। भले ही मैं अपनी सैलरी का 10 या 20 प्रतिशत ही इस आर्ट से कमा पाता हूं, लेकिन दिल को वाकई में एक सुकून मिलता है कि मैं प्रकृति के काफी करीब हूं, और इसी को जी रहा हूं।

### हमेशा से आदिवासी क्षेत्रों से मेरा जुड़ाव रहा..



सिरेमिक आर्टिस्ट राखी काने

सिरेमिक आर्टिस्ट राखी काने ने बताया कि मैं गुजरात से पढ़ी हूं। और पिछले 26 साल से ज्यादा से सिरेमिक की कला कृतियों को बना रही हूं। हमेशा से मेरा भोपाल और आदिवासियों के क्षेत्रों से मेरा जुड़ाव रहा है। मैने आदिवासियों को कभी भी भगवान या देवता की पूजा करने के लिए मंदिर जाते हुए नहीं देखा है। वे अपने घरों में एक लकड़ी का पोल जैसा कुछ रखते थे जिसकी वो पूजा करते थे। और उनसे बाते किया करते थे। उसको देख कर मैं बहुत इंस्पायर हुई। और ऐसा ही मैने कई देशों में देखा। इसलिए मैने टोटम पोल बनाया। जो कि सिरेमिक का है और मै इसकी पूजा करती हूं।

### दुष्यंत संग्रहालय में 3 लघु नाटकों का मंचन

# परसाई से धर्मवीर भारती तक ‘कथा सागर’ में जीवंत हुई कहानियां



‘आवाज का नीलाम’ का मंचन।



‘मुगलों ने सल्तनत बख्श दी’का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को दुष्यंत संग्रहालय में आहान शिक्षा संस्कृति एवं समाज कल्याण समिति द्वारा ‘कथा सागर’ में तीन लघु नाट्य प्रस्तुतियों का मंचन किया गया। कथा साहित्य को नाट्य रूपांतर के माध्यम से दर्शकों तक पहंचाने इस कार्यक्रम में पहली प्रस्तुति हरिशंकर परसाई द्वारा रचित ‘वैष्णव की फिसलन’ की रही, इसके बाद भगवती चरण वर्मा की कहानी ‘मुगलों ने सल्तनत बख्श दी’ को मंचित किया गया। वहीं अंतिम प्रस्तुति धर्मवीर भारती रचित ‘आवाज का नीलाम’ की रही। सभी में निर्देशन प्रसिद्ध रंगकर्मी शोभा चटर्जी का रहा।

### धार्मिक पाखंड और मीडिया की वास्तविकता उजागर करती कहानियां





‘वैष्णव की फिसलन’के दृश्य।

एक प्रसिद्ध व्यंग है, जो धार्मिक पाखंड खासकर धर्म के नाम पर होने वाले व्यापार और सामाजिक भ्रष्टाचार पर करारा व्यंग करता है। जहां पैसे कमाने के लिए धर्म का दुरुपयोग करते हैं। लेखक अपनी पैनी दृष्टि से समाज में व्याप्त विसंगतियों और कुंठाओं को उजागर करते हैं। वहीं, मुगलों ने सल्तनत बख्श दी में दिखाया कि मुगल बादशाही ने अपनी वंशावली और अपनी सल्तनत बचाने के लिए अंग्रेजों को मदद दी। वहीं आवाज का नीलाम में आधुनिक पत्रकारिता और मीडिया जगत की असलियत को उजागर किया गया।

### भोपाल के दो कवि आकाशवाणी सर्वभाषा कवि सम्मेलन के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आकाशवाणी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित सर्वभाषा कवि सम्मेलन इस वर्ष 23 नवम्बर को नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। देशभर की विविध भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले उत्कृष्ट कवियों के इस वार्षिक मंच में पहली बार आकाशवाणी भोपाल के दो वरिष्ठ रचनाकारों का चयन होना प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट ने बताया कि इस सम्मेलन के लिए भोपाल से सिंधी भाषा का प्रतिनिधित्व करेंगे कवि अशोक जमनानी, जबकि उर्दू में अंजुम बाराबंकवी का चयन हुआ है। दोनों ही कवि अपनी विशिष्ट शैली, भाव-संपदा और समृद्ध रचनात्मकता के लिए जाने जाते हैं। यह आयोजन भारतीय भाषाओं की विविधता, सांस्कृतिक एकता और साहित्यिक संवाद को बल देने वाली आकाशवाणी की महत्वपूर्ण परंपरा का हिस्सा है। इस विशेष कवि सम्मेलन का राष्ट्रीय प्रसारण 25 जनवरी की रात आकाशवाणी के राष्ट्रीय नेटवर्क पर किया जाएगा।

*अशोक जमनानी और अंजुम बाराबंकवी जाएंगे आकाशवाणी सर्वभाषा कवि सम्मेलन में*



अंजुम बाराबंकवी



अशोक जमनानी




पुस्तक बालतरंग और मौन की गूंज का विमोचन करते शहर के प्रमुख साहित्यकार।

# देर तलक साहित्य के आकाश को गुंजायमान करेगी ‘मौन की गूंज’

### दुष्यंत संग्रहालय में दो पुस्तकों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में प्रसिद्ध लेखिका शेफालिका श्रीवास्तव एवं उनके जीवन साथी हरि प्रकाश श्रीवास्तव की पुस्तकों का लोकार्पण समारोह सम्पन्न हुआ।

खचाखच भरा हुआ दुष्यंत संग्रहलय सभाग्रह तालियों से गूंज उठा जब शेफालिका श्रीवास्तव की बाल कविताओं की पुस्तक बालतरंग और हरिप्रकाश श्रीवास्तव की पुस्तक मौन की गूंज का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर महेश सक्सेना ने हरिप्रकाश श्रीवास्तव के लिए अपने उद्बोधन में कहा कि निखालिस प्रकाश के साथी हैं हरि प्रकाश। आज की पीढ़ी जो देर तक सोने की आदी है, उनके लिए उन्होंने कविता सुबह बहुत खास है सुनाई।

वहीं सकल्पर्णा समूह की संस्थापक अनीता सक्सेना ने कहा कि मोबाइल के युग में ऐसे साहित्य प्रेमी परिवार देखने को विरले ही मिलते हैं, जो रचनाएं लिखने के साथ-साथ बैठकर चर्चा भी करते हैं। उन्होंने कहा कि ‘मौन की गूंज’ बहुत शानदार पुस्तक है और मुझे विश्वास है कि यह गूंज देर तलक साहित्य के आकाश को गुंजायमान करती रहेगी।

# नूतन कॉलेज में एनसीसी दिवस सेलिब्रेशन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं

नूतन कॉलेज में गुरुवार को एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने यह मप्र के लोक नृत्य से सजी मनभावन प्रस्तुति खास रही तो वहीं देशभक्ति से ओत प्रोत इन प्रस्तुतियों ने भी सभागार में मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता का बोध जगाया। वहीं कार्यक्रम में छात्राओं ने माटी के रक्षक सैनिकों के ऊपर आधारित पोस्टर भी प्रदर्शित किए गए।




देशभक्ति पर आधारित नाटक की प्रस्तुति देती छात्राएं।



छात्राओं ने देशभक्ति से परिपूर्ण चित्र भी बनाए। बाद मे फोटो सेशन भी हुआ (**नीचे**)



# आसियान देशों के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने किया मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आसियान देशों के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मप्र जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण किया। प्रतिनिधि मंडल भारत में वियतनाम के राजदूत गुयेन थान्ह हाई, भारत में फिलीपींस के राजदूत जोसेफ एफ. इग्नासियों, भारत और श्रीलंका में कंबोडिया की राजदूत रथ मनी, भारत में तिमोर लेस्ते के राजदूत कार्लितो नुनेस, भारत में थाईलैंड की राजदूत छवनार्ट थांगसुमफंट, भारत और भूटान में इंडोनेशिया की राजदूत इना एच कृष्णमूर्ति और मिशन प्रमुख द्वितीय सचिव ब्रुनेई शामिल थे।




संग्रहालय का भ्रमण करता प्रतिनिधिमंडल।

### टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव पर विशेष

# बोलियों के रसभरे रिश्ते को पुनः भाषा से जोड़ने की कोशिश

**कविता के विश्व रंग**



संतोष चौबे

टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव - विश्व रंग के अवसर पर विश्व कविता पर बात करना सुखद भी है और महत्वपूर्ण भी। टैगोर, और कमोबेश उनके साथ के सारे कवि, हमें याद दिलाते हैं कि वह रास्ता प्रेम से होकर जाता है। प्यार की खुशबू वसंत के फूलों सी चारों ओर उठती है और अचानक पुरानी धुनों की स्मृतियां हृदय में फैल जाती हैं, हृदय में एक बार फिर इच्छाओं की हरी पत्तियां उगने लगती हैं। बढ़ती हुई धार्मिक और वैचारिक असहिष्णुता के बीच कविता हमें याद दिलाती है कि एक शब्द ने दूसरे शब्द का समूल नाश कर दिया है कि एक किताब ने जारी किए हैं दूसरी किताब को जला डालने के आदेश, कि भाषा की हिंसा से बनाई गई एक सुबह ने लोगों की सुबह के मायने बदल दिए हैं। अभिव्यक्ति का छद्म कुछ ऐसा है कि चूहे और बिल्ली की अभिव्यक्तियां एक जैसी हो गई हैं। राष्ट्रीयताओं के बढ़ते ज्वार से उसे भय लगता है। नितांत निजी क्षणों से गुज़रते हुए कवि पाता है कि अंततः मातृभूमि एक स्थानीय लहजा है जिसके दूसरी ओर स्वयं उसका भय बोल रहा है।सभ्यता विमर्श में वह मनुष्यता और जीवन के साथ खड़ा नज़र आता है। वह मानता है कि स्मृतियां भाषा में ही जीवित रहती हैं और भाषा का मरना उन स्मृतियों और अनुभूतियों का मरना भी है। नौजवानों के पास बचे ही नहीं हैं ज्यादा शब्द और बचे खुचे शब्दों से जुड़ी तमाम चीज़ें भी, अब एक एक कर गुम हो रही हैं। असल में बात बहुत सीधी सी थी जिसे हम भूल गए हैं। शक्ति होती है मौन, पेड़ कहते हैं मुझसे और गहराई भी, कहती हैं जड़ें और पवित्रता भी, कहता है अन्न। पेड़ ने कभी नहीं कहा मैं सबसे ऊंचा हूं। जड़ ने कभी नहीं कहा मैं बहुत गहराई से आई हूं और रोटी कभी नहीं बोली दुनिया में क्या है मुझसे अच्छा। अगर हम ये मौन आवाज़ें सुनें तो पाएंगे कि गुलाब के दिल में जो तिजोरी है वही तुम्हारे दिल में भी है। उसको वैसे ही लुटाओ जैसे सबके बीच लुटा देता है गुलाब, तब तुम्हारा दर्द सबका हो जाएगा। दिलचस्प है कि तमाम क्षेत्रीय विविधताओं के बावजूद कविता की केंद्रीय ध्वनि प्रेम, प्रकृति और मनुष्य को बचाये रखने की सशक्त पुकार ही है। विश्व रंग का आयोजन इस उम्मीद के साथ किया जा रहा है कि भारत और विश्व के अन्य देशों के बीच साहित्यिक सांस्कृतिक संवाद को और मजबूत किया जा सके। इसमें विश्व कविता के सत्र आयोजित हैं, प्रवासी भारतीयों को महत्वपूर्ण रूप से रेखांकित किया जा रहा है तथा विश्व में हिंदी की बढ़ती पहचान को विश्वविद्यालयों के माध्यम से परखने की कोशिश है। देश के भीतर एक ओर तो हिंदी और भारतीय भाषाओं के बीच बराबरी और परस्पर सम्मान का रिश्ता कायम करने का यत्न है तो दूसरी ओर बोलियों के रसभरे रिश्ते को पुनः भाषा से जोड़ने की कोशिश है। भाषाओं के पाठ के सत्र विश्व रंग के अनूठे सत्रों के रूप में आयोजित होंगे।

# रेल यात्रा में बुनी कहानियों का संसार ‘मुसाफिर’

### भूमिका नाट्य समूह द्वारा प्रशासन अकादमी में नाटक ‘मुसाफिर’ का मंचन



नाटक का मंचन करते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भूमिका नाट्य समूह द्वारा गुरुवार को प्रशासन अकादमी में नाटक ‘मुसाफिर’ का मंचन किया गया, गोपाल दुबे के निर्देशन में तैयार यह नाटक एक मुसाफिर की यात्रा कहानी को कहता है जिसमें एक रेल की यात्रा में छः मुसाफिर सफर कर रहे हैं, सभी अलग अलग स्वभाव और अलग अलग तबके के हैं, जिनके स्वभाव आपस में मेल नहीं खाते।

**कथासार**

नाटक में दिखाया कि अलग-अलग स्वभाव के यह 6 व्यक्ति जब बातचीत करते हैं तो वो धीरे धीरे खुलते जाते हैं। एक लड़का जो आगरा किताबें पहुंचाने जा रहा है, सब उससे कहानी सुनाने की बात करते हैं, इसीलिए लड़का एक खेल खेलने की बात करता है और लेखकों के नाम की चिट डालकर सभी से एक चिट उठाने की बात कहता है, और फिर एक कहानी पढ़ते हैं कहानी पढ़ते पढ़ते सभी उसी के चरित्र बन जाते हैं... पहली कहानी गुलजार की दस पैसे और दादी मंचित होती है, इसके बाद अजातशत्रु का व्यंग अमृतसर दादर एक्सप्रेस में, तीसरी चंद्रकांत बक्शी की कहानी वो एक शाम, चौथी भगवतीचरण वर्मा की कहानी खिलावन का नरक, पांचवी पुनः गुलजार की कहानी, रावी पार और छटवी एवं अंत में आचार्य चतुरसेन की कहानी आवारागर्द आती है।

## बिहार सरकार में सभी वर्गों को मिला प्रतिनिधित्व

# 5 दलित, 4 राजपूत-वैश्य और 1 मुस्लिम को बिहार में मिला मंत्रीपद

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार में नई सरकार के गठन के बाद मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। पहले चरण में सीएम नीतीश कुमार के साथ 27 मंत्रियों ने शपथ ली। इसमें भाजपा कोटे से 14 मंत्री जदयू से आठ, लोजपा (राम) से दो, हम और रालोमो से एक-एक को मंत्री बनाया गया है। नीतीश मंत्रिमंडल में एक मुस्लिम मंत्री भी हैं। जदयू कोटे से जमा खान ने मंत्री पद की शपथ ली है। एनडीए गठबंधन ने सीएम नीतीश समेत 27 मंत्रियों की टीम में जातीय समीकरण का भी खूब ख्याल रखा गया है। जातियों के समीकरण को संतुलित कर नामों का चयन किया गया है।

### बिहार सरकार में सीएम नीतीश कुमार के साथ 27 मंत्रियों ने शपथ ली


पटना में शपथ ग्रहण को दौरान प्रधानमंत्री ने सभी का अभिवादन किया

#### राजपूत और वैश्य समाज से 4-4 मंत्री

नई एनडीए सरकार के मंत्रिमंडल में ओबीसी, ईबीसी, सवर्ण, दलित, वैश्य, मुस्लिम हर वर्ग से नेताओं को शामिल किया गया है। इनमें सबसे अधिक दलित समाज से 5मंत्री हैं। इसके बाद राजपूत और वैश्य से 4, भूमिहार और ब्राह्मण 3, कुशवाहा से 3, कुर्मी से 2, निषाद से 2, यादव से 2ओर कायस्थ जाति से 1 को मंत्री बनाया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुर्मी जाति से आते हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी कुशवाहा और विजय सिन्हा भूमिहार जाति से आते हैं।

#### पिता केंद्रीय मंत्री रहे...
### शूटर से श्रेयसी बनीं मंत्री

एनडीए ने जमुई से मंत्री पद बरकरार रखते हुए भाजपा की ओर से श्रेयसी सिंह पर भरोसा जताया।



राजपूत नेता होने के साथ महिला और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग चैंपियन होना उनके चयन का बड़ा कारण रहा। प्रचंड बहुमत की जीत दर्ज करने वाली गोल्ड मेडलिस्ट और अर्जुन अवॉर्ड विजेता श्रेयसी सिंह ने एनडीए सरकार में भाजपा कोटे से मंत्री पद की शपथ ली।

### जींस-शर्ट में शपथ लेने पहुंचे दीपक प्रकाश



इस कैबिनेट में नौ नए चेहरों को शामिल किया गया है। इनमें लोजपा के संजय कुमार सिंह भी शामिल हैं। इस कैबिनेट में एक नाम ऐसे भी है जिसे बिना चुनाव लड़े ही शपथ दिलाई गई है। उस मंत्री का नाम दीपक प्रकाश है।

### 27 मंत्रियों की सूची

नीतीश कुमार(जदयू), सम्राट चौधरी(भाजपा), विजय सिन्हा(भाजपा), विजय कुमार (जदयू), बिजेंद्र यादव (जदयू), श्रवण कुमार (जदयू) मंगल पांडेय (भाजपा), दिलीप जायसवाल (भाजपा), अशोक चौधरी (जदयू), लेशी सिंह (जदयू), रामकृपाल यादव (भाजपा), मदन सहनी (जदयू ) नितिन नबीन (भाजपा), संतोष कुमार सुमन (हम), सुनील कुमार (जदयू), जमां खान (जदयू), संजय सिंह टाइगर (भाजपा) अरुण शंकर प्रसाद (भाजपा), सुरेंद्र मेहता (भाजपा), नारायण प्रसाद (भाजपा), रमा निषाद (भाजपा), लखेंद्र कुमार रौशन (भाजपा), श्रेयसी सिंह (भाजपा), डॉ. प्रमोद कुमार (भाजपा), संजय कुमार (लोजपा ) , संजय कुमार सिंह (लोजपा) और दीपक प्रकाश (रालोमो)।

#### तेजस्वी की उम्मीद
### नई सरकार लोगों की अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी




राजद के विधायक दल के नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री को बधाई दी और कहा कि उम्मीद है कि नई सरकार लोगों की आशाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी।

## खबर संक्षेप

### सजा के बाद बच्ची की मौत, शिक्षिका गिरफ्तार

**पालघर**। महाराष्ट्र के पालघर जिले में देर से स्कूल आने पर कथित तौर पर 100 उठक-बैठक लगाने के लिए मजबूर किए जाने के कारण छठी कक्षा की एक छात्रा की मौत के मामले में एक महिला शिक्षिका को गिरफ्तार किया गया है। वालिव पुलिस ने बताया किवसई क्षेत्र के सातिवली स्थित निजी स्कूल से शिक्षका को हटा दिया गया था।




### दहशत फैलाने वाला अरेस्ट,कट्टा-गोली जब्त

**मधुबनी**। नरहिया थाना पुलिस ने मंगलवार देर शाम गश्त के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक देसी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस तथा घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। एसडीपीओ ने बताया कि दहशत फैलाने की नियत से फायरिंग की सूचना मिली।



### मराठी न बोलने की सजा मौत? इंसाफ दें

**कल्याण**। महाराष्ट्र के कल्याण में 19 वर्षीय कॉलेज छात्र अर्नव खैरे की आत्महत्या ने उसके पिता जितेंद्र खैरे को पूरी तरह तोड़ दिया है। पिता का आरोप है कि लोकल ट्रेन में मराठी न बोलने पर हुई मारपीट ने बेटे को इतना डराया कि उसने जान दे दी। खैरे बताते हैं कि 18 नवंबर को अर्नव अंबरनाथ-कल्याण लोकल से मुलुंड के केलकर कॉलेज जा रहा था।



### डिफेंस डीलर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट

**नई दिल्ली**। ईडी ने ब्रिटेन स्थित रक्षा डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। इससे कथित विदेशी संपत्तियों और अवैध वित्तीय संबंधों की लंबे समय से चल रही जांच फिर से शुरू हो गई है। ये चार्जशीट दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट में दायर की गई है। पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान जुलाई में दर्ज किया था।



### टिकट दो वरना नोटा का बटन दबाएंगे: शिया

**मुंबई**। महाराष्ट्र में बीएमसी के चुनाव को लेकर गहमागहमी तेज हो गई है। महायुति से लेकर विपक्षी महाविकास अघाड़ी में शामिल दल चुनावी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। मुंबई के शिया समुदाय ने राज्य के सेकुलर राजनीतिक दलों के सामने एक बड़ी मांग रख दी है। उनका कहना है कि अगर उनके समुदाय के नेताओं को टिकट नहीं दिया गया तो नोटा दबाएंगे।



## सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज सहित 175 हस्तियों ने लिखा खुला पत्र

# विपक्ष बिहार का जनादेश अस्वीकार करे सरकार बदलाव पर 'मनमानी' कर रही

### हम पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह, मुक्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग कर रहे


सुप्रीम कोर्ट

एसआईआर को बताया धोखाधड़ी

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज भी इसमें शामिल रहे


एसआईआर प्रक्रिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी. सुदर्शन रेड्डी सहित 175 प्रमुख हस्तियों ने बिहार चुनाव, चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर खुला पत्र लिखा है। इन हस्तियों ने बिहार चुनाव परिणाम को धोखाधड़ी माना है और विपक्षी से आग्रह किया है कि वह इन नतीजों को स्वीकार न करे। पत्र में कहा गया कि हम देश के नागरिक पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह, मुक्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग करते हैं। हम बिहार चुनाव परिणाम को धोखाधड़ी मानते हैं और विपक्ष से भी यही मांग करते हैं कि वह इन परिणामों को स्वीकार न करे। इन स्थतियों ने कहा कि एसआईआर की मौजूद प्रणाली एक ऐसी सरकार की इच्छा पूरी करती है, जो किसी भी तरह सत्ता बनाए रखना चाहती है। बदलाव के नाम पर मनमानी चुनाव प्रक्रिया होती है। हमने दर्शक, विश्लेषक और टिप्पणीका के रूप में यह सब देखा है कि यह बदली हुई व्यवस्था कैसे लोकतंत्र पर असर डालती है और पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांतों को नजरअंदाज करती है।

### मतदाताओं को जानबूझकर हटाया जा रहा

उन्होंने कहा, यह हमारे लोकतंत्र और हमारे संविधान की रक्षा की लड़ाई का एक नया अध्याय है। अब धोखाधड़ी का खेल खुले तौर पर सामने आ गया है। मतदाताओं को जानबूझकर हटाया जा रहा है और उतनी ही सावधानी से नए मतदाता जोड़े जा रहे हैं, ताकि एक खास ताकत के उम्मीदवार जीत सकें। हम बिहार की जनता के साथ खड़े हैं और इन चुनाव परिणामों को अस्वीकार करते हैं।

#### सर में चालाकी से हर मतदाता के लिए एक नया फॉर्म जोड़ दिया

पत्र में कहा गया कि चुनाव आयोग के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया 2003 की प्रक्रिया पर आधारित है, लेकिन वास्तव में उससे कोई मेल नहीं खाती। इसमें चालाकी से हर मतदाता के लिए एक नया फॉर्म जोड़ दिया गया है, जिससे उन्हें दोबारा मतदाता सूची में नाम लिखवाना पड़ता है। नाम हटाने की प्रक्रिया और अंतिम सूची किसी तरह की पारदर्शिता नहीं दिखाती और कोई जवाबदेही नहीं लेती।

#### कोई भी योग्य मतदाता नहीं छूटना चाहिए

हस्तियों ने कहा, हम मतदाताओं के रूप में एकजुट होकर खड़े हैं। हम मानते हैं कि कोई भी योग्य मतदाता नहीं छूटना चाहिए। हमें राजनीतिक विपक्ष से निराशा है, क्योंकि उन्होंने इस बदली हुई चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लिया। लोगों के बीच मतदाता अधिकार यात्रा को समर्थन मिलने के बावजूद चुनाव में शामिल होना धोखाधड़ी से बनी इस सरकार को वैधता देता है।

#### विपक्ष ने भी काम करने की कम क्षमता दिखाई

इसके अलावा, विपक्ष ने देश के जमीनी नागरिक संगठनों के साथ रणनीतिक रूप से काम करने की भी कम क्षमता दिखाई है। नागरिक समाज ने इस चुनावी संकट के दौर में कई प्रभावी कदम उठाए हैं।

#### चुनाव आयोग सही काम नहीं कर रहा



उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे आगे 12 और राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया लागू होने वाली है, हम चुप नहीं बैठेंगे। चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल दिख रहा है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है। सही काम नहीं कर रहा।थ

#### हस्तियों में ये रहे शामिल

खुले पत्र में हस्ताक्षर करने वाली हस्तियों में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी, पूर्व अधिकारी देवश्याम एमजी, अर्थशास्त्री और लेखक पराकला प्रभाकर, हाईकोर्ट के पूर्व जज शंकर केजी, फिल्म अभिनेता प्रकाश राज, माधव देशपांडे, राम शरण आदि शामल हैं।

## विदाई समारोह में बोले सीजेआई

# बौद्ध धर्म का पालन करता हूं लेकिन सभी धर्मों में विश्वास



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। शुक्रवार को उनका अंतिम वर्किंग डे है। उससे पहले सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन ने गुरुवार को उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जस्टिस गवई ने कहा कि वह बौद्ध धर्म मानते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म की गहराई से पढ़ाई नहीं की है। बौद्ध बैकग्राउंड होने के बावजूद वह सेक्युलर हैं और वह सभी धर्मों - हिंदू, सिख, इस्लाम, ईसाई धर्म - में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि मैं बौद्ध धर्म मानता हूं, लेकिन मैंने कभी भी किसी भी धर्म की पढ़ाई ज़्यादा गहराई से नहीं की है। मैं सच में सेक्युलर हूं और मैं हिंदू, सिख, इस्लाम, ईसाई धर्म..सबमें विश्वास करता हूं। मैंने अपने पिता से सीखा है क्योंकि वह डॉ. आंबेडकर में विश्वास करते थे। किसी ने उन्हें एक दरगाह के बारे में बताया था..हम वहां भी जाते थे।

#### दलित समुदाय से आते हैं सीजेआई

दलित समुदाय से आने वाले सीजेआई गवई ने अपने भाषण में डॉ. बीआर आंबेडकर और संविधान का अपने जीवन में महत्व को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, आज मैं जो कुछ भी हूं, इंस्टीट्यूशन की वजह से हूं और हमेशा इसका शुक्रगुजार रहूंगा। मैं इस मुकाम तक सिर्फ डॉ. आंबेडकर और संविधान की वजह से पहुंच पाया हूं। मुझे नहीं लगता कि म्युनिसिपल स्कूल में जमीन पर बैठकर पढ़ने वाला कोई लड़का कभी ऐसा सपना देख सकता है। मैंने भारतीय संविधान के चारों कोनों - न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के साथ जीने की कोशिश की है।वे इस इंस्टीट्यूशन की वजह से ही है कि हमने वह सब किया जो हम कर सकते थे।

#### सुप्रीम कोर्ट को सीजेआई -सेंट्रिक नहीं होना चाहिए

*बार एंड बेंच के अनुसार खास तौर पर सीजेआई के तौर पर अपनी भूमिका पर उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को सीजेआई -सेंट्रिक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत का सुप्रीम कोर्ट सीजेआई सेंट्रिक नहीं होना चाहिए, बल्कि सभी जजों का होना चाहिए। फैसले मैंने अकेले नहीं लिए, बल्कि उन्हें पूरी कोर्ट और एड्रेस के सामने रखा गया। उधर, भावी सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने इस मौके पर अपनी दो दशक पुरानी मित्रता को याद किया और कहा कि हम हमेशा दोस्त बने रहेंगे।*

## महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में हादसा

# खाई में गिरी एसयूवी,पिकनिक मनाए गए छह युवकों की मौत

एजेंसी ⏭ रायगढ़

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में दर्दनाक हादसे में 6 युवकों की जान चली गई। ये पिकनिक मनाने गए थे लेकिन उनकी एसयूवी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। यह घटना मंगलवार तड़के हुई लेकिन पुलिस को गुरुवार को जानकारी मिली।एक अधिकारी ने बताया कि ड्रोन कैमरे की मदद से वाहन का पता लगाया गया। पुलिस ने बताया कि 18 से 22 साल की उम्र के ये सोमवार देर शाम पुणे से एक थार एसयूवी में सवार होकर निकले थे।तमहिनी घाट सड़क रायगढ़ और पुणे जिलों को जोड़ती है।


हादसे का दृश्य

#### मोबाइल से पुलिस को मिली लोकेशन

मंगलवार सुबह से संपर्क टूटने के बाद युवकों के माता-पिता ने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने उनके मोबाइल फोन की लोकेशन तमहिनी घाट में ट्रेस की तो जानकारी मिली।

## शरजील केस में बोली दिल्ली पुलिस

# जब बुद्धिजीवी आतंकवादी हो तो वह बेहद खतरनाक होता है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में 2020 में हुए राष्ट्रीय राजधानी में दंगों के मामले में सुनवाई के दौरान 'बुद्धिजीवी आतंकवादियों' पर बड़ी बात कही। पुलिस ने कहा कि जब बुद्धिजीवी आतंकी बनते हैं तो अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को कई सालों से जेल में बंद उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान, दिल्ली पुलिस ने लाल किला ब्लास्ट और व्हाइट कॉलर



टेरर मॉड्यूल के भंडाफोड़ का जिक्र किया। पुलिस ने कहा कि एक नैरेटिव बनाया जा रहा है कि ये सब बुद्धिजीवी हैं और परेशान किया जा रहा है। ऐसा नहीं है, बुद्धिजीवी कई गुना ज्यादा खतरनाक होते हैं। 2020 के उत्तर-पूर्व दिल्ली दंगों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में कुछ

# 'अमेरिका-चीन इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी' में भारत-पाक संघर्ष पर टिप्पणियां, कांग्रेस नाराज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी कांग्रेस की यूएस–चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन ने वार्षिक रिपोर्ट 2025 पेश की है, जिसमें भारत से जुड़े कुछ निष्कर्षों ने नई दिल्ली में गहरी नाराज़गी और हैरानी पैदा कर दी है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रिपोर्ट के दो अत्यंत संवेदनशील बिंदुओं को सार्वजनिक करते हुए इसे 'भारत के लिए अस्वीकार्य' बताया है। लगभग 800 पन्नों की इस विस्तृत रिपोर्ट के पृष्ठ 108 और 109 में शामिल टिप्पणियों को लेकर भारत में राजनीतिक और रणनीतिक गलियारों में तीखी प्रतिक्रिया है। रिपोर्ट में अप्रैल 2025 में पहलगाम में आतंकी हमले को, जिसे भारतीय एजेंसियों ने पाक आधारित संगठनों द्वारा प्रायोजित माना व 'विद्रोही हमला' करार दिया गया है। यह शब्दावली न केवल हमले की प्रकृति को कमतर बताती है, बल्कि पाकिस्तान की भूमिका को भी संदिग्ध रूप से हल्का करती है।

### कूटनीति की बड़ी विफलता: रमेश



जयराम रमेश ने यह भी कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब तक 60 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को रुकवाया था, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री इस पर अब तक पूरी तरह मौन हैं। रमेश के अनुसार अब जब अमेरिकी कांग्रेस की एक आधिकारिक समिति इस प्रकार की गलत और आपत्तिजनक व्याख्या पेश कर रही है, तो इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति और कूटनीतिक क्षमता पर प्रश्न उठते हैं। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय से पूछा है कि क्या वे इस रिपोर्ट को लेकर अमेरिकी सरकार के सामने आधिकारिक आपत्ति दर्ज करवाएंगे। रमेश ने कहा कि यह घटना 'कूटनीति की एक और बड़ी विफलता' को दर्शाती है और भारत को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

## कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल को सभी आवेदन सौंपे

# पंजाब ने 'वोट-चोरी' के खिलाफ 26 लाख हस्ताक्षर फार्म सौंपे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पंजाब में 'वोट-चोरी' के खिलाफ चलाए गए व्यापक जन अभियान को एक बड़ा मुकाम मिला है। बुधवार को पंजाब कांग्रेस नेताओं ने राज्यभर से जुटाए गए 26 लाख 85 हज़ार 828 हस्ताक्षर कांग्रेस हाईकमान को सौंपे। यह हस्ताक्षर अभियान पार्टी द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का हिस्सा है। दिल्ली में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल, पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग और कांग्रेस विधान दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हस्ताक्षरित फार्म सौंपे।

#### अन्य प्रदेशों के नेता भी रहे मौजूद

हस्ताक्षर सौंपने के इस मौके पर राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, तथा असम के लिए महासचिव प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

#### पंजाब का जनसमर्थन ऐतिहासिक: भूपेश



पत्रकारों से बातचीत में भूपेश ने कहा कि पूरे देश में अभियान जोर पकड़ रहा है, उसी तरह पंजाब में भी लोगों ने बड़ी संख्या में भागीदारी दिखाई है। उन्होंने बताया कि अभियान को लोगों से करीब 27 लाख समर्थन हस्ताक्षर प्राप्त हुए, जो दर्शाता है कि पंजाब के लोग 'वोट चोरी' के खिलाफ खुलकर सामने आए हैं।

#### पंजाब वोट-चोरी को रोक देगा: प्रताप

कांग्रेस विधानल (सीएलपी) नेता प्रताप सिंह बाजवा ने अभियान की सफलता पर भरोसा जताते हुए कहा कि मैं पूरे आत्मविश्वास और गारंटी के साथ कह सकता हूं कि पंजाब भाजपा की 'वोट चोरी' को रोक देगा। उन्होंने कहा कि यह हस्ताक्षर संग्रह केवल एक विरोध नहीं, बल्कि पंजाब की जनता द्वारा लोकतंत्र की मजबूती का संदेश है।

#### जनता ने दिल खोलकर आवाज उठाई: राजा वडिंग

पीसीसी अध्यक्ष राजा वडिंग ने कहा कि 'वोट चोरी' के खिलाफ चलाए गए अभियान को पंजाब के गांव-शहर, युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक वर्गों से असाधारण समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि यह संख्या बताती है कि 'पंजाब की जनता चुनावी ईमानदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ खड़ी है।' राजा वड़िंग ने बताया कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ-साथ यूथ कांग्रेस और महिला कांग्रेस ने भी लोगों को जोड़ने और हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

## कोयंबटूर में पीएम ने किसानों से की बात

# वाराणसी वाले खाते हैं यहां का पान? किसान बोला- बिल्कुल

एजेंसी ⏭ कोयंबटूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन में किसानों के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने केले के अवशेषों से बने कपड़े-बर्तन, मोरिंगा पाउडर, पारंपरिक चावल की सैकड़ों किस्में, सफेद चाय, जीआई टैग वाले पान के पत्ते और शहद जैसे उत्पाद देखकर काफी प्रभावित हुए। प्रधानमंत्री सबसे पहले केले की खेती करने वाले किसानों के स्टॉल पर रुके। उन्होंने


किसानों से बात करते प्रधानमंत्री

पूछा, कि क्या ये पूरे भारत में ऑनलाइन बिकते हैं? इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कुंभकोणम के पान के पत्ते और मदुरै की मोगरा चमेली देखकर उन्होंने हल्के अंदाज में पूछा कि वाराणसी वाले भी पान खाते हैं न? किसानों ने हंसते हुए कहा, जी बिल्कुल।

# पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की बड़ी घोषणा, टीओटी संग देंगे सु-57 विमान

## दुबई में चल रहे अंतरराष्ट्रीय एयरशो में बोले रूस के बड़े अधिकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ और सैन्य संघर्षों के जटिल वैश्विक माहौल में अगले दिसंबर महीने में होने वाली राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से ठीक पहले रूस ने एक बड़ी घोषणा की है। जिसमें ये कहा है कि भारत का दशकों पुराना रक्षा साझेदार देश रूस उसे अपना पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ तकनीक से लैस लड़ाकू विमान सु-57 तकनीक हस्तांतरण (टीओटी) के साथ देने के लिए तैयार है। जिससे नई दिल्ली की लड़ाकू विमानों से संबंधित जरूरतों की पूर्ति के साथ ही देश के अंदर इनके उत्पादन में भी मदद मिलेगी। दुबई में जारी अंतरराष्ट्रीय एयरशो-2025 से इतर रूस की सरकार के स्वामित्व वाले रक्षा समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सर्गेई चेमीजोव समेत कई अन्य रूसी रक्षा अधिकारियों ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि रक्षा विशेषज्ञों की राय में सु-57 एक लगभग साढ़े चार पीढ़ी का लड़ाकू विमान है। उड़ान के समय इसकी भारी-भरकम आवाज और इसके स्टेल्थ फीचर के संबंध में भी एक बड़ी ऊहापोह की स्थिति है। जिससे किसी भी मिशन के दौरान इसके दुश्मन की पकड़ में आने की संभावना है। भारत में इस वक्त उक्त पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में राफेल मुख्य है।


रूस का पांचवी पीढ़ी का लड़ाकू विमान सु-57

### पहले रूस और फिर भारत में बनेंगे सु-57

रूस के यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कारपोरेशन (यूएसी) के महानिदेशक वादिम बाडेखा ने कहा कि सु-57 को लेकर भारत की तकनीकी मांगें और अन्य चिंताओं को सकारात्मक रूप से देखा गया है। रूस के सरकारी हथियार निर्यातक रोसोबोरॉन एक्सपोर्ट के एक वरिष्ठ प्रतिनिधि के मुताबिक, हमारी कंपनी ने भारत के समक्ष भावी पीढ़ी के विमानों के उत्पादन और भारतीयों हथियारों के समावेश के लिए लाइसेंस उत्पादन का प्रस्ताव रखा है।

### प्रतिबंधों के दौर में दिए हथियार

चेमीजोव ने भारत द्वारा सु-57 की सैन्य खरीद को लेकर रूस को दी गई किसी आधिकारिक सूचना, भविष्य में अतिरिक्त एस-400 एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम की खरीद से जुड़े एक प्रश्न को लेकर कहा कि हमारे देश के नई दिल्ली के साथ मजबूत रक्षा संबंध रहे हैं। दोनों देश काफी लंबे वक्त से रक्षा साझेदार रहे हैं। रूस ने भारत को प्रतिबंध के दौर में भी हथियारों की सप्लाई की है। जिससे उसने अपनी सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाए रखा। वर्तमान में भी हम अपनी इसी पुरानी सोच के साथ आगे बढ़ते हुए भारत के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं। जब भी उसे हमारी जरूरत होगी, हम उसे मदद करने के लिए मौजूद रहेंगे।

### एफ-35 का रूसी जवाब सु-57

बता दें, आज के समय में औपचारिक रूप से दुनिया के दो देश उनके पास पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान होने का दावा करते हैं। जिनमें अमेरिका और रूस शामिल हैं। अमेरिका का कहना है कि उसके पास एस-35 है। जबकि रूस कहता है कि उसके पास इस पीढ़ी का सु-57 विमान मौजूद है। इन दोनों के अलावा चीन भी अपने पास पांचवीं पीढ़ी का जे-35ए लड़ाकू विमान होने का दम भरता है। रूसी सु-57 की बात करें तो ये एक दो इंजन वाला पांचवीं पीढ़ी का बहुआयामी लड़ाकू विमान है। जिसे रूस ने हवाई बढ़त के साथ ही आक्रामक जंगी मिशन के लिए बनाया है। जो कि हवाई और जमीनी दोनों लक्ष्यों पर सटीकता के साथ हमला बोलकर उन्हें नष्ट कर सकता है। रोसोबोरॉन भारत को तकनीक हस्तांतरण के साथ ही आगामी पीढ़ी की तकनीक से जुड़ी हुई जानकारी जिसमें इंजन, ऑप्टिक्स, आयसा रडार, एआई तत्व, लो सिग्नेचर तकनीक और आधुनिक हवाई हथियार भी भारत के साथ साझा करने के पक्ष में है।

## भारत को मिलेगी एंटी-टैंक जेवलिन मिसाइल

# यूएस ने भारत के लिए 93 मिलियन डॉलर की सैन्य डील को दी मंजूरी


जेवलिन मिसाइल


फाइल फोटो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद पर नाराजगी को लेकर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से उत्पन्न संकट के बीच भारत, अमेरिका से हथियारों की पहली बड़ी खरीद करने के लिए कमर कस चुका है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने भारत के लिए 93 मिलियन डॉलर के सैन्य पैकेज की मंजूरी दे दी है। जिसके बाद अब नई दिल्ली वाशिंगटन से जेवलिन एंटी टैंक मिसाइलों और जीपीएस निर्देशित सटीकता के साथ हमला करने में सक्षम एक्सकैलिबर प्रिसिजन-गाइडेड आर्टिलरी राउंड्स की नई खेप की खरीद कर सकेगी। इन बेहद मारक हथियारों की मदद से न केवल भारत की वर्तमान और भविष्य से जुड़ी हुई सुरक्षा चुनौतियों से मुकाबला करने की क्षमता को और अधिक मजबूती मिलेगी। बल्कि वह क्षेत्रीय खतरों से भी आसानी से दो-दो हाथ कर सकेगा। देश की सशस्त्र सेनाएं इन हथियारों और सैन्य प्रणालियों को जल्द ही आत्मसात कर लेंगी और इससे क्षेत्रीय सुरक्षा संतुलन भी नहीं बिगड़ेगा। आने वाले वक्त में इसे लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं।

जेवलिन एडवांस पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल है। इसमें जवान को टारगेट पर निशाना बनाए रखने की जरूरत नहीं होगी। मिसाइल में एक बार टारगेट लॉक करने के बाद यह खुद हिट करने वाले निशाने को ढूंढ लेता है। यूक्रेन के लिए रूस के खिलाफ युद्ध में यह मिसाइल कारगर साबित हुई है। इसकी वजह से इसे 'टैंक किलर' भी कहते हैं। इसे सेना के जवान अपने कंधे पर रखकर दाग सकते हैं।

### अमेरिकी हितों पर नहीं आएगी कोई आंच

अमेरिका की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने बीते बुधवार देर रात बताया कि उसने इस प्रस्तावित रक्षा सौदे के संबंध में अमेरिकी कांग्रेस से हरी झंडी लेने के लिए एक औपचारिक सूचना भेज दी है। हथियारों की बिक्री से अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों को सहयोग प्रदान किया जा सकेगा। भारत के संदर्भ में एक बड़े रक्षा भागीदार के तौर पर उसकी सुरक्षा में सुधार होगा। जो हिंद-प्रशांत से लेकर दक्षिण एशियाई क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता, शांति और आर्थिक विकास को बरकरार रखने के लिए एक महत्वपूर्ण ताकत है।

### अमेरिका से बनकर आएंगे हथियार

डीएससीए ने कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्रालय इसे विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) के जरिए बनी बनाई अवस्था में अमलीजामा पहनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जुड़े उपकरणों की अनुमानित कीमत 47.1 मिलियन डॉलर और जेवलिन मिसाइल सिस्टम व उससे संबंधित उपकरणों की कीमत 45.7 मिलियन डॉलर होगी। इन रक्षा उत्पादों को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा और ट्यूकसन और एरिजोना स्थित आरटीएक्स कारपोरेशन और लॉकहीड मार्टिन जेवलिन संयुक्त उपक्रम (जेजेवी) द्वारा बनाया जाएगा यानी वो ही इसके प्रमुख संविदाकार होंगे।

### यह है भारत की पूरी मांग

भारत सरकार ने अमेरिका से 100 एफजीएम-148 जेवलिन एंटी-टैंक मिसाइलें (समान संख्या में राउंड्स शामिल), 216 एम982ए-1 एक्सकैलिबर आर्टिलरी राउंड्स, 25 जेवलिन हल्की कमांड लांच यूनिट और जेवलिन ब्लॉक 1 कमांड लांच यूनिट की खरीद को लेकर अनुरोध किया था। जेवलिन मिसाइल सिम्युलेशन राउंड, बैटरी कूलेंट यूनिट, इलेक्ट्रॉनिक तकनीकी मैनुअल, जेवलिन ऑपरेटर मैनुअल भी खरीद का इसमें शामिल रहेगी।

## खबर संक्षेप

### जैसलमेर में वायुसेना के ड्रोन की इमरजेंसी लैंडिंग



**जैसलमेर।** भारतीय वायुसेना (आईएफ) का एक रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीएम) को उस समय मजबूरन उतारना पड़ा, जब वह नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था और अचानक इंजन में तकनीकी खराबी आ गई। यह घटना राजस्थान के जैसलमेर के पास हुई, जहां वायुसेना ने सुरक्षित आपात लैंडिंग कराकर एक संभावित बड़े हादसे को टाल दिया। इस हादसे में किसी भी तरह के नुक्सान की खबर नहीं है। ड्रोन नियमित ट्रेनिंग सोर्टी पर था।

### लुधियाना में दो आतंकियों का एनकाउंटर



**लुधियाना।** लुधियाना में पंजाब पुलिस ने दो आतंकियों का एनकाउंटर किया है, दोनों आतंकियों के तार टेरर ग्रुप बब्बर खालसा से जुड़े हुए हैं, जो पाक आतंकी मॉड्यूल का है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इन दोनों संदिग्ध लोगों को हैंड ग्रेनेड इकट्ठा करके तयशुदा जगहों पर फेंकने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने समय रहते इन्हें धर दबोचा है। पुलिस ने मौके से हैंड ग्रेनेड, कुछ पिस्तौल और कारतूस भी बरामद किए हैं।

## जम्मू में कश्मीर टाइम्स अखबार के दफ्तर पर एसआईए का छापा

# एके राइफल के राउंड्स, कारतूस, पिस्टल राउंड्स व 3 ग्रेनेड लीवर जब्त, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू में कश्मीर टाइम्स अखबार के दफ्तर पर स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) की छापेमारी ने पूरे मीडिया जगत और सुरक्षा एजेंसियों को चौंका दिया है। सूत्रों के अनुसार एसआईए को दफ्तर से एके राइफल के राउंड्स, कारतूस, पिस्टल राउंड्स और तीन ग्रेनेड लीवर मिले हैं। ऐसे हथियार एक मीडिया ऑफिस में कैसे पहुंचे इसी सवाल ने माहौल गरमा दिया है। एसआईए की यह कार्रवाई उस मुकदमे से जुड़ी है, जिसमें अखबार और उसके प्रमोटर्स पर देश की संप्रभुता के खिलाफ सामग्री प्रकाशित करने का आरोप लगाया गया था। इसी केस में गुरुवार को दफ्तर की गहन तलाशी ली गई।

पूरे परिसर की जांच की गई, जिसके बाद हथियारों का यह जखीरा मिलने की जानकारी सामने आई। सूत्रों ने बताया कि रेड के दौरान सुरक्षा एजेंसियों को दफ्तर के अंदर मौजूद अलमारियों और स्टोरेज की तलाशी में ये हथियार मिले। जांच अधिकारी अब यह पता लगाने में जुटे हैं कि ये राउंड्स, कारतूस और ग्रेनेड लीवर वहां कब और कैसे छुपाए गए थे। इसकी विस्तृत तकनीकी जांच शुरू कर चुकी है। हथियारों की बरामदगी को लेकर फोरेंसिक रिपोर्ट और इंटेलिजेंस इनपुट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई तय करेगी। छापे में कंप्यूटर भी खगाले गए। कई दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड बरामद किए गए। अधिकारियों ने कंप्यूटर सिस्टम की फोरेंसिक जांच शुरू कर दी है।

ये हथियार कब और कैसे छिपाए गए इस जांच में जुटे अधिकारी

दस्तावेज और कंप्यूटर सिस्टम की फोरेंसिक जांच शुरू कर

फोरेंसिक रिपोर्ट और इंटेलिजेंस इनपुट आने के बाद लेंगे एक्शन

### अखबार की प्रतिक्रिया- 'हमें चुप कराने की कोशिश'



कश्मीर टाइम्स अखबार के दफ्तर के बाहर सुरक्षाकर्मी

कश्मीर टाइम्स ने बयान जारी करते हुए कहा, यह कार्रवाई 'सत्य बोलने' वाले मीडिया को डराने की कोशिश है। हम इसलिए निशाने पर हैं क्योंकि हम सत्ता से सवाल पूछते हैं। हमारे खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। हमारा काम है सच बोलना, और हम चुप नहीं होंगे। ऐसे कदम हमें 'डराने व बदनाम' करने के लिए उठाए जा रहे हैं।

### पहले से दर्ज थी एफआईआर

कश्मीर टाइम्स के खिलाफ एसआईए ने उस समय एफआईआर दर्ज की थी, जब अखबार पर ऐसे लेख प्रकाशित करने का आरोप लगा जो सार्वजनिक कानून-व्यवस्था और देश की अखंडता के लिए नुकसानदेह बताए गए थे। अक्टूबर 2020 में भी कार्यालय को प्रशासन ने सील किया था।

### गलत किया है तो कार्रवाई होः डिप्टी सीएम

राज्य के डिप्टी सीएम सुरिंदर सिंह चौधरी ने कहा कि किसी भी एजेंसी को कार्रवाई तभी करनी चाहिए जब कोई वास्तविक गलत काम सामने आए। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने गलत किया है तो कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन अगर सिर्फ दबाव बनाने के उद्देश्य से हो रही है तो यह गलत होगा।

## लाल किले के पास धमाका

### 4 और आरोपी गिरफ्तार, जम्मू कश्मीर से हिरासत में लिया गया


पटियाला कोर्ट में आरोपियों को पेश करती पुलिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के बाहर हुए विस्फोट में शामिल चार और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पटियाला हाउस कोर्ट के जिला सत्र न्यायाधीश के पेशी आदेश पर एनआईए ने चारों आरोपियों को जम्मू और कश्मीर से हिरासत में लिया है। यह चारों वही लोग हैं जिन्होंने ब्लास्ट में इस्तेमाल हुई आई20 कार का इंतजाम, मूवमेंट और सुरक्षित ट्रांसफर कराया था। ये चारों डॉक्टर हैं। इनमें से एक मुफ्ती का भी काम करता था। एनआईए ने आरोपियों की पहचान पुलवामा (जम्मू-कश्मीर) निवासी डॉ. मुजम्मिल शकील गनई, अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर) निवासी डॉ. अदील अहमद राथर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) निवासी डॉ. शाहीन सईद और शोपियां (जम्मू-कश्मीर) निवासी मुफ्ती इरफान अहमद वागे के रूप में की है। इन्हें श्रीनगर में गिरफ्तार किया।

## नौसेना उप प्रमुख संजय वात्सायन का खुलासा

# पाकिस्तान को जहाज और पनडुब्बियां दे रहा चीन, हर गतिविधि पर हमारी 'नजर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाइस एडमिरल संजय वात्सायन ने कहा कि भारतीय नौसेना इस बात से अवगत है कि चीन पाकिस्तान को पनडुब्बियां और जहाज दे रहा है और नौसेना हर गतिविधि की बहुत ध्यान से निगरानी कर रही है, ताकि समुद्री सुरक्षा और देश के हितों की रक्षा की जा सके। भारतीय नौसेना के 'स्वावलंबन 2025' कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही। यह कार्यक्रम 25-26 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में होगा। इस बार का आयोजन नई तकनीकों, स्वदेशी समाधान और भारतीय नौसेना की आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रगति को प्रदर्शित करेगा। भारतीय नौसेना का 'स्वावलंबन 2025' एक ऐसा मंच है जो नवोन्मेषकों, स्टार्टअप्स, उद्योगों और सशस्त्र बलों को एक साथ लाएगा। उनके अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ

### मुकाबले के लिए नौसेना पूरी तरह से तैयार


संजय वात्सायन

वाइस एडमिरल वात्सायन ने कहा कि चीन पाकिस्तान को पनडुब्बियां दे रहा है और जल्द ही उनकी पनडुब्बियों को शामिल करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। लेकिन हम भी पूरे क्षेत्र में हर स्थिति पर नजर रख रहे हैं। जो कुछ भी हमें करना है और जिसका मुकाबला करना है, हम उसकी तैयारी कर रहे हैं। हमें यह भी पता है कि पनडुब्बी-रोधी युद्ध के लिए हमें कैसी क्षमताओं की जरूरत है। भारतीय नौसेना उन तकनीकों और क्षमताओं पर भी नजर रख रही है जो अन्य देश भी दे रहे हैं।

### दो साल में मिलेंगे कई नए विमान

उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना को भी अगले दो साल में कई नए विमान मिलने वाले हैं। कुछ विमान बन रहे हैं अगले दो साल में हमें मिल जाएंगे।

## भारतीय नाविकों को राहत

# केंद्र ने आव्रजन प्रणाली रद्द की, बंदरगाहों के बीच अब आसानी से होगी आवाजाही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के तटीय क्षेत्रों में विशेष रूप से संचालित होने वाले सभी भारतीय जहाजों के लिए साइन-ऑन, साइन-ऑफ और शोर लीव पास की दशकों पुरानी जरूरत को खत्म कर दिया है। भारतीय नाविकों को राहत देते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दो दशक पुरानी आव्रजन प्रक्रियाओं को खत्म कर दिया। गृह मंत्रालय ने जो दो मुख्य नियम खत्म किए हैं, उनके तहत भारतीय ध्वज वाले जहाजों, जैसे ड्रेजर, अनुसंधान पोत और अन्य, जो केवल भारतीय बंदरगाहों की सीमा के भीतर ही संचालित होते हैं, के चालक दल के लिए साइन-ऑन और साइन-ऑफ प्रणाली और शोर


जहाज

लीव पास (एसएलपी) प्रक्रिया अपनानी पड़ती थी। इसके तहत पहले नाविकों को भारतीय बंदरगाहों के बीच आवागमन के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय आव्रजन मंजूरी जैसी पेचीदा कागजी प्रक्रिया का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा नाविक को जहाज से उतरने और किनारे पर जाने (शोर लीव) के लिए एक आवर्ती आव्रजन पास (एसएलपी) की जरूरत होती थी। इन दोनों प्रक्रियाओं को खत्म कर नाविकों को राहत दी गई है।

## नेपाल में पुलिस और जेन-जेड के बीच झड़प



**काठमांडू।** नेपाल के एक जिले में गुरुवार को उस समय नए सिरे से तनाव पैदा हो गया, जब 'जेन जेड' के युवाओं की अपदस्थ पीएम केपी शर्मा ओली की पार्टी के सदस्यों के साथ झड़प में 10 लोग घायल हो गए। इसके बाद अधिकारियों को भारत की सीमा से लगे नेपाल के बारा जिले में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए फिर से कर्फ्यू लगाना पड़ा। बारा जिले के सिमारा चौक पर उस समय तनाव बढ़ गया जब युवक ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल( यूनिफाइड मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) के कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के एक दिन बाद सड़कों पर लौट आए और पुलिस से भिड़ गए। प्रदर्शनकारियों द्वारा कर्फ्यू का उल्लंघन किए जाने और आगे बढ़ने पर अधिकारियों ने आंसू गैस के छह गोले दागे और हवा में दो चक्र गोलियां चलाईं। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर पथराव भी किया, जिसमें छह पुलिसकर्मी और जेन-जेड के चार प्रदर्शनकारी भी घायल हो गए।

## भारत-इजराइल व्यापारिक शिखर सम्मेलन में बोले केंद्रीय उद्योग मंत्री गोयल

# भारत में इजराइल की कंपनियों के लिए निवेश के बड़े अवसर

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

भारत, इजराइल की कंपनियों के लिए निवेश और साझेदारी के व्यापक अवसर उपलब्ध करा रहा है। भारत के वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को अपने इजराइल दौरे पर भारत-इजराइल व्यापारिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों देश उद्योग के बुनियादी ढांचा विकास, विनिर्माण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे भविष्य-उन्मुख क्षेत्रों में सहयोग को और तेज कर सकते हैं। सहयोग के अन्य संभावित क्षेत्रों में फिनटेक, कृषि-तकनीक, मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग, फार्मास्यूटिकल्स, अंतरिक्ष तकनीक और रक्षा शामिल हैं। दोनों देशों के बीच संभावनाएं असीमित हैं। यह पहली बार है जब कोई भारतीय वाणिज्य मंत्री इजराइल के आधिकारिक दौरे पर गया है। उनके साथ 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल है।

फिनटेक, कृषि मशीन लर्निंग क्षेत्र में संभावनाएं

गोयल के साथ 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी


सम्मेलन को संबोधित करते पीयूष गोयल

### 24-25 में निर्यात 2.14 अरब डॉलर

साल 2024-25 में भारत का इजराइल को निर्यात 52% घटकर 2.14 अरब डॉलर रह गया, जो 2023-24 में 4.52 अरब डॉलर था। इसी अवधि में आयात भी 26.2% घटकर 1.48 अरब डॉलर पर आ गया। अप्रैल 2000 से जून 2025 के बीच, भारत ने इज़राइल से 337.77 मिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त किया है।

### भारत को निवेश का आकर्षक केंद्र बनाएंगे 10डी

पीयूष गोयल ने कहा कि भारत को निवेश का आकर्षक केंद्र बनाने वाले 10 डी हैं। ये हैं लोकतंत्र, जनसांख्यिकीय लाभांश, डिजिटलीकरण, तेजे गति से विकास, निर्णायक नेतृत्व समेत अन्य कारक। उन्होंने कहा कि भारत निवेशकों और कारोबारियों के लिए बेहद अनुकूल माहौल प्रदान करता है। यह दोनों देशों के उद्योगों के लिए अपार अवसर खोलता है।

### भारत अगली बड़ी शक्तिः इजराइल मंत्री बरकत

इजराइल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकत ने कहा कि भारत, इजराइल के लिए एक 'बेहतरीन पार्टनर' है। भारत अगली बड़ी शक्ति है। भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियां इजराइल में आकर बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए बोली लगा सकती हैं। बरकत ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को भी सहयोग बढ़ाने के बड़े अवसर के तौर पर रेखांकित किया। आईएमईसी का उद्देश्य भारत, सऊदी अरब, अमेरिका और यूरोप को सड़क, रेल और समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है। इससे एशिया, मध्य पूर्व और पश्चिमी देशों के बीच व्यापारिक एकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल सितंबर 2023 में दिल्ली में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में अंतिम रूप दी गई थी।

## तालिबानी अधिकारी का दावा

# एक ही दिन में पाकिस्तान और ईरान से निकाले गए 10000 से ज्यादा अफगानी

एजेंसी ▶▶ काबुल

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तनाव के बीच ईरान और पाक से अफगान शरणार्थियों के भारी संख्या में निकाले जाने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। तालिबान के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को एक ही दिन में 10,000 से ज्यादा अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान और ईरान से जबरदस्ती निकाल दिया गया। इस संबंध में हाई कमीशन फॉर एड्रेसिंग माइग्रेंट्स इश्यूज की रिपोर्ट भी साझा की है।

रिपोर्ट साझा करते हुए तालिबान के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने बताया कि बुधवार को 1,763 अफगान परिवार, जिनमें 10,405


अफगानी नागरिक

लोग थे, अफगानिस्तान वापस लौटे। उन्होंने कहा कि अफगान रिफ्यूजी कंधार में स्पिन बोल्डक, हेलमंद में बहरामचा, हेरात में इस्लाम कला क्रॉसिंग, निमरोज में पुल-ए-अब्रेशम और नंगरहार में तोरखम क्रॉसिंग के रास्ते पाकिस्तान से लौटे। 2,222 अफगान रिफ्यूजी परिवारों को अपने-अपने इलाकों में ले जाया गया। इन परिवारों में कुल 13,303 लोग शामिल थे। वहीं 1,534 को मानवीय सहायता दी गई।

# भारत और अमेरिका की भिड़ंत के साथ 15 जनवरी से शुरू होगा अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट

## 6 फरवरी को फाइनल, 16 देशों की टीमें लेंगी भाग, आईसीसी ने जारी किया शेड्यूल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पुरुषों का अंडर-19 विश्व कप का अगला संस्करण 15 जनवरी, 2026 से शुरू होगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने विश्व कप के 16वें संस्करण के लिए शेड्यूल की घोषणा की है। आईसीसी के कार्यक्रम के अनुसार, 6 फरवरी को इसका फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। बता दें कि जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित होने वाले अगले संस्करण में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। फाइनल मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में होगा।

### ग्रुप-ए में मौजूद है भारतीय टीम




अंडर-19 विश्व कप के लिए 16 टीमों को 4-4 टीमों के ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप-ए में भारतीय टीम मौजूद है, जिसमें बांग्लादेश, अमेरिका और न्यूजीलैंड अन्य टीमें हैं। इसी तरफ ग्रुप-बी में जिम्बाब्वे, पाकिस्तान, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड शामिल हैं। ग्रुप-सी में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जापान और श्रीलंका है। ग्रुप-डी में तंजानिया, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका टीमों को शामिल किया गया है।

### 15 जनवरी को अपना पहला मैच खेलेगी भारतीय टीम

**15 जनवरी**: अमेरिका बनाम भारत, बुलावायो।
**15 जनवरी**: जिम्बाब्वे बनाम स्कॉटलैंड, हरारे।
**15 जनवरी**: तंजानिया बनाम वेस्टइंडीज, विंडहुक।
**16 जनवरी** : पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड, हरारे।
**16 जनवरी**: ऑस्ट्रेलिया बनाम आयरलैंड, विंडहुक।
**16 जनवरी**: अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, विंडहुक।
**17 जनवरी**: भारत बनाम बांग्लादेश, बुलावायो।
**17 जनवरी**: जापान बनाम श्रीलंका, विंडहुक।
**18 जनवरी**: न्यूजीलैंड बनाम अमेरिका, बुलावायो।
**18 जनवरी**: इंग्लैंड बनाम जिम्बाब्वे, हरारे।
**18 जनवरी**: वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, विंडहुक।

### ऐसा है 19 से 23 जनवरी का कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 19 जनवरी | : पाकिस्तान बनाम स्कॉटलैंड, हरारे। |
| 19 जनवरी | : श्रीलंका बनाम आयरलैंड, विंडहुक। |
| 19 जनवरी | : द.अफ्रीका बनाम तंजानिया, विंडहुक। |
| 20 जनवरी | : बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड, बुलावायो। |
| 20 जनवरी | : ऑस्ट्रेलिया बनाम जापान, विंडहुक। |
| 21 जनवरी | : इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड। |
| 21 जनवरी | : अफगानिस्तान बनाम तंजानिया, विंडहुक। |
| 22 जनवरी | : जिम्बाब्वे बनाम पाकिस्तान, हरारे। |
| 22 जनवरी | : आयरलैंड बनाम जापान। |
| 22 जनवरी | : वेस्टइंडीज बनाम द. अफ्रीका, विंडहुक। |
| 23 जनवरी | : बांग्लादेश बनाम अमेरिका। |
| 23 जनवरी | : श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया। |
| 24 जनवरी | : भारत बनाम न्यूजीलैंड। |
| 24 जनवरी | : ए4 बनाम डी4 |

### ऐसा है सुपर-6 का निर्धारित कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 25 जनवरी | : सुपर-6 ए1 बनाम डी3 |
| 25 जनवरी | : सुपर-6 डी2 बनाम ए3 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 बी4 बनाम सी4 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 सी1 बनाम बी2 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 बी1 बनाम ए2 |
| 27 जनवरी | : सुपर-6 सी2 बनाम बी3 |
| 27 जनवरी | : सुपर-6 सी3 बनाम बी1 |
| 28 जनवरी | : सुपर-6 ए1 बनाम डी2 |
| 29 जनवरी | : सुपर-6 डी3 बनाम ए2 |
| 30 जनवरी | : सुपर-6 डी1 बनाम ए3 |
| 30 जनवरी | : सुपर-6 बी3 बनाम सी1 |
| 31 जनवरी | : सुपर-6 बनाम सी3 |
| 01 फरवरी | : सुपर-6 बी1 बनाम सी2 |

## खबर संक्षेप



### अजहर अली ने पाकिस्तान की चयन समिति छोड़ी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली ने राष्ट्रीय चयन समिति से इस्तीफा दे दिया है और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के युवा विकास विभाग के प्रमुख का पद भी छोड़ दिया है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस्तीफा सौंप दिया। इससे पहले पूर्व टेस्ट कप्तान सरफराज अहमद को पाकिस्तान शाहींस और अंडर 19 टीमों की पूरी जिम्मेदारी सौंप दी गई। सूत्र ने कहा ,'' अजहर ने बोर्ड को इस सप्ताह इस्तीफा सौंप दिया जो स्वीकार कर लिया गया।'' पाकिस्तान के लिये 97 टेस्ट खेल चुके अजहर पिछले साल ही चयनकर्ता बने थे लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की कार्यप्रणाली से काफी नाराज थे।

### बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम का दिसंबर में होने वाला भारत दौरा स्थगित




**ढाका।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ दिसंबर में 3 वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलने के लिए बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम के प्रस्तावित भारत दौरे को स्थगित कर दिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को इस खबर की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि बीसीबी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से सीरीज के लिए बाद में तारीख निर्धारित किए जाने का पत्र मिला है। सूत्रों के अनुसार, दौरे को स्थगित किए जाने का कोई विशेष कारण नहीं बताया गया है, लेकिन ऐसा समझा जाता है कि भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव इसका प्रमुख कारण हो सकता है।

### चैंपियन वुहान जियांगदा ने 2 गोल से ईस्ट बंगाल को हराया



**वुहान (चीन)।** भारतीय क्लब ईस्ट बंगाल एफसी को बृहस्पतिवार को यहां एएफसी महिला चैंपियन्स लीग ग्रुप बी मैच में चीन के गत चैंपियन वुहान जियांगदा एफसी के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान टीम की ओर से दोनों गोल पहले हाफ में वैंग शुआंग ने आठवें और 17वें मिनट में किए। पहले मैच में ईरान के बेम खातून एफसी को हराने वाली ईस्ट बंगाल एफसी की टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकती है लेकिन इसके लिए उसे सुनिश्चित करना होगा कि 23 नवंबर को उज्बेकिस्तान के पीएफसी नसफ के खिलाफ वह दो गोल से अधिक के अंतर से नहीं हारे। तीन ग्रुप में से प्रत्येक में शीर्ष पर रहने वाली दो टीम के अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम नॉकआउट में जगह बनाएंगी।

### द. अफ्रीका से एक टेस्ट में हार के बाद भारत के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला

# गुवाहाटी टेस्ट कल से, पंत संभालेंगे टीम इंडिया की कमान, गिल का खेलना संदिग्ध

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारतीय क्रिकेट टीम गुवाहाटी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शनिवार, 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए शुभमन गिल की चोट अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है। हालांकि अब गिल अस्पताल से बाहर आ चुके हैं, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर दूसरे टेस्ट मैच में खेलना अभी तय नहीं है। बीसीसीआई ने यह भी जानकारी दी कि शुभमन गिल 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी रवाना हो चुके हैं। मेडिकल टीम उनकी निगरानी जारी रखेगी और आज शुक्रवार को फिटनेस टेस्ट के बाद दूसरे टेस्ट में उनके खेलने का फैसला लिया जाएगा लेकिन फिलहाल गिल की टेस्ट में उपलब्धता अब भी अनिश्चित बनी हुई है। टीम की कमान विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को सौंपी गई है। वहीं युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन को गिल की जगह मौका मिलने की उम्मीद है।



### एक टेस्ट हारने के बाद टीम इंडिया पर दबाव

साउथ अफ्रीका ने पहला टेस्ट 30 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। ऐसे में गुवाहाटी टेस्ट भारत के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला बन गया है। मैच से पहले टीम ने ईडन गार्डन्स में एक प्रैक्टिस भी करी गई, जिसमें साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, आकाशदीप, रवींद्र जडेजा और देवदत्त पडिक्कल शामिल हुए। सभी खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर खेलने के लिए तैयार हैं।

### गुवाहाटी टेस्ट में पहली बार शेड्यूल में बदलाव

इस टेस्ट मैच में एक और दिलचस्प बदलाव देखने को मिलेगा. टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार लंच से पहले टी-ब्रेक रखा जाएगा। मैच रोज सुबह 9 बजे शुरू होगा और शाम 4 बजे तक खेल खत्म कर दिया जाएगा। टॉसः सुबह 8:30 बजे। पहला सत्रः 9:00 एएम से 11:00 एएम। टी-ब्रेकः 11:00 से 11:20। दूसरा सत्रः 11:20 से 1:20। लंच ब्रेकः 1:20 पीएम से 2:00 पीएम। तीसरा सत्रः 2:00 से 4:00 बजे तक।

### स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति टूर्नामेंट

## अरबाज़उद्दीन के दोहरे प्रदर्शन से मयंक अकादमी फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल



मैन ऑफ द मैच को पुरस्कृत करते अतिथि।

स्थानीय ओल्ड कैम्पियन खेल मैदान पर गुरुवार को राजगढ़ ज़िला क्रिकेट संघ और मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी के बीच खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन मयंक के 327/9 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजगढ़ की टीम मयंक के गेंदबाज़ों का सामना नहीं कर सकी और मात्र 160 पर ढेर हो गई। किंशुक श्रीवास ने 57 और अंकित दांगी ने 43 और योगेश यादव ने 22 रन बनाए। मयंक की ओर से कप्तान अरबाज़उद्दीन ने 4 शुभम शुक्ला ने 3 और शिवांश चतुर्वेदी ने दो विकेट लिए । इस प्रकार मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने मैच को 167 रनों के अंतर से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच मैं शानदार दोहरे प्रदर्शन के लिए अरबाज़उद्दीन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी रईसउल्ला खान,विजय थदानी और माधव तिवारी द्वारा प्रदान किया गया ।

### अंडर-22 इंटर क्लब/ अकादमी टूर्नामेंट

## सेंचुरियन को हराकर प्रेसिडेंट 11 ने फाइनल में किया प्रवेश


नीरज 109 रन और 1 विकेट, (प्रेसिडेंट इलेवन)

**भोपाल।** बीडीसीए द्वारा आयोजित अंडर-22 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट का दो दिवसीय सेमी फाइनल फ़ेथ मैदान पर प्रेसिडेंट इलेवन और सेंचुरियन अकादमी के मध्य चल रहें मैच के दूसरे दिन प्रेसिडेंट इलेवन ने 86 ओवर में 8 विकेट पर 333 रन बनाए, जिसमें नीरज ग्रोवर ने शानदार 109 रन की नाबाद पारी खेली । सेंचुरियन अकादमी के मोहम्मद अफ्फान ने 3 विकेट, आलिफ़ हसन और सौरव वर्मा ने 2-2 विकेट लिए । टूर्नामेंट के दो दिवसीय सेमी फाइनल मैच में प्रेसिडेंट इलेवन ने सेंचुरियन अकादमी को पहली पारी में बढ़त के आधार पर हराकर फाइनल में पहुंचा।

### एशिया कप राइजिंग स्टार्स

## भारत बनाम बांग्लादेश और पाकिस्तान-श्रीलंका के बीच आज सेमीफाइनल मुकाबला




एजेंसी ▶▶| दोहा

भारत एक और खिताब जीतने के करीब पहुंच चुका है। भारत की ए टीम ने जितेश शर्मा की कप्तानी में एशिया कप राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। इस बीच बुधवार शाम को ये भी तय हो गया कि सेमीफाइनल में पहुचंने वाली चार टीमें कौन सी हैं और किस टीम का अब किससे मुकाबला होगा।

भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में होने के कारण इनके बीच सेमीफाइनल मुकाबला नहीं होगा। हालांकि अगर दोनों ही टीमें सेफा में जीतती हैं तो फाइनल मुकाबला भारत-पाक के बीच हो सकता है। आज होने वाले दोनों सेमीफाइनल मुकाबले में भारत की भिड़ंत बांग्लादेश से और पाकिस्तान का मुकाबला श्रीलंका की टीम से होगा।

### एशिया कप राइजिंग स्टार्स में ये टीमें पहुंची सेफा में

एशिया कप 2025 राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमें भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश हैं। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप थे, लीग फेज में इनका मैच भी हुआ था। दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। ग्रुप ए में बांग्लादेश ने पहले नंबर पर फिनिश किया है, वहीं श्रीलंका की टीम दूसरे नंबर पर रही है।

### दोनों ही सेमीफाइनल मुकाबले आज

सेमीफाइनल में जहां एक ओर भारत का मैच बांग्लादेश से होगा, वहीं पाकिस्तान की टक्कर श्रीलंका से होगी। दोनों खास बात ये है कि दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन यानी आज 21 नवंबर को ही खेले जाएंगे। पहले भारत और बांग्लादेश के बीच दोपहर तीन बजे से मैच खेला जाएगा। इसके बाद शाम को आठ बजे से पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें आमने सामने होंगी।

### फाइनल में हो सकती है भारत-पाक की टक्कर

इस बीच भले ही सेमीफाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच ना हो रहा हो, लेकिन इस बात की संभावना काफी ज्यादा है कि फाइनल में इन दोनों टीमों की भिड़ंत हो जाए। इसके लिए शर्त ये है कि भारतीय टीम अपने मैच में बांग्लादेश को मात दे और पाकिस्तान टीम अपने दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका को हरा दे। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के एक और फाइनल का मंच तैयार हो जाएगा।

### एमजीपी के छात्रों का सहोदय बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन



ट्रॉफी के साथ एमजीपी के स्टूडेंट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संतनगर

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सहोदय ग्रुप द्वारा आयोजित सहोदय कप बैडमिंटन टूर्नामेंट– 2025 में द्वितीय स्थान (रनर-अप) प्राप्त किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रतिभावान खिलाड़ियों में जपेश ज्ञानचंदानी, अंशुल रामचंदानी, भरत वासवानी और नील उत्तमचंदानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि वरूण पारवानी, सौमिल चेलानी और ऋषभ अडवाणी ने चतुर्थ स्थान हासिल कर विद्यालय की उपलब्धियों में और वृद्धि की। प्राचार्य ए. एन. मणिकंडन ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और विद्यालय के समग्र खेल विकास कार्यक्रम का परिणाम है।

## एसएटीआई और जेएनसीटी ने दर्ज की जीत

### आरजीपीवी राधारमण नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राधारमण क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित राधारमण नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 (सुपर नॉकआउट) के तीसरे दिन क्रिकेट प्रेमियों को दो रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दिन के पहले मैच में सिस्टेक-आर और एस.ए.टी.आई. के बीच दिलचस्प भिड़ंत हुई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सिस्टेक-आर टीम मात्र 63 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एस.ए.टी.आई. की टीम भी 63 रन ही बना सकी, जिससे मैच रोमांचक सुपर ओवर में पहुंचा। सुपर ओवर में एस.ए.टी.आई. ने शानदार अंदाज़ में 11 रन बनाए, जिसके जवाब में सिस्टेक-आर केवल 4 रन जोड़ सकी और इस तरह एस.ए.टी.आई. ने सुपर ओवर में जीत दर्ज की। इस मुकाबले में बेहतरीन गेंदबाज़ी करते हुए सौरव सिंह ने मात्र 4 रन देकर 5 विकेट झटके और उन्हें मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।



एसटीटीआई विदिशा की टीम।

### जे.एन.सी.टी. की जिम्मेदार बल्लेबाज़ी



विजयी मुद्रा में जेएनसीटी की टीम।

दिन का दूसरा मुकाबला आरईसी और जे.एन.सी.टी. के बीच खेला गया। आरईसी कॉलेज ने 87 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जे.एन.सी.टी. ने शांत और संतुलित बल्लेबाज़ी का परिचय देते हुए बेहतर प्रदर्शन किया और आरईसी को हराकर मुकाबला अपने नाम किया।

### सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 7:50 बजे से खेला जाएगा

# एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट आज से, स्मिथ-स्टोक्स की टीम आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| पर्थ

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच प्रतिष्ठित एशेज सीरीज का पहला मैच 21 नवंबर से पर्थ क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। स्टीव स्मिथ के नेतृत्व में कंगारू टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

दूसरी तरफ बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड टीम कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 7:50 बजे से खेला जाएगा।




### इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच अब तक 361 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान कंगारू टीम को 152 मुकाबलों में जीत मिली है। इंग्लैंड ने 112 मैच अपने नाम किए हैं। दोनों टीमों के बीच 97 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच अब तक 185 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं। 99 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं और 57 में उसे हार मिली है। 29 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में जोश व कमिंस नहीं

कंगारू टीम ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। जेक वेदराल्ड और ब्रेडन डॉगेट इस मुकाबले से अपना टेस्ट डेब्यू करते हुए नजर आएंगे। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस के न होने से टीम की गेंदबाजी पर असर पड़ेगा। ऐसे में मिचेल स्टार्क को बेहतर करना होगा।

### पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), जेक वेदराल्ड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, ट्रेविस हेड, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड और ब्रेंडन डॉगेट।




### मजदूर जन-धन खाते की केवाईसी अपडेट कराने पहुंचा बैंक तो पता चली वारदात, 3 आरोपी गिरफ्तार

# 9 करोड़ 84 लाख की साइबर लूट में मृत व्यक्ति के बैंक खाते से लेन-देन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैतूल जिले में पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने एक संगठित साइबर ठगी का पर्दाफाश किया है। इस ठगी में करीब 9 करोड़ 84 लाख रुपए की हेराफेरी की गई थी। पुलिस और साइबर टीम द्वारा किए गए सूक्ष्म तकनीकी विश्लेषण, खातों की ट्रैकिंग, डिजिटल फॉरेंसिक तथा सतत मॉनिटरिंग ने इस ठगी नेटवर्क को उजागर करने में निभाई हैं। खेड़ी सावलीगढ़ निवासी मजदूर बिसराम इवने जब अपने जन-धन खाते की केवाईसी अपडेट कराने बैंक पहुंचे तो उन्हें खाते में करोड़ों के संदिग्ध लेन-देन का पता चला। बिसराम इवने ने अपने जन-धन खाते में करोड़ों रुपए के संदिग्ध लेन-देन की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी के निर्देशन में साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की टीम को जांच में लगाया गया।



#### 1 करोड़ 50 लाख रुपए का अवैध ट्रांज़ैक्शन किया गया

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि जून 2025 से अब तक उसके खाते से लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपये का अवैध ट्रांज़ैक्शन किया गया था। जांच में संगठित साइबर लूट का पर्दाफाश हुआ जिसमें पुलिस ने पाया कि एक ही बैंक के 7 अलग-अलग व्यक्तियों के बैंक खातों को निशाना बनाते हुए गिरोह द्वारा 9 करोड़ 84 लाख 95 हजार 212 रुपए की हेराफेरी की गई।

#### गैंग ने मृत्यु व्यक्तियों के दस्तावेजों का किया इस्तेमाल

सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह रहा कि गिरोह ने मृत व्यक्ति राजेश बर्डे के बैंक खाते खाते का भी इस्तेमाल किया। उसका मोबाइल नंबर बदला, एटीएमकार्ड जारी कराया, इंटरनेट बैंकिंग सक्रिय की और ओटीपी पर पूरा नियंत्रण हासिल किया। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि यह पूरा नेटवर्क बैंक के एक अस्थायी कर्मचारी की मिलीभगत से संचालित हो रहा था, जिसने खातों की गोपनीय जानकारी, दस्तावेजों में फेरबदल और एटीएम/पासबुक जारी कराने में गिरोह की मदद की। इसी सहयोग की वजह से अपराधियों को खातों तक आसानी से पहुँच मिली और करोड़ों की हेराफेरी अंजाम दी गई।

#### एटीएम सहित बैंक से जुड़ी हुई पासबुक भी बरामद

सूचनाओं और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर बैतूल पुलिस ने इंदौर शहर के दो स्थानों पर दबिश देकर राजा उर्फ आयुष चौहान, अंकित राजपूत और नरेंद्र सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर आरोपियों से 15 मोबाइल फोन (25 सिम सहित), 21 एटीएम कार्ड, 28 हजार रूपए नकद (काले बैग में), 11 बैंक पासबुक, 7 चेकबुक, 2 पीओएस मशीन, 69 एटीएम जमा रसीदें (21 लाख जमा), 48 हजार रूपए की जमा पर्ची, 2 लैपटॉप, 1 एक्सट्रीम केबल , 4 रजिस्टर व डायरी (रिकॉर्ड) और अन्य सामग्री जब्त की। इस कार्रवाई में संबंधित थाना प्रभारी, साइबर सेल तथा पुलिस टीमों ने सतर्कता, तकनीकी दक्षता और त्वरित कार्रवाई का परिचय दिया है।

### वीर सावरकर सेतु ब्रिज के नीचे घटना

## सब्जी खरीद रहे बैंककर्मी की गले से चेन झपटकर भागे बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित वीरसावर सेतु की शुरुआत में साकेत नगर और एम्स जाने वाली सड़क पर सब्जी खरीद रहे निजी बैंक के कर्मचारी से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन झपट ली। घटना बुधवार रात करीब 9 बजे के आसपास की है।

पुलिस ने बाइक सवार झपटमारों पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। दोनों ही झपटमार मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे। पुलिस एम्स की तरफ जाने वाली सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार वरुण जैन पिता नेरश जैन (39) साकेत नगर में रहते हैं और प्राइवेट बैंक में नौकरी करते हैं।

उन्होंने पुलिस को बताया कि वह बाइक वीर सावरकर सेतु ब्रिज की शुरुआत में साकेत नगर की तरफ सब्जी खरीदने के लिए गए थे। वे सब्जी खरीद रहे थे, तभी रात करीब 9 बजे के आसपास एक बदमाश ने उनके गले से चेन झपट ली। वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही बदमाश ने दौड़ लगा दी और कुछ दूरी पर बाइक स्टार्ट कर खड़े अपने साथी के साथ बैठकर एम्स की तरफ भाग निकला। वरुण का कहना है कि सबकुछ इतनी जल्दी में हुआ कि वह बाइक का नंबर नहीं देख सके। उन्होंने पुलिस को बताया कि बाइक सवार बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे।

### खबर संक्षेप

#### सीएम हेल्पलाइन में योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग प्रथम

**भोपाल।** सीएम हेल्पलाइन में जन शिकायतों का समाधान करने में योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग ने पहला स्थान प्राप्त किया है। विभाग ने ग्रेड ए पाकर 93.2 प्रतिशत स्कोर किया है, जबकि ऊर्जा विभाग ने 90.26% के साथ दूसरे स्थान पर एवं नगरीय विकास एवं आवास विभाग 89.35 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान पर है। योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग को 1869 शिकायतें मिली। जिसमें संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का प्रतिशत 54.64% रहा और 50 दिन से अधिक शिकायतों का प्रतिशत 8.68 प्रतिशत और गुणवत्ता से बंद शिकायतों का प्रतिशत 10 रहा। नोट अटेंडेंट शिकायतों का प्रतिशत 9.88 रहा।

#### विद्यार्थियों में विवाद, मॉडल स्कूल में 8 छात्रों को परीक्षा से रोका

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा टीटी नगर में संचालित मॉडल स्कूल में 12वीं के 8 छात्रों को प्राचार्य द्वारा परीक्षा से रोकने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि छात्रों को 22 नवंबर से शुरू होने वाली अर्धवार्षिक परीक्षा में शामिल होने से भी मना किया गया है। जानकारी अनुसार मॉडल स्कूल परिसर के बाहर स्कूल के कुछ छात्रों का झगड़ा हो गया था। यह मामला थाने तक भी पहुंचा। बाद में मामले में समझौता हो गया था। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार का कहना है कि छात्रों को परीक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता। इस संबंध में प्राचार्य रेखा शर्मा से बात की जाएगी।

#### पशुपालन विभाग की जमीन पर कब्जेदारों ने पेश नहीं किए दस्तावेज

**भोपाल।** हथाईखेड़ा व कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के आसपास स्थित पशुपालन विभाग की 99 एकड़ जमीन में से करीब छह एकड़ जमीन पर 40 लोगों के कब्जे सामने आए थे। इसके लिए गोविंदपुरा तहसील न्यायालय ने सभी को नोटिस जारी कर तलब किया था। ऐसे में पिछले दो महीने से समय-समय पर हुईं पेशियों के दौरान करीब 20 कब्जेधारी अपना पक्ष रख चुके हैं, जबकि 20 अब भी अपना पक्ष नहीं रख सके हैं। इस बार 19 नवंबर को पेशी रखी गई थी, जिसमें लोग तो पहुंचे, लेकिन एसआइआर के काम में व्यस्तता होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी है। अब सुनवाई के लिए दो दिसंबर को पेशी रखी गई है। पेशियों की तारीख बढ़ाने से पशुपालन विभाग की जमीन का मामला सुनवाई में उलझता हुआ नजर आ रहा है।

### विद्या नगर में 92 करोड़ और आरिफ नगर में 40 करोड़ से बन रहे हैं इंटर स्टेट बस टर्मिनल

# शहर में 6 साल बाद भी बनकर तैयार नहीं हुए विद्या नगर और आरिफ नगर में बस टर्मिनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के बढ़ते दायरे और ट्रैफिक दबाव को देखते हुए आईएसबीटी के अलावा दो नए बस टर्मिनल तैयार करने की कार्य योजना नगर निगम ने छह साल पहले बनाई थी, लेकिन निर्माण कार्य अब तक पूरे नहीं हो पाए। विद्यानगर और आरिफ नगर में बन रहे इन दोनों बस टर्मिनलों का निर्माण लंबे समय से अधर में लटका है।

होशंगाबाद रोड स्थित विद्यानगर में 2022 में 92 करोड़ रुपये की लागत से बस टर्मिनल का निर्माण शुरू हुआ था। पांच एकड़ भूमि पर बहुमंजिला पक्का ढांचा तो बन गया है, लेकिन निर्माण की गति बेहद धीमी है। अभी तक केवल 50 प्रतिशत काम ही पूरा हो पाया है।

यहां बस स्टैंड के साथ कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और रेस्टोरेंट भी प्रस्तावित हैं। इसके तैयार हो जाने पर होशंगाबाद रोड और कोलार क्षेत्र की सैकड़ों कॉलोनियों के लोगों को आईएसबीटी जैसी सुविधा मिल सकेगी। शहर के विभिन्न क्षेत्रों तक आवाजाही भी आसान होगी।



#### बस टर्मिनल-भवन तैयार, सुविधाएं अधूरी

आरिफ नगर में 2019 में 40 करोड़ की लागत से काम शुरू हुआ था। यहां भवन लगभग तैयार हैं, लेकिन वेटिंग रूम, टिकट काउंटर, प्लेटफॉर्म और फिनिशिंग कार्य अभी बाकी है। इस टर्मिनल में 150 बसों की पार्किंग क्षमता और 150 यात्रियों के लिए वेटिंग हॉल प्रस्तावित है। लेकिन बुनियादी सुविधाएँ अधूरी होने से इसे शुरू नहीं किया जा सका है।

#### नादरा और पुतलीघर बस स्टैंड होंगे शिफ्ट

पुराने शहर के नादरा बस स्टैंड और पुतलीघर बस स्टैंड को नए आरिफ नगर टर्मिनल में शिफ्ट किया जाएगा। दोनों बस स्टैंड इस समय अव्यवस्था और बदहाली के बीच संचालित हो रहे हैं।

#### 245 बसें चल रहीं अव्यवस्थाओं के बीच

नादरा बस स्टैंड से रोजाना लगभग 160 बसें विभिन्न रूटों पर चलती हैं। यहां से इंदौर, सागर, जबलपुर, विदिशा, सांची, सलामतपुर, सिलवानी सहित कई रूटों पर करीब 5000 यात्री प्रतिदिन आवाजाही करते हैं। पुतलीघर बस स्टैंड से 80-85 बसें बैरसिया, शमशाबाद, सीरोंज, नरसिंहगढ़, पचौर, जीरापुर आदि रूटों पर संचालित होती हैं, जहां से करीब 3000 यात्री हर दिन सफर करते हैं। दोनों ही बस स्टैंड जर्जर स्थिति में हैं और बुनियादी सुविधाएं न होने के बावजूद बस संचालन जारी है।

### झीलों के लिए हुए खर्च का लेखा-जोखा मांगा

## सिविल कामों के टेंडर में खामी को लेकर सिविल इंजीनियर को आयुक्त ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में गुरुवार को विभिन्न विभागों की टीएल बैठक में निगम आयुक्त ने एक सिविल इंजीनियर को जमकर फटकार लगाई। मामला एक झील पर होने वाले सिविल कामों के टेंडर में कुछ खामी का बताया जा रहा है। इसे लेकर निगम आयुक्त नाराज हो गईं। उन्होंने इंजीनियरों से पार्कों और झीलों में किए गए खर्चों का लेखाजोखा मांगा और गैर जरूरी खर्च रोकने की बात कही। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे कामों व राजस्व वसूली की स्थिति की जानकारी भी ली। सूत्रों का कहना है कि निगम आयुक्त ने इंजीनियरों से अपने-अपने क्षेत्रों में पार्कों और झीलों में किए गए कामों की जानकारी तलब की है। इस संबंध में निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि योजना और रेवेन्यू को लेकर बैठक हुई, लेकिन कोई अहम निर्णय नहीं हुआ।

- टीएल की बैठक में इंजीनियरों से कहा- गैर जरूरी खर्च रोकें, योजना, रेवेन्यू के कामों की जानकारी ली

## राधारमण सक्सेना की पुण्य स्मृति में राधारमण ग्रुप में रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वर्गीय राधारमण सक्सेना (संस्थापक राधारमण समूह) की पुण्य स्मृति में राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सभी संस्थानों द्वारा भावपूर्ण रक्तदान शिविर का आयोजन राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल में किया गया।

यह शिविर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा भोपाल एवं एचडीएफसी बैंक, शक्ति नगर शाखा के संयुक्त सहयोग से आयोजित हुआ। स्वर्गीय राधारमण सक्सेना के जीवन मूल्यों, सर्वजन कल्याण, सेवा और मानवताको नमन करते हुए इस पावन कार्यक्रम का शुभारंभ आरजीआई समूह के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल दान नहीं, जीवन देने वाला अनमोल उपहार है। जब हम किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाते हैं, तभी मानवता का सच्चा धर्म पूरा होता है। हर व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान कर समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। रक्तदान शिविर में राधारमण समूह के स्टाफ, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। रक्त इकट्ठा कर रेड क्रॉस सोसाइटी को दिया गया।

### स्कूल शिक्षा मंत्री की पाठ्यक्रम समिति से हुई चर्चा

## प्रदेश के स्कूलों में पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रम पर हों निरंतर रिसर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने प्रदेश के स्कूलों में पढ़ाये जा रहे पाठ्यक्रम पर निरंतर शोध करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में प्रदेश की संस्कृति, विरासत, आंचलिक विशेषताओं और जनजातीय गौरव जैसे विषयों को शामिल किए जाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इस प्रक्रिया से बच्चों को मध्यप्रदेश की विशेषताओं को समझने का मौका मिलेगा। स्कूल शिक्षा मंत्री बुधवार को मंत्रालय में पाठ्यक्रम समिति के सदस्यों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में और वृद्धि के लिये शिक्षकों को लगातार प्रशिक्षण दिए जाने पर भी जोर दिया। पाठ्यक्रम समिति के सदस्यों ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के सुझाव दिये। बैठक में तय हुआ कि राज्य शिक्षा केन्द्र की लाइब्रेरी में अनुसंधान से जुड़ी पुस्तकों के संग्रह का विस्तार किया जाये। एनसीईआरटी के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उनके भी सुझाव लिए जाएं।

### प्रत्येक नगरीय निकाय अपने क्षेत्रों में आवारा

# वेक्सीनेशन के बाद स्ट्रीट डॉग को उसी क्षेत्र में न छोड़े, चिन्हित स्थान पर ही भोजन दें, नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्ट्रीट डॉग को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेश आने के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स और मुख्य नगर पालिकाओं के अधिकारियों को एडवाइजरी जारी की है। जिसमें कहा गया है कि सभी नगरीय निकाय अपनी सीमा क्षेत्र में स्थित सभी सरकारी-निजी शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मेडिकल कॉलेज, खेल स्टेडियम या कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड-डिपो, रेलवे स्टेशन को पांच दिन में चिन्हित करें। इसी तरह स्ट्रीट डॉग को हटाने का उत्तरदायित्व संबंधित नगरीय निकाय का होगा और संबंधित श्वान की पशु जन्म नियंत्रण नियम-2023 के अनुसार नसबंदी एवं वेक्सीनेशन के बाद ऐसे श्वान को उसी क्षेत्र में नहीं छोडा जाएगा व ऐसे श्वानों को चिन्हित आश्रय स्थल में भेजा जाएगा। इसके लिए जरूरी संख्या में श्वानों के लिए आश्रय ग्रह का निर्माण भी नगरीय निकाय द्वारा स्वयं व निजी व्यक्तियों, संस्थाओं, और गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए 300 पशुओं के आश्रय स्थल के लिए 27 लाख रुपए व 200 पशुओं के आश्रय स्थल के लिए 15 लाख रुपए की सहायता राशि एडब्ल्यूबीआई द्वारा प्रदान की जा सकती है।

- एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया देगा 300 पशुओं के आश्रय स्थल के लिए 27 लाख और 200 पशुओं के



#### तीन माह में एक बार निरीक्षण करेंगे अधिकारी

सभी नगरीय निकाय ऐसे संस्थानों का प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक बार निरीक्षण करेंगे ताकि यह तय किया जा सके कि स्ट्रीट डॉग इन क्षेत्रों के आसपास न हो। इसी तरह बस स्टैंड, डिपो, इंटर स्टेट बस टर्मिनल का प्रबंधन करने वाले नगरीय निकाय परिसर को इस प्रकार से सुरक्षित करेंगे कि उसमें स्ट्रीट डॉग प्रवेश न कर सके।

#### चिन्हित जगह से अलग भोजन देने पर होगी कार्रवाई

नगरीय निकाय स्ट्रीट डॉग को भोजन देने के लिए जगह चिन्हित करेंगे। उन स्थलों के अलावा रोटी, बिस्कट व अन्य खादय पदार्थ देता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930